जबलपुर
मंगलवार, 5 अगस्त 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष-12
वर्ष : 20, अंक : 97
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 29
न्यून. 24

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## रजिस्ट्री, साल्वेंसी से लेकर सभी दस्तावेज फर्जी

# विधायक आरिफ मसूद के कॉलेज के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर



**दस्तावेजों को टेंपर्ड करके हेरा-फेरी की गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद के कॉलेज (इंदिरा प्रियदर्शिनी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट) के खिलाफ उच्च शिक्षा विभाग फर्जी साल्वेंसी व फर्जी रजिस्ट्री के मामले में एफआईआर दर्ज कराएगी। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के एक प्रश्न के जवाब में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि कॉलेज की ओर से फर्जी रजिस्ट्री व साल्वेंसी लगा कर मान्यता ली गई थी।

### फर्जी कॉलेज को संरक्षण उचित नहीं

*संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि उच्च शिक्षा देने के लिए कॉलेज चला रहे हैं, पर कॉलेज का दस्तावेज ही फर्जी हैं। इसके बाद भी कांग्रेस के सदस्य संरक्षण दे रहे हैं। इससे से उनकी सदस्यता भी जा सकती है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि उन्होंने मंत्री से बोला है कि अंतिम प्रतिवेदन दिया जाए, वे दे देंगे। विजयवर्गीय ने कहा कि फर्जी होने के बाद भी संरक्षण उचित नहीं है।*

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का आरोप है कि 3 लाख आदिवासियों के वनाधिकार पट्टे निरस्त किए गए, उनको बेदखल भी किया गया सीएम डॉ. यादव ने दिया इसका जवाब

# बारिश के समय में किसी भी 'जनजातीय' भाई बहन को मकान से बेदखल नहीं किया जाएगा

**सीएम ने कहा- जनजातीय समुदाय और वनवासी क्षेत्रों में रहने वालों को कोई कठिनाई नहीं आने देंगे**

**विपक्ष संयुक्त रूप से बैठकर सुझाव देना चाहे तो वे दलगत भावना से ऊपर उठकर काम करने के लिए तैयार**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा में अपने जवाब में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। हम जनजातीय समुदाय और वनवासी क्षेत्रों में रहने वालों को कोई कठिनाई नहीं आने देंगे। उनके लिए धरती आबा योजना और प्रधानमंत्री जन-मन योजना के तहत कार्य हो रहे हैं। प्रदेश सरकार ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है।



### वनवासियों की परंपराओं को सम्मान प्रदान किया जा रहा

मुख्यमंत्री ने मीडिया को बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश के जनजातीय अंचलों में देवस्थान पुजारियों का मुख्यमंत्री निवास में सम्मेलन आयोजित किया था। सरकार की ओर से वनवासियों की परंपराओं को सम्मान प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में भगोरिया को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के साथ ही सभी त्यौहारों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जनजातीय वर्ग के कलाकारों को पारंपरिक कलाओं एवं वाद्य यंत्रों के उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि झाबुआ जैसे जनजातीय बहुल जिले में पंचायत स्तर पर समाज के लोगों ने शादियों में डीजे के उपयोग को स्वयं प्रतिबंधित कर दिया है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ


## खबर संक्षेप

### हत्या के आरोपी का अवैध निर्माण तोड़ा



**बुरहानपुर।** नावरा निवासी भाग्यश्री धानुक की लव जिहाद में गला रेत कर हत्या करने वाले आरोपी शेख रईस के अवैध निर्माण पर सोमवार दोपहर प्रशासन का बुलडोजर चला। एसडीएम भागीरथ वाखला, थाना प्रभारी ज्ञानू जायसवाल, नगर पालिका के अधिकारी और नेपा मिल के संपदा विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से दोपहर तीन बजे पुलिस बल के साथ पहुंचे थे। बुलडोजरों के माध्यम से रेलवे ओवरब्रिज के पास किए गए अतिक्रमण और अवैध रूप से बनाए गए टीनशेड को ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा मकान में किया गया अवैध निर्माण को तोड़ा गया।

### महिला सांसद के गले से सोने की चेन खींची



**नई दिल्ली।** सोमवार सुबह दिल्ली के चाणक्यपुरी से चेन स्नैचिंग की घटना सामने आई। हैरानी की बात है कि चेन स्नैचिंग की ये वारदात संसद भवन से कुछ ही दूरी पर एक महिला सांसद आर सुधा के साथ हुई। दरअसल, तमिलनाडु के मयीलाडूतुरै की कांग्रेस सांसद एम सुधा एक साल से तमिलनाडु भवन में रहती हैं। सोमवार सुबह 6 बजे वह मॉर्निंग वॉक के लिए निकलीं थी, इसी दौरान सड़क पर बाइक सवार बदमाश ने उनकी सोने का चेन गले से खींची और फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुटी है।

## कड़ी फटकार : चीनी कब्जे वाले पुराने विवादित बयान पर राहुल गांधी से सुप्रीम कोर्ट का सवाल

# सच्चे भारतीय होते तो ऐसा नहीं कहते, आपको पता कैसे चला ?



*कोर्ट ने राहुल गांधी से पूछा कि उन्हें कैसे पता चला कि 2000 वर्ग किलोमीटर भूमि पर चीन ने कब्जा कर लिया है? क्या आप वहां थे? क्या आपके पास कोई विश्वसनीय सामग्री है?*

**कोर्ट ने कहा-आप विपक्ष के नेता हैं, संसद में अपनी बात कहें, सोशल मीडिया पर नहीं**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना पर टिप्पणी करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि अगर आप सच्चे भारतीय हैं तो आप ऐसी बातें नहीं कहेंगे। कोर्ट ने राहुल गांधी से पूछा कि उन्हें कैसे पता चला कि 2000 वर्ग किलोमीटर भूमि पर चीन ने कब्जा कर लिया है? क्या आप वहां थे? क्या आपके पास कोई विश्वसनीय सामग्री है? सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को ऐसे बयान देने से बचने की नसीहत देते हुए कहा कि आप विपक्ष के नेता हैं, संसद में अपनी बात कहें, सोशल मीडिया पर नहीं। गौर हो कि सेना पर टिप्पणी करने के इस मामले में समन के खिलाफ राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।

**लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की लगभग ढाई साल पुरानी (9 दिसंबर 2022) टिप्पणी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी प्रकट की**



**और क्या कहा कोर्ट ने?**

**राहुल गांधी के पास एक उचित मंच मौजूद था**

जब सीमा पार संघर्ष होता है, तो क्या दोनों पक्षों में हताहत होना असामान्य है?न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि एक जिम्मेदार विपक्ष नेता होने के नाते राहुल गांधी को ऐसा नहीं करना चाहिए था क्योंकि ऐसे सवाल उठाने के लिए एक उचित मंच मौजूद था। इस बात से सहमत होते हुए कि राहुल गांधी बेहतर तरीके से टिप्पणी कर सकते थे।

### राहुल गांधी को अदालत ने दी राहत

सुप्रीम कोर्ट ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में राहुल गांधी के खिलाफ एक जिले की अदालत में चल रही कार्यवाही पर रोक भी लगा दी। बता दें कि इस मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 29 मई को राहुल गांधी की याचिका खारिज कर दी थी। फिर राहुल गांधी ने समन आदेश और शिकायत को यह कहते हुए चुनौती दी थी कि यह दुर्भावना से प्रेरित और दर्ज की गई थी।

### भाजपा बोली-राहुल की भारत विरोधी मानसिकता उजागर हुई



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि अदालत ने राहुल गांधी को निराधार दावे के लिए कड़ी फटकार लगाई है। राहुल का ऐसा बयान देश के लिए बेहद नुकसानदेह है और इससे हमारी सेनाओं का मनोबल भी गिरता है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि जब हमारी सेना ने बहादुरी दिखाई और चीनी सेना को पीछे धकेला, तो राहुल गांधी ने कहा कि चीनी सेना ने अरुणाचल प्रदेश में 2000 वर्ग किलोमीटर भारतीय षेत्र पर कब्जा कर लिया(

**राहुल के वकील सिंघवी ने कहा**

### *अगर विपक्ष के नेता मुद्दे नहीं उठा सकते, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति*

*इस दौरान राहुल गांधी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि अगर विपक्ष के नेता मुद्दे नहीं उठा सकते, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति होगी। अभिषेक सिंघवी ने कहा कि अगर वह प्रेस में छपी ये बातें नहीं कह सकते, तो वह विपक्ष के नेता नहीं हो सकते। पीठ की सच्चे भारतीय टिप्पणी पर अभिषेक सिंघवी ने जवाब दिया कि यह भी संभव है कि एक सच्चा भारतीय कहे कि हमारे 20 भारतीय सैनिकों को पीटा गया और मार डाला गया। यह भी चिंता का विषय है। राहुल गांधी केवल उचित जानकारी देने और सूचना के दमन पर चिंता जताने की बात कर रहे थे। अभिषेक सिंघवी ने कहा कि शिकायत याचिकाकर्ता को परेशान करने के प्रयास के अलावा और कुछ नहीं है।*

**उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले यह बैठक राजनीतिक दृष्टि से अहम**

## आज एनडीए के संसदीय दल की बैठक में सांसदों को संबोधित करेंगे पीएम मोदी

**सुबह 9.30 बजे होगी बैठक**



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को सुबह 9.30 बजे भाजपा गठबंधन दल एनडीए के सांसदों की संसदीय बैठक को संबोधित करेंगे।

यह बैठक लंबे समय के बाद हो रही है, जिसमें एनडीए के सभी सांसद शामिल होंगे। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन सात अगस्त से शुरू होने वाला है।

### प्रधानमंत्री का हो सकता है सम्मान

*बैठक में प्रधानमंत्री मोदी को ऑपरेशन सिंदूर में सेना की सफलता और आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई को लेकर सम्मानित भी किया जा सकता है। एनडीए की यह बैठक पहले केवल भाजपा सांसदों के लिए होती थी, लेकिन 2024 लोकसभा चुनाव के बाद इसे सभी सहयोगी दलों के सांसदों तक बढ़ा दिया गया है।*

## सावन के चौथे सोमवार पर निकली सवारी

# नंदी रथ पर श्री उमा-महेश स्वरूप में निकले महाकाल

**सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने दी सलामी, दो लाख से ज्यादा भक्त पहुंचे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन



सावन माह के चौथे सोमवार पर उज्जैन में भगवान महाकाल की सवारी निकाली गई।

मंदिर के सभा मंडप में भगवान की पालकी का पूजन किया गया। मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने पालकी में विराजित भगवान को सलामी दी। पालकी में श्री महाकालेश्वर श्री चंद्रमोलेश्वर स्वरूप में, गजराज पर श्री मनमहेश रूप, गरुड रथ पर श्री शिव तांडव प्रतिमा, नंदी रथ पर श्री उमा-महेश जी स्वरूप में दर्शन देने निकले।

## गोयनका ब्रदर्स व सहयोगियों पर शिकंजा

# कोलकाता पुलिस की कोतमा में छापेमारी

**हरिभूमि ▶▶ अनूपपुर।** पश्चिम बंगाल थाना हरे स्ट्रीट पुलिस ने सोमवार को अनूपपुर जिले के कोतमा में दबिश दी है। दरअसल यह छापेमारी कोलकाता पुलिस द्वारा कोतमा में महेन्द्र गोयनका, मनीष गोयनका, सुनील कुमार अग्रवाल और अन्य पर जालसाजी व आपराधिक साजिश का आरोप के तहत की गई है।धोखाधड़ी कर कटनी/जबलपुर की कंपनी में कब्जा के षड्यंत्र वाले महेंद्र गोयंका उसके मनीष गोयनका सहित सुनील अग्रवाल और सम्मति जैन के खिलाफ कोलकत्ता में दर्ज धोखाधड़ी के प्रकरण में कोलकत्ता पुलिस ने अनूपपुर जिले के कोतमा में छापा मारा सभी आरोपी पुलिस की भनक लगते भाग गए। उल्लेखनीय है कि जिस मोटरसाइकिल शोरूम में यह कार्रवाई की



गई वह महेंद्र गोयनका का है। जानकारी के मुताबिक कोलकाता में दर्ज एक प्राथमिकी के तहत कोलकाता पुलिस की टीम कोतमा पहुंची। यह पूरा मामला महेन्द्र गोयनका, उसके भाई मनीष गोयनका, सुनील कुमार अग्रवाल और अन्य सहयोगियों के खिलाफ है। आरोप है कि इन सभी ने फर्जी दस्तावेज़ तैयार कर एक कंपनी पर अवैध कब्ज़ा करने की साजिश रची। इस आरोप के तहत प्रकरण भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी), 467 (मूल्यवान सुरक्षा का जालसाजी), 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी) और 120B (आपराधिक साजिश) के तहत दर्ज किया गया है। जांच और साक्ष्य की जब्ती के लिए कोलकाता पुलिस ने कोतमा स्थित हीरो शोरूम और अन्य संबंधित स्थानों पर छापेमारी की। हालांकि, सभी मुख्य आरोपी पुलिस के पहुंचने से पहले ही फरार हो गए। पश्चिम बंगाल पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है, और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जबलपुर: इंडिगो फ्लाइट में टली अनहोनी

# लैंडिंग करते ही टायर पंक्चर फ्लाइट को रद्द करना पड़ा

**जबलपुर से मुंबई जा रहा था विमान, दिल्ली से बुलाई टीम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर



डुमना एयरपोर्ट पर सोमवार को करीब 11.30 बजे इंडिगो का एयरबस का विमान का टायर क्षतिग्रस्त हो गया। ये हादसा तब हुआ जब एयरबस यात्रियों को उतारने के बाद एप्रान में पार्क करने के लिए ले जाया जा रहा था। गनीमत है कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। विमान की मरम्मत के लिए दिल्ली से टेक्निकल टीम को बुलाया गया है। इंडिगो ने कहा है विमान में टेक्निकल खराबी आई है जिसे सुधार किया जा रहा है। सुधार के बाद इसी विमान को मुंबई के लिए रवाना किया जाएगा।

## सैटेलाइट-आधारित टोलिंग सिस्टम

# समिति ने की सिफारिश, सुरक्षा गोपनीयता पर और विचार करें

**सरकार ने इसके लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल भी आमंत्रित किया**



**एजेंसी:नई दिल्ली।** देशभर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर सैटेलाइट-आधारित टोल कलेक्शन सिस्टम लागू करने को लेकर बनी एक उच्च स्तरीय समिति ने इस तकनीक से जुड़ी सुरक्षा और गोपनीयता के मुद्दों पर और गहन चर्चा की सिफारिश की है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में जानकारी दी कि सरकार ने फिलहाल एएनपीआर (ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन) तकनीक पर आधारित फास्टैग सिस्टम, यानी एएफएस को कॉरिडोर या कुछ खास हिस्सों पर लागू करने का निर्णय लिया है। अभी तक देश के किसी भी नेशनल हाईवे पर सैटेलाइट-आधारित यूजर फीस कलेक्शन सिस्टम चालू नहीं है। हालांकि, सरकार इस तकनीक को लागू करने की योजना पर काम कर रही है।

## अंग्रेजों के जबड़े से छीन ली जीत, ओवल टेस्ट छह रन से जीता, सिराज को मिले पांच विकेट

एजेंसी ▶▶ लंदन

वाह टेस्ट क्रिकेट, वाह टीम इंडिया... क्या जबरदस्त मैच रहा। क्या शानदार तरह से जीता। भारतीय टीम के लिए मैच में जीत के हीरो मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा रहे, जिन्होंने क्रमशः 5 और 4 विकेट झटककर भारतीय टीम की झोली में जीत डाल दी। भारत ने द ओवल टेस्ट के आखिरी दिन 4 विकेट लेकर 6 रन से मैच जीत लिया। इसी के साथ टीम ने 5 मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी भी 2-2 से बराबर करा ली। मोहम्मद सिराज ने दूसरी पारी में 5 विकेट लेकर मैच पलटा और टीम को रोमांचक जीत दिलाई। सोमवार को मुकाबले के आखिरी दिन इंग्लैंड को 35 रन बनाने थे और 4 विकेट बाकी थे। मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट लेकर जीत भारत की झोली में डाल दी। मोहम्मद सिराज प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। हैरी ब्रूक प्लेयर ऑफ द सीरीज बने।

टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब भारत ने विदेशी धरती पर पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला जीता है। इससे पहले भारत ने विदेशी धरती पर पांच टेस्ट मैचों की 16 सीरीज खेली थीं।

## झारखंड की संघर्ष परंपरा के वटवृक्ष रहे दिशोम गुरु शिबू सोरेन का निधन, बांग्लादेश की 'मुक्ति' से गढ़ा झारखंड का इतिहास

तीन दिन का राजकीय शोक झारखंड में आज दोपहर तीन बजे मुखाग्नि दी जाएगी



पीएम मोदी सर गंगाराम पहुंचे, दी श्रद्धांजलि, पीएम के गले मिलकर सीएम हेमंत सोरेन रो पड़े

# गुरुजी ने 'उलगुलान' की वो आवाज बुलंद की थी जिसे धरती आबा (पृथ्वी के पिता) बिरसा मुंडा ने हुंकार दी थी

धनकटनी प्रथा से गुरुजी ने एक नई लकीर खींची, इसमें आदिवासी लड़के महाजनों की खड़ी धान की फसल काट लेते थे, युवा तीर-कमान लेकर उसकी रक्षा करते

एजेंसी ▶▶ रांची/नई दिल्ली

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक दिशोम गुरु (पथ प्रदर्शक) शिबू सोरेन (80) का सोमवार को निधन हो गया। यह जानकारी उनके बेटे और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खुद एक्स पर पोस्ट कर साझा की। उन्होंने लिखा कि दिशोम गुरुजी हम सभी को छोड़कर चले गए हैं।



### पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा में अंतिम संस्कार

*सोमवार को उनका पार्थिव शरीर सबसे पहले रांची के मोरहाबादी स्थित आवास पर लाया गया। मंगलवार सुबह झामुमो के पार्टी कार्यालय में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। इसके बाद पार्थिव शरीर को झारखंड विधानसभा ले जाया जाएगा, जहां जनप्रतिनिधि और अधिकारी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।*

### शिबू सोरेन खालिस बागी आदिवासी थे

तब सूदखोरी, महाजनी प्रथा से आदिवासी त्रस्त थे। ऐसी घड़ी में शिबू सोरेन ने उलगुलान (उलगुलान जनजातीय भाषा और संस्कृति का एक शब्द है। इतिहास में इसका इस्तेमाल आदिवासी अस्मिता एवं जल, जंगल, जमीन पर होने वाले हमलों के खिलाफ विद्रोह के लिए किया जाता रहा है) की आवाज बुलंद की और आदिवासियों के नायक बन गए। फिर धनकटनी प्रथा से शुरू हुआ गुरुजी का आंदोलन झारखंड के अलग राजनीतिक वजूद के सवाल पर आ गया।

# सुप्रीम कोर्ट का सवाल कहा- भगवान सबके हैं, आप क्यों चाहते हैं फंड आपकी पॉकेट में जाए?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर के प्रबंधन और उसके आस-पास के क्षेत्र के विकास पर निगरानी के लिए सुप्रीम कोर्ट ने सेवानिवृत्त हाई कोर्ट जज की अध्यक्षता में कमेटी बनाने का संकेत दिया है। सुनवाई मंगलवार की सुबह 10:30 तक के लिए स्थगित कर दी गई है। मंदिर मैनेजमेंट कमेटी ने मंदिर के प्रबंधन को लेकर राज्य सरकार के अध्यादेश का विरोध करते हुए याचिका दाखिल की है। कमेटी ने 15 मई को आए सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का भी विरोध किया है जिसमें राज्य सरकार को बांके बिहारी कॉरिडोर बनाने के लिए मंदिर के फंड के इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई थी। शुरूआत में जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की बेंच ने मंदिर कमेटी से तीखे सवाल किए। कोर्ट ने कहा, मंदिर निजी हो सकता है, लेकिन देवता सबके हैं। वहां लाखों श्रद्धालु आते हैं।



**मंदिर तक कॉरिडोर बनाना चाहती है सरकार**

**आज मंगलवार को फिर होगी मामले की सुनवाई**

### बांके बिहारी मंदिर का प्रबंधन रिटायर्ड जज को सौंपने का सुप्रीम कोर्ट ने दिया संकेत

### फंड का उपयोग मंदिर के लिए ही होगा

मंदिर का फंड श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा से जुड़े विकास में क्यों नहीं इस्तेमाल हो सकता? आप क्यों चाहते हैं कि सारा फंड आपके पॉकेट में ही जाए? सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता को राज्य सरकार के कानून को हाई कोर्ट में चुनौती देनी चाहिए। यूपी सरकार की तरफ से सीनियर एडवोकेट नवीन पाहवाश पेश हुए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि सरकार यमुना तट से मंदिर तक कॉरिडोर बनाना चाहती है जिससे श्रद्धालुओं को सुविधाएं मिलें और मंदिर क्षेत्र को बेहतर ढंग से संरक्षित किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि मंदिर के फंड का उपयोग सिर्फ मंदिर से जुड़ी गतिविधियों में ही होगा। कोर्ट ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि मंदिर का पैसा आपकी जेब में क्यों जाए? सरकार इसका उपयोग मंदिर विकास के लिए क्यों नहीं कर सकती।

**भगवान निजी नहीं हो सकते**

कोर्ट ने याचिकाकर्ता से सवाल किया कि आप किसी धार्मिक स्थल को पूरी तरह निजी कैसे कह सकते हैं, वो भी तब जब वहां लाखों श्रद्धालु आते हैं? प्रबंधन निजी हो सकता है, लेकिन कोई देवता निजी नहीं हो सकते। जस्टिस सूर्यकांत ने यह भी कहा कि मंदिर की आय सिर्फ प्रबंधन के लिए नहीं, बल्कि मंदिर और श्रद्धालुओं के विकास के लिए भी होनी चाहिए।

### प्रबंधन को लेकर दो गुटों में विवाद

याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ वकील श्याम दीवान ने कहा कि बांके बिहारी मंदिर एक निजी मंदिर है। उसमें धार्मिक गतिविधियों और मैनेजमेंट को लेकर 2 गुटों में विवाद था। राज्य सरकार ने बिना अधिकार उसमें दखल दिया। वह मामले को सुप्रीम कोर्ट ले आई और कॉरिडोर के लिए मंदिर के फंड के इस्तेमाल का आदेश ले लिया। इसके बाद जल्दी-जल्दी एक अध्यादेश भी जारी कर दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि मंदिर की स्थापना करने वाले और सदियों से उसे संभाल रहे गोस्वामी प्रबंधन से बाहर हो गए।

### 15 मई के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने दी राय

कोर्ट के सख्त सवालों के जवाब में दीवान ने कहा, असल बात यह है कि हमें सुने बिना ऐसा आदेश सुप्रीम कोर्ट से कैसे आया? मामला कुछ और था, उसमें अचानक आदेश आ गया कि मंदिर का फंड कॉरिडोर बनाने के लिए लिया जाए। इससे सहमति जताते हुए कहा कि किसी जगह का विकास सरकार की जिम्मेदारी है। अगर उसे भूमि अधिग्रहण करना या तो वह ऐसा अपने पैसों से कर सकती है। लगभग 50 मिनट चली सुनवाई के बाद जजों ने इस बात का संकेत दिया कि 15 मई के आदेश को वापस लिया जा सकता है। फिलहाल मंदिर के प्रबंधन के लिए रिटायर्ड हाई कोर्ट जज की अध्यक्षता में कमेटी बनाई जा सकती है। इसमें जिलाधिकारी को भी रखा जाएगा। क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की भी उसके आस-पास के विकास में मदद ली जाएगी। कोर्ट ने कहा कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना चाहिए। इसके लिए उचित सुविधाओं का विकास जरूरी है।

## खबर संक्षेप

### शेख अली गुमटी में पार्क का दुरुपयोग न हो: एससी



**नई दिल्ली।** लोधी-कालीन स्मारक 'शेख अली की गुमठी' परिसर के अंदर स्थित पार्क का इस्तेमाल बैडमिंटन या बास्केटबॉल कोर्ट के निर्माण के लिए नहीं किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया। पहले अदालत ने सरकार को कानून के तहत संरक्षित स्मारक घोषित करने के लिए एक नई अधिसूचना का निर्देश।

### मदरसा छात्रों के स्कूलों में स्थानांतरण पर चुनौती



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) द्वारा जारी उन आदेशों को चुनौती दी जा सकती है, जिसमें अनधिकृत मदरसों के छात्रों को सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित करने को कहा गया है। इस मामले को संबंधित उच्च न्यायालय में उठाया जा सकता है।

### महावतार नरसिम्हा की स्क्रीनिंग में हादसा



**गुवाहाटी।** खचाखच भरे ऑडिटोरियम में अफरा-तफरी मच गई और दर्शक घबराकर बाहर निकलने के लिए दौड़ पड़े। सिनेमा कर्मचारियों ने तुरंत स्क्रीनिंग रोक दी और मॉल के सुरक्षा कर्मियों के साथ मिलकर लोगों को सुरक्षित निकालने में मदद की। घायलों को घटनास्थल पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया।

### ममता ने भतीजे अभिषेक को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी



**कोलकाता।** मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने लोकसभा में तृणमूल संसदीय दल के नेता के पद से वरिष्ठ सांसद सुदीप बेनर्जी को हटाते हुए उनके स्थान पर अपने भतीजे अभिषेक बेनर्जी को नियुक्त कर दिया। सोमवार को पार्टी सुप्रीमो ममता बेनर्जी तृणमूल सांसदों के साथ एक वर्चुअल बैठक की।

## शिबू सोरेन के सम्मान में राज्यसभा मंगलवार को 11 बजे तक स्थगित

# बिहार में एसआईआर के मुद्दे पर लोकसभा में विपक्ष ने किया हंगामा, कार्यवाही स्थगित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के मॉनसून सत्र 2025 की कार्यवाही का सोमवार को 11वां दिन था। झारखंड के पूर्व सीएम और जेएमएम के संस्थापक संरक्षक शिबू सोरेन के निधन पर राज्यसभा में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही श्रद्धांजलि स्वरूप दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं लोकसभा में विपक्षी सांसदों का हंगामा सोमवार को भी जारी रहा। मॉनसून सत्र के शुरू होने से अभी तक सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से नहीं चल सकी है। दोनों सदनों में विपक्ष ने बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर हंगामा किया। लोकसभा की कार्यवाही दोपहर दो बजे फिर से शुरू हुई लेकिन विपक्षी सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। विपक्षी सांसदों के नारे लगाने पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, आज सदन की स्थिति देखकर मुझे दुख हुआ। सभी दलों ने मिलकर राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक पर चर्चा करने और उसे पारित करने का फैसला किया था। विपक्ष के अनुरोध पर हम इन विधेयकों पर चर्चा के लिए दो दिन आवंटित करने पर सहमत हुए। अब जब हम खिलाड़ियों के लिए यह महत्वपूर्ण विधेयक लाए हैं, तो विपक्ष व्यवधान पैदा कर रहा है। खेल मंत्री भी चर्चा के लिए तैयार हैं। आप न केवल वह नहीं कह रहे जो आप कहना चाहते हैं, बल्कि सदन का समय भी बर्बाद कर रहे हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला ने विपक्षी सांसदों को सदन की गरिमा बनाए रखने का अनुरोध किया। बावजूद विपक्षी सांसदों का हंगामा जारी रहा। इसके बाद सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए बाद में दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

**वोटरों के वेरिफिकेशन मामले पर विपक्षी दल हर रोज कर रहे हंगामा**




### मुद्दा क्यों नहीं उठना चाहिए: प्रियंका गांधी

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, यह एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है। अगर मतदाता सूची में ऐसा हो रहा है, तो हमें यह

### सिर्फ दो दिन हो पाई चर्चा

10 दिनों में अब तक सिर्फ दो दिन पूरे दिन चर्चा हुई 21 जुलाई को शुरू हुए मानसून सत्र के बाद से संसदीय कार्यवाही लगभग ठप रही है। बिहार में वोटरों के वेरिफिकेशन मामले पर विपक्षी पार्टियों ने हर दिन विरोध-प्रदर्शन किए। 10 दिनों के दौरान, सिर्फ 28 और 29 जुलाई को सदन में पूरे दिन की कार्यवाही चली। दोनों दिन, पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर दोनों सदनों में चर्चा हुई थी।

**खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा नहीं होने दे रहा विपक्ष : रिजिजू**



### वे चुनाव में धोखाधड़ी करना चाहते हैं: केंद्रीय मंत्री

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन (ललन) सिंह ने कहा, 'जो लोग एसआईआर का विरोध कर रहे हैं, वे चुनाव में धोखाधड़ी चाहते हैं। यह चुनाव आयोग का निर्णय है और चुनाव आयोग का निर्णय बिल्कुल सही है क्योंकि यह संविधान के अनुरूप है। संविधान कहता है कि इस देश का नागरिक ही इस देश में मतदाता होगा। वे चाहते हैं कि जो इस देश के नागरिक नहीं हैं, उन्हें भी मतदाता सूची में रखा जाए, ऐसा कहां होता है? ऐसा पूरी दुनिया में कहीं नहीं होता।

### शिबू सोरेन को नमन करने के बाद राज्यसभा स्थगित

झारखंड के पूर्व सीएम और जेएमएम के संस्थापक संरक्षक शिबू सोरेन के निधन पर राज्यसभा में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सदन में दो मिनट का मौन रखा गया। इसके बाद राज्यसभा की कार्यवाही श्रद्धांजलि स्वरूप दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। झारखंड के पूर्व सीएम और जेएमएम के संस्थापक संरक्षक शिबू सोरेन के निधन पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, मैंने कल्पना जी (कल्पना सोरेन) को मैसेज किया है। यह हम सभी के लिए बहुत दुखद खबर है। हम परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं, हमारी प्रार्थनाएं उनके साथ हैं।



**7 को राहुल के साथ डिनर पर होगा मंथन**

# उपराष्ट्रपति चुनाव: साझा उम्मीदवार उतार एकजुटता दिखाना चाहती है कांग्रेस

*आचार्य देवव्रत को उम्मीदवार बना सकती है भाजपा*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति चुनाव में भाजपा का पलड़ा भारी है लेकिन कांग्रेस साझा उम्मीदवार को मैदान में उतारकर विपक्षी एकता का संदेश देने के साथ एनडीए के सहयोगी दलों को असमंजस में डालने की रणनीति बना रही है। विपक्ष के साझा उम्मीदवार पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी 7 अगस्त को डिनर पर विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के नेताओं के साथ मंथन करेंगे।

पार्टी की योजना बिहार या आंध्रप्रदेश के किसी नेता को उम्मीदवार बनाने की है, जिससे भाजपा के दो सबसे बड़े सहयोगियों टीडीपी व जदयू को असमंजस में डाला जा सके। इस चुनाव के बहाने कांग्रेस की नजर विपक्षी एकता कायम कर शक्ति प्रदर्शन करने और एनडीए को असमंजस में डालने पर है। दरअसल, भाजपा अपने दम पर चुनाव जीतने की स्थिति में नहीं है। उसे हर हाल में अपने दोनों सबसे बड़े सहयोगियों जदयू-टीडीपी का समर्थन चाहिए। कांग्रेस के रणनीतिकारों का मानना है कि अगर विपक्ष का उम्मीदवार आंध्रप्रदेश या बिहार से हुआ तो क्षेत्रीय भावनाओं के साथ संतुलन बैठाने के लिए नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू उलझन में होंगे। आंध्रप्रदेश के ही वाईएसआरसीपी जिनके राज्यसभा में सात सदस्य हैं, विपक्ष के साथ आ सकती है। अगर इस चुनाव में एक भी सहयोगी दल टूटे तो राजग में फूट का संदेश जाएगा। उधर उपराष्ट्रपति पद के लिए भाजपा में भी मंथन शुरू हो गया है।

### क्या है चुनाव का गणित?

गणित सीधे-सीधे एनडीए के पक्ष में है। एनडीए के पास दोनों सदनों को मिलाकर 418 सांसद हैं। यह संख्या उपराष्ट्रपति पद पर जीत के लिए जरूरी 392 सदस्यों से 26 ज्यादा है। इसके अलावा पार्टी राज्यसभा में सात मनोनीत और तीन निर्दलीय में से दो का समर्थन हासिल कर सकती है। इसी प्रकार लोकसभा में भी पार्टी को अकाली दल का समर्थन मिल सकता है। इसके अलावा यहां सात निर्दलीय और छोटे चार दलों के चार सांसदों का रुख साफ नहीं है।

**फर्जी कार्यकर्ताओं की होगी छुट्टी**

# बंगाल विस चुनाव के लिए भाजपा शुरू करेगी नया अभियान

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



भाजपा हमेशा से ही अपनी एक चुनावी रणनीति के लिए चर्चा में रहती है। वहीं, जिस प्रदेश में उसकी सरकार नहीं बनती या फिर सत्ता से काफी लंबे अरसे से दूर रहती है। वहां ये पार्टी पूरी ताकत झोक देती है। इससे पहले भी बंगाल चुनाव में देखा गया था कि कैसे भाजपा ने पूरी ताकत से चुनाव लड़ा था। हालांकि भाजपा की सरकार नहीं बन पाई थी। इसके बावजूद पार्टी ने प्रदेश में अच्छा प्रदर्शन करते हुए सीटों में इजाफा किया था। इस बार भी भाजपा ने चुनाव से पहले मिशन बंगाल के लिए नई-नई रणनीति बनानी शुरु कर दी है। एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने नाम न छापने की शर्त पर पीटीआई को बताया कि यह दिखावे की बात नहीं है। हम दशकों से चली आ रही संगठनात्मक कुप्रथाओं को ठीक कर रहे हैं। बंगाल भाजपा की दशकों पुरानी आदत है कि वह आंकड़ों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करती है।

**अमेरिकी टैरिफ, भारत-ब्रिटेन समझौता**

# ट्रेड यूनियन और किसान 13 को करेंगे देशव्यापी प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय ट्रेड यूनियनों-एसकेएम ने अमेरिकी टैरिफ और भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। उन्होंने सरकार द्वारा स्थिति से निपटने के तरीके पर भी असहमति जताई और दावा किया कि यह देश के हितों को नुकसान पहुँचाता है। 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा के संयुक्त मंच, सीटीयू-एसकेएम ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ धमकियों और भारत-यूके व्यापक आर्थिक व्यापार समझौते (सीईटीए) के खिलाफ 13 अगस्त, 2025 को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। सोमवार को जारी बयान में श्रमिकों, किसानों, छात्रों और देशभक्त नागरिकों से ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल रैलियों, विरोध प्रदर्शनों, सार्वजनिक समारोहों और विभिन्न प्लेटफार्मों और साझेदार संगठनों द्वारा तय किए गए विरोध में भाग लेंगे।

**हर घर तिरंगा अभियान से जागा राष्ट्र प्रेम**


**प्रधानमंत्री मोदी ने 2022 में की थी अभियान की शुरुआत**

# शाह ने दिया संदेश बोले- तिरंगे संग सेल्फी जरूर लें देशवासी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश भर में स्वतंत्रता दिवस को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर एक अहम संदेश दिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुरू की गई इस पहल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस अभियान ने देशवासियों को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

शाह ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान की जो पहल की गई थी, उसने देशवासियों को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज यह अभियान जन-



### सक्रियता दिखाएं

प्रत्येक देशवासी में राष्ट्र प्रेम और देशभक्ति की भावना इस अभियान के माध्यम से साफ दिखाई दे रही है। गृह मंत्री ने विशेष रूप से युवाओं से आग्रह किया कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने आगे कहा कि मैं सभी देशवासियों, अपील करता हूं कि वे अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर वेबसाइट पर अपलोड करें। पीएम मोदी ने 2022 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत की थी।

**गुजरात से बस में भरकर आए लोग, सभी गिरफ्तार**

**40 पुरुष व 11 लड़कियों को गिरफ्तार किया, नशे का सामान भी मिला**

# उदयपुर के होटल में वेश्यावृत्ति 5000 रुपए रखी गई एंट्री फीस

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान के उदयपुर पुलिस ने वेश्यावृत्ति करने वाले गैंग का खुलासा किया है। उदयपुर के कौडियात स्थित होटल गणेश में रेव और मुजरा पार्टी चल रही थी। जहां पुलिस की टीम ने दबिश देकर वहां से 40 लड़कों और 11 लड़कियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने होटल मलिक और दलाल को भी गिरफ्तार किया है। होटल से भारी मात्रा में नशे का सामान बरामद किया है। आरोपियों में अधिकांश गुजराती हैं। वे इस पार्टी के लिए ही उदयपुर आए हुए थे। पुलिस को इस पार्टी पर दबिश के लिए एक बस को लेकर जाना पड़ा था। जहां से सभी आरोपियों गिरफ्तार किया गया। एसपी योगेश गोयल ने बताया कि सूचना मिली कि नाई थाना क्षेत्र में कोडियात रोड पर गणेश होटल में विश्वजीत सोलकी नाम के आयोजक द्वारा लडकियां मंगवाकर उनसे वैश्यावृत्ति करवाई जा रही है। इस पार्टी में शामिल होने के लिए प्रति व्यक्ति से 5 हजार रूपए लिए जा रहे हैं। गोयल ने कहा कि इस सूचना की पुष्टि के लिए हैड कांस्टेब्ल अर्जुन सिंह, प्रकाश, कांस्टेबल अजयराज से कराया तो पता चला कि इस पार्टी में शामिल होने के लिए प्रति व्यक्ति से 5 हजार रूपए लिए जा रहे हैं। इस पार्टी में शामिल होने के लिए गुजरात से बस भरकर लोग पहुंच चुके हैं। लोकल ग्राहक भी इस पार्टी में शामिल होंगे। 5 हजार रूपये जमा करवाकर कोई भीं शामिल हो सकता है।



**पर्यटकों और श्रद्धालुओं की आवाजाही रोक दी गई**


**वाराणसी के 44 गांव बाढ़ की चपेट में 1410 परिवारों को घर छोड़ना पड़**

# गंगा का रौद्र रूप, मणिकर्णिका घाट पर शवों की कतार पहली बार नमो घाट बंद, वरुणा-गोमती भी उफनाई

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

वाराणसी में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 57 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया है। इससे बाढ़ का संकट और गहरा गया है। पहली बार नमो घाट को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। घाट पर बना आकर्षक नमस्ते संरचना अब पूरी तरह से डूबने की कगार पर है इसलिए पर्यटकों और श्रद्धालुओं की आवाजाही रोक दी गई है। इससे पहले नमो घाट पर बाढ़ का पानी इतना नहीं आया था। वहीं, जलस्तर इतनी तेजी से बढ़ रहा है कि शीतला घाट की सड़क पर पानी पहुंच गया है। अस्सी घाट की सड़कों पर जलभराव है। सामने घाट की सड़क पर बाढ़ का पानी आ गया है। मणिकर्णिका की गलियों में नावें चल रही हैं।

### 6244 किसानों की 1721 एकड़ फसल डूब गई




### वसूली भी हो रही है

नाव से शव ले जाने के लिए शव यात्रियों से 200 से 500 रुपए अतिरिक्त वसूले जा रहे हैं। शवों की कतार लगी है। अंतिम संस्कार के लिए पांच से छह घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है। छत पर ही अंतिम संस्कार कराया जा रहा है। लकड़ी के दाम भी ज्यादा वसूले जा रहे हैं। लकड़ी का रेट प्रति मन 600-700 रुपए से बढ़ाकर 1000 से 1200 रुपए तक वसूला जा रहा है।

**कई गांव में पानी भरा**

जिला प्रशासन के मुताबिक, वाराणसी के 44 गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। इस कारण 1410 परिवारों को घर छोड़ना पड़ा है। 6244 किसानों की 1721 एकड़ फसल डूब गई है। इसी तरह शहरी क्षेत्र के 24 मोहल्ले भी बाढ़ से प्रभावित हैं।

### भूस्खलन से तीन मकान क्षतिग्रस्त, 266 सड़कें बाधित, भारी बारिश का अलर्ट



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के निरमंड खंड के तहत कुशवा पंचायत के 15/20 क्षेत्र के नोनू गांव में रविवार रात को भूस्खलन से तबाही हुई है। भूस्खलन की चपेट में आने से तीन घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सूचना मिलते ही प्रशासन और राजस्व की टीम मौके के लिए रवाना हुई। तीन मकानों में चरणदास, सुरजीत और राजीव कुमार रह रहे थे। स्थानीय निवासी चरण दास का पूरा बगीचा भूस्खलन की चपेट में आ गया है। उनका शेड और शौचालय भी मलबे में समा गया है। सुरजीत का मकान कभी भी ढह सकता है और राजीव कुमार के मकान के पास भूस्खलन होने से उनका घर खतरे की जद में है।

पहलगाम हमले में मिले सबूत

# एफएटीएफ में भारत खोलेगा पाकिस्तान की पोल, बंद होगा हुक्का-पानी

*पहलगाम आतंकी हमले में मिले सबूतों से यह स्पष्ट हो गया है कि इस हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ है। भारत अब इन सबूतों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जोरदार तरीके से पेश करने की योजना बना रहा है। ये दस्तावेज पाकिस्तान को स्टेट स्पॉन्सर्ड टेररिज्म में सीधे तौर पर दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त हैं*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले की जांच में भारत को बड़ी सफलता मिली है। इस नरसंहार में शामिल तीन पाकिस्तानी आतंकियों को 'ऑपरेशन महादेव' के तहत भारतीय सेना ने ढेर कर दिया है। एनकाउंटर के बाद बरामद हुए सबूतों ने पाकिस्तान की पोल खोल दी है। अब भारत इन्हीं पुख्ता सबूतों के आधार पर एफएटीएफ (फायनेंनशियल एक्शन टास्क फोर्स) में पाकिस्तान के खिलाफ कूटनीतिक हमला करने की तैयारी में है। अगर भारत के ये सबूत एफएटीएफ में पेश हुए, तो पाकिस्तान का अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हुक्का-पानी बंद होना तय है। भारतीय सेना ने 28 जुलाई को एक विशेष अभियान चलाते हुए तीनों आतंकियों सुलैमान शाह उर्फ फैजल जट्ट, अबु हमजा उर्फ अफगान, और यासिर उर्फ जिब्रान को मार गिराया। ये सभी लश्कर-ए-तैयबा के ए++ और ए श्रेणी के कमांडर थे और पाकिस्तान के रहने वाले थे।

पाक के लिए आर्थिक और कूटनीतिक मोर्चों पर बड़ा झटका लगेगा

एफएटीएफ पहले भी पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में कर चुका है शामिल




**मिले सबूत पाक को दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त**

*एनकाउंटर के बाद आतंकियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और कई अहम दस्तावेज बरामद हुए। इनमें से सबसे चौंकाने वाली चीज थी दो आतंकियों के पाकिस्तानी वोटर आईडी कार्ड, जो लाहौर और गुजरांवाला से जारी किए गए थे। यह साफ कर देता है कि हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ है। भारत अब इन सबूतों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जोरदार तरीके से पेश करने की योजना बना रहा है। सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि ये दस्तावेज पाकिस्तान को स्टेट स्पॉन्सर्ड टेररिज्म में सीधे तौर पर दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त हैं।*

### पाकिस्तान की बढ़ी एफएटीएफ में मुश्किलें

भारत लंबे समय से एफएटीएफ में पाकिस्तान की आतंक फंडिंग के सबूत पेश करता रहा है। अब पहलगाम हमले से मिले ये दस्तावेज पाकिस्तान के लिए नई परेशानी खड़ी कर सकते हैं। एफएटीएफ जो मनी लॉन्ड्रिंग और आतंक फंडिंग पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था है, पहले भी पाकिस्तान को अपनी ग्रे लिस्ट में डाल चुकी है। इस बार पहलगाम नरसंहार से जुड़े सबूत पाकिस्तान को एक बार फिर एफएटीएफ की निगरानी में खींच सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह पाक के लिए आर्थिक और कूटनीतिक दोनों मोर्चों पर बड़ा झटका साबित हो सकता है।


### टीआरएफ ने ली थी जिम्मेदारी

*पहलगाम आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों की हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया था। इस हमले की जिम्मेदारी लेने वाला आतंकी संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) लश्कर-ए-तैयबा का एक मुखौटा है। पाकिस्तान में बैठा शेख सज्जाद गुल इसका प्रमुख है। उसी के इशारे पर टीआरएफ का लोकल माड्यूल जम्मू-कश्मीर में लगातार हमलों को अंजाम दे रहा है। अब जब भारत के पास सबूत हैं कि यह हमला पाकिस्तान की जमीन से योजना बनाकर किया गया था, तो इसे एफएटीएफ में उठाकर पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर घेरना जरूरी है। भारत के इन सबूतों से पाकिस्तान की मुश्किलें इतनी बढ़ सकती हैं कि उसकी आतंकवाद पर "दोहरी नीति" दुनिया के सामने और उजागर होगी।*

---


**खबर संक्षेप**

### तीन माह में 1.36 करोड़ यात्रियों ने किया सफर



**मुंबई।** मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अप्रैल-जून में यात्रियों की संख्या में लगभग स्थिर वृद्धि दर्ज की गई। अदाणी समूह-एएआई के स्वामित्व वाले इस हवाई अड्डे में इस अवधि में कुल 1.36 करोड़ यात्रियों ने सफर किया। देश के दूसरे सबसे व्यस्त एयरपोर्ट ने पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 1.34 करोड़ यात्रियों ने उड़ान भरी थी। मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल) ने यह जानकारी दी है।

### 137 साल पुराने होटल पर सरकार का कब्जा



**श्रीनगर।** भारत के सबसे प्रतिष्ठित और ऐतिहासिक होटलों में से एक कश्मीर के गुलमर्ग का नेडौज अब अतीत बन जाएगा। सुप्रीम कोर्ट और जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट के आदेश के बाद सरकार ने इस होटल को अपने कब्जे में ले लिया है। गुलमर्ग डेवलेपमेंट अथॉरिटी ने यह कार्रवाई करते हुए होटल परिसर में मौजूद लोगों को बाहर कर दिया और संपत्ति पर अधिकार जमा लिया। इस होटल का इतिहास काफी मशहूर रहा है। कभी महात्मा गांधी यहां रुके थे और चाय पी थी।

---

भारतीय सुरक्षा एजेंसियों का दावा: 'ऑपरेशन महादेव' में मारे गए तीनों आतंकी निकले पाकिस्तानी

# चॉकलेट, आईडी, चिप्स और खून के निशान से जुड़ा पहलगाम हमले का 'पाक' कनेक्शन

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में ऑपरेशन महादेव के तहत सुरक्षाबलों को तीन आतंकवादियों के ढेर करने के मामले में बड़ी जानकारी हाथ लगी है। सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तान सरकार द्वारा जारी दस्तावेजों और बायोमीट्रिक डेटा सहित कई सबूत इकट्ठा किए हैं। इससे साबित होता है कि पहलगाम हमले में शामिल तीनों आतंकवादी पाकिस्तानी थे।

वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि पहली बार पाकिस्तानी सरकार द्वारा जारी दस्तावेज हमारे हाथ लगे हैं। हालांकि, अधिकारियों ने यह भी बताया कि जो साक्ष्य जुटाए गए हैं, उसे पता चला है कि इन आतंकवादियों में कोई स्थानीय व्यक्ति शामिल नहीं था। अधिकारियों ने बताया कि 'ऑपरेशन महादेव' के दौरान और उसके बाद जुटाए गए फोरेंसिक, दस्तावेजी और साक्ष्यों से पता चलता है कि तीनों आतंकवादी पाकिस्तानी थे।

क्षतिग्रस्त सैटेलाइट फोन से बरामद हुई माइक्रो एसडी | इसमें तीनों आतंकियों के बायोमेट्रिक रिकॉर्ड मिले थे

**मिले 6 सबूतों से पाक नागरिक होने का खुलासा**





अधिकारी ने बताया कि आतंकियों और एनकाउंटर साइट से मिले 6 सबूत से स्पष्ट हुआ है कि वे पाकिस्तान से थे। एनकाउंटर साइट से सुरक्षाबलों को आतंकियों के पास से पाकिस्तानी वोटर आईडी समेत अन्य सबूत मिले थे। उन्होंने 'डिजिटल फुटप्रिंट्स' के आधार पर बताया कि आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल किया गया 'हुआवेई सैटेलाइट फोन (आईएमईआई 86761204-IIIII) 22 अप्रैल से 25 जुलाई तक हर रात 'इनमारसैट-4 एफ1' से संपर्क में था। आतंकियों के वोटर आईडी, बायोमेट्रिक रिकॉर्ड पाकिस्तान सरकार की ओर से जारी डिटेल्स से मैच हुए। इनमें सैटेलाइट फोन और जीपीएस डेटा भी शामिल हैं।

**शवों की डीएनए से पुष्टि**

### 'रेडियो चेक-इन' पाक क्षेत्र से दर्ज किया गया

अधिकारियों ने बताया कि पहलगाम में मिली एक फटी हुई शर्ट पर मौजूद खून से लिए गए 'माइटोकॉन्ड्रियल डीएनए प्रोफाइल', मारे गए तीनों आतंकवादियों के शवों से लिए गए डीएनए से पूरी तरह मेल खाते हैं। आतंकवादियों ने मई 2022 में उत्तर कश्मीर के गुरेज सेक्टर के रास्ते नियंत्रण रेखा पार की थी। खुफिया इंटरसेप्ट के अनुसार, उसी समय उनका 'रेडियो चेक-इन' पाकिस्तानी क्षेत्र से दर्ज किया गया था। हिरासत में लिए गए दो कश्मीरी युवकों से पूछताछ के दौरान पता चला कि आतंकवादी 21 अप्रैल को हिल पार्क में स्थित एक 'धोक' (मौसमी झोपड़ी) में आकर रुके थे। यह बैसरन घाटी से दो किलोमीटर दूर है। इन दोनों युवकों ने आतंकवादियों को रात भर पनाह दी और खाना भी मुहैया कराया। इसके अगले दिन आतंकवादी बैसरन घाटी गए।

**पाकिस्तान की मतदाता सूची में मिले नाम**

सुरक्षा बलों ने बताया कि पाकिस्तान सरकार द्वारा जारी दस्तावेज भी बरामद किए हैं, जिसमें पाकिस्तान निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दो मतदाता पर्चियां शामिल हैं। इन मतदाता पर्चियों की क्रमांक संख्या लाहौर (एनए-125) और गुंझरांवाला (एनए-79) की मतदाता सूची से मेल खाते हैं। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें एनडीआरए से जुड़ी स्मार्ट-आईडी चिप एक सैटेलाइट फोन से बरामद हुई, जिसमें तीनों आतंकवादियों की उंगलियों के निशान, चेहरे की बायोमैट्रिक प्रोफाइल और पारिवारिक जानकारी मौजूद थी। इन रिकॉर्ड्स से पुष्टि हुई कि उनके पते चंगा मांगा (जिला कसूर) और कोइयां गांव, रावलकोट के पास, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में हैं।

**पाक में निर्मित सामान मिले...** अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान में निर्मित निजी सामान जैसे 'कैंडीलैंड' और 'चोकोमैक्स' चॉकलेट (दोनों कराची में उत्पादित ब्रांड) के रैपर उसी रकसैक में पाए गए। रैपरों पर छपे लॉट नंबर मई 2024 में मुजफ्फराबाद, पीओके भेजे गए माल के थे। फॉरेंसिक और तकनीकी पुष्टि के बारे में बताया कि बैसरन में मिले खोखों को 28 जुलाई को बरामद की गई तीनों एके-103 राइफल से 'टेस्ट-फायर' किया गया और उनके घर्षण के निशान पूरी तरह 100 प्रतिशत मेल खाए।

**सेना ने जारी नहीं की रिपोर्ट**

*हालांकि, रक्षा मंत्रालय के इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (आईडीएस) ने कहा कि सोशल मीडिया पर पहलगाम हमलावरों की पहचान और बैकग्राउंड को लेकर एक रिपोर्ट फैलाई जा रही है। यह रिपोर्ट सेना की ओर से जारी नहीं हुई है। आर्मर्ड फोर्सेज के किसी अधिकारी या प्रवक्ता ने यह जानकारी नहीं दी है।*

---

नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक बोले

## ट्रंप ने पाक को दोस्त बनाया, हमें रूस से तेल लेने का मना कर खुद उसे दे रहे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने पर अब प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ट्रंप दबाव वाली राजनीति कर रहे हैं। उनके टैरिफ लगाने से हर देश प्रभावित हो रहा है। अचानक, ट्रंप पाकिस्तान के दोस्त बन गए हैं। वे चाहते हैं कि हम रूसी तेल न लें। फिर भी उन्होंने पाकिस्तान से वादा किया है कि वे उन्हें कच्चा तेल भेजेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा कोई दोस्त नहीं बचा है, यहां तक कि हमारे पड़ोसी भी हमारे दोस्त नहीं हैं। हमने जो करने की कोशिश की है, वह यह दिखाने की है कि हम उनसे ज्यादा मजबूत हैं, बजाय इसके कि हम यह सोचें कि हम सब एक साथ हैं।

**शांति रातोंरात नहीं आएगी**

*फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि मुझे जम्मू-कश्मीर में शांति आती हुई नजर नहीं आ रही है। मुझे लगता है कि हम यह सोचकर मूर्खता की दुनिया में जी रहे हैं कि शांति रातोंरात आ जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी न किसी तरह, हमें कोई रास्ता निकालना ही होगा। युद्ध कोई रास्ता नहीं है। अंत में, आपको कलम उठानी होगी और चीजों पर चर्चा करनी होगी। इससे हमें क्या नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने कई बार कहा है कि उन्होंने आतंकवादी कैंप को उखाड़ फेंका है। यदि यह सही है तो फिर पहलगाम आतंकी घटना क्यों हुई? कुलगाम मुठभेड़ कैसे हो रही है।*

### पाकिस्तान ने इजराइली हमले की निंदा की

*इस्लामाबाद में ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजेश्कियान और पाक प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की मुलाकात में 12 अहम समझौते हुए। पाकिस्तान ने ईरान के शांतिपूर्ण न्यूक्लियर प्रोग्राम का समर्थन दोहराया और दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को 3 अरब डॉलर से बढ़ाकर 10 अरब डॉलर तक ले जाने का संकल्प लिया। दोनों देशों के बीच व्यापार, कृषि, विज्ञान, टेक्नोलॉजी, नवाचार, समुद्री सुरक्षा और संचार जैसे क्षेत्रों में 12 समझौते व एमओयू साइन हुए। एक फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) को भी जल्द अंतिम रूप देने की बात हुई।*

---

यूक्रेन का रूस पर बड़ा हमला

## ऑयल डिपो पर किया ड्रोन अटैक भीषण आग लगी, 4 लोग घायल

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस और यूक्रेन ने एक-दूसरे पर भीषण ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं। रूस ने यूक्रेन के कई क्षेत्रों को निशाना बनाया हैं। वहीं यूक्रेनी हमले से रूस के काला सागर स्थित रिसॉर्ट सोची में तेल डिपो में भीषण आग लग गई। क्रास्नोडार क्षेत्र के गवर्नर वेनियामिन कोंड्राटयेव ने बताया कि ड्रोन का मलबा गिरने से ईंधन टैंक में भीषण आग लग गई। आग को बुझाने के लिए 120 से अधिक दमकलकर्मी जुटे हुए हैं। इस हमले के बाद घटनास्थल के वीडियो सामने आए हैं। इन वीडियो में तेल डिपो के ऊपर से धुएं के विशाल गुबार उठते दिखाई दिए। इस हमले के बाद सोची हवाई अड्डे पर उड़ानों का परिचालन अस्थायी रूप से रोक दिया है। वोरोनिश क्षेत्र के अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेनी ड्रोन हमले में चार लोग घायल हुए हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसके एयर डिफेंस ने 93 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया है। इस दौरान दो रशियन लड़कियां विस्फोट के साथ वीडियो बनाते हुए भी नजर आईं। दोनों के साथ बैकग्राउंड में एक युवक भी मौजूद था। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया।

### रूस ने यूक्रेन पर दागी मिसाइलें



रूस की ओर से यूक्रेन में ड्रोन और मिसाइल दागी गई हैं। यूक्रेन के दक्षिणी शहर मायकोलएव के अधिकारियों ने बताया है कि रूसी मिसाइल हमले से नागरिकों के घर और बुनियादी ढांचे नष्ट हो गए हैं। मायकोलएव शहर में हुए हमले से कम से कम तीन नागरिक घायल हुए हैं।

### ट्रंप ने दिया अल्टीमेटम

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को शांति वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए 8 अगस्त तक का अल्टीमेटम दिया है। ट्रंप ने कहा कि अगर कोई हल नहीं निकला तो रूस पर नए आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि रूसी काफी चालाक होते हैं, अक्सर प्रतिबंधों को चकमा दे देते हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि जुलाई में इस्तांबुल में हुई वार्ता के बाद रूस और यूक्रेन ने 1200 युद्ध बंदियों की अदला-बदली पर सहमति बनी है।

---

स्कॉटलैंड में ग्रीष्मकालीन तूफान

## 'फ्लोरिस' के चलते ट्रेन रद्द, पार्क बंद तेज हवाओं और बारिश का खतरा बढ़ा

एजेंसी ▶▶ लंदन



स्कॉटलैंड में दुर्लभ ग्रीष्मकालीन तूफान 'फ्लोरिस' के चलते प्रशासन ने ट्रेन सेवाएं रद्द कर दी हैं, पार्क बंद कर दिए गए हैं और लोगों को घरों में सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। ब्रिटेन के मौसम विभाग ने स्कॉटलैंड के लिए 'एम्बर' स्तर की चेतावनी जारी की है, जिसका अर्थ है कि तेज हवाओं और भारी बारिश के चलते जीवन और संपत्ति को गंभीर खतरा हो सकता है, विशेषकर तटीय इलाकों में जहां बड़ी लहरें उठ सकती हैं। मौसम विभाग के अनुसार, तूफान की वजह से हवा की गति 137 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। यह तूफान ऐसे समय आया है जब स्कॉटलैंड में पर्यटकों की भारी भीड़ रहती है। 'एडिनबरा मिलिट्री टैटू' ने सोमवार को एडिनबरा कैसल में होने वाला बैगपाइपर और ड्रमवादकों की प्रस्तुति रद्द कर दी है। स्कॉटलैंड में कई ट्रेन सेवाएं और कुछ नौका सेवाएं रद्द कर दी गई हैं। मौसम विभाग के अनुसार, यह तूफान उत्तरी आयरलैंड, वेल्स और उत्तरी इंग्लैंड के कुछ हिस्सों को भी प्रभावित कर सकता है।

---

## भारत-सिंगापुर नौसेनाओं का संयुक्त अभ्यास



**सिंगापुर।** भारतीय नौसेना और सिंगापुर गणराज्य नौसेना (आरएसएन) ने 28 जुलाई से एक अगस्त तक वार्षिक सिंगापुर-भारत समुद्री द्विपक्षीय अभ्यास (सिमबेक्स) किया। अभ्यास के तहत इस वर्ष पहले आरएसएस सिंगापुर-चांगी नौसैनिक अड्डे पर तटीय चरण और उसके बाद दक्षिण चीन सागर के दक्षिणी छोर पर समुद्री चरण का आयोजन किया गया। समुद्री चरण में दोनों नौसेनाओं के पोत और सिंगापुर गणराज्य वायु सेना (आरएसएएफ) के विमान शामिल हुए।

---

निमिषा प्रिया केस में नया मोड़!

## महदी के भाई ने जज को लिखा पत्र जल्द से जल्द सजा देने की मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



यमन में मौत की सजा का सामना कर रही भारतीय नर्स निमिषा प्रिया के जिंदा बचने की उम्मीदें धुंधली होती दिख रही हैं। निमिषा को 16 जुलाई 2025 को ही फांसी दी जानी थी लेकिन भारत के एक मुस्लिम धर्मगुरु के हस्तक्षेप के बाद सजा को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया। निमिषा को जिस यमनी नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या के मामले में फांसी दी जानी है, अब उसके भाई अब्दुल फत्तेह अब्दो महदी ने रविवार, 3 अगस्त को यमन के अटॉर्नी जनरल और जज अब्दुल सलाम अल-हूती के नाम एक पत्र लिखा और उसे सोशल मीडिया पर साझा किया है। मृतक के भाई ने पत्र में साफ लिखा है कि परिवार सुलह या मध्यस्थता के लिए बिल्कुल तैयार नहीं है। फांसी की सजा को लागू किया जाए और फांसी की नई तारीफ तय की जाए। मौत की सजा से पीड़ित परिवार के अधिकारों की रक्षा होगी और न्याय मिलेगा। केरल की रहने वाली निमिषा प्रिया 2017 के एक मामले में फांसी की सजा का सामना कर रही हैं जिसमें उन्होंने गलती से एक यमनी नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या कर दी थी।

---

क्वाड के बिना भी चलेगा काम, ट्रंप को भी मिलेगा सबक

# साउथ चाइना सी में भारत का नया खेल, कर रहा बड़े समझौते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर चार दिन के दौरे पर भारत पहुंच गए हैं। वहीं, दूसरी ओर नेवी चीफ एडमिरल डीके त्रिपाठी जापान में थे। ये सिर्फ दो यात्राएं नहीं हैं। इंडो-पैसिफिक में एक नई पटकथा लिखी जा रही है, जिसमें भारत खुद नायक है न कि सिर्फ सहयोगी। यह बताता है कि भारत अब साउथ चाइना सी में डील करने जा रहा।

इस रणनीति से द्विपक्षीय संबंधों को प्राथमिकता मिलेगी और क्वाड के बिना भी काम चलेगा। चाहे फिलीपींस हो या जापान, भारत अब साउथ चाइना सी में अपना नया 'खेल' रच रहा है और ये चीन से कहीं ज्यादा ट्रंप जैसे नेताओं के लिए भी सबक है। जापान और भारत दोनों चीन की आक्रामकता रोकने के लिए एकसाथ खड़े हैं। भारत वियतनाम, इंडोनेशिया और मलेशिया के साथ भी डील कर रहा है।

जापान और भारत दोनों चीन के वर्चस्व को रोकने साथ आए

फिलीपींस के साथ रक्षा संबंध मजबूत कर रहा भारत

**फिलीपींस के राष्ट्रपति पांच दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे**



*फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर मार्कोस जूनियर सोमवार को पांच दिवसीय राजकीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचें। जहां उनका स्वागत विदेश राज्य मंत्री डॉ. पबित्रा मार्गेरिटा ने किया। इस यात्रा का उद्देश्य भारत और फिलीपींस के बीच रक्षा और व्यापार संबंधों को मजबूत करना है। 2022 में पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनकी पहली आधिकारिक भारत यात्रा है। उनके साथ प्रथम महिला लुईस अरनेटा मार्कोस और कैबिनेट मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों व व्यापारिक नेताओं का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी है। उनकी यह यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है, जिससे इसकी अहमियत और बढ़ जाती है। इस यात्रा से रणनीतिक और रक्षा सहयोग, खासकर समुद्री क्षेत्र में और मजबूत होने की उम्मीद है। बता दें, फिलीपींस भारत की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल प्रणाली खरीदने वाला पहला विदेशी देश है।*

### जापान से अपने संबंध मजबूत कर रहा भारत

भारत इंडो पैसफिक और साउथ चाइना सी में स्वतंत्र आवाजाही की बात करता रहा है। इसलिए यहां के देशों से सीधे समझौता कर रहा है। नेवी चीफ एडमिरल डीके त्रिपाठी का जापान जाना हिंद प्रशांत क्षेत्र में सक्रिय रणनीति का संकेत है। जापान और भारत दोनों चीन की विस्तारवादी नीति से चिंतित हैं, खासकर ईस्ट चाइना सी और साउथ चाइना सी में चीन का दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में दोनों देश नेवी कोऑपरेशन, ज्वाइंट एक्सरसाइज, मैरीटाइम कम्युनिकेशन शेयर करने पर विचार कर रहे हैं। यह चीन के लिए स्पष्ट संदेश है।



# सारे जहां से अच्छा में भारत पाकिस्तान संघर्ष की झलक

**मुंबई।** प्रतीक गांधी स्टारर जासूसी वेब सीरीज 'सारे जहां से अच्छा' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। सोमवार को यह ट्रेलर नेटफ्लिक्स इंडिया ने रिलीज किया है। इसमें भारत और पाकिस्तान के बीच ड्रामा और परमाणु संघर्ष की झलक दिखाई गई है। 'सारे जहां से अच्छा' 13 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। ट्रेलर में प्रतीक गांधी ने भारत के रॉ एजेंट का किरदार निभाया है। उन्हें भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान में तैनात किया गया है। वह पाकिस्तान में होने वाली परमाणु गतिविधि को रोकने की कोशिश करते हैं। इस दौरान उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ता है। प्रतीक गांधी जैसे ही पाकिस्तान में राजनयिक मामलों के करीब पहुंचते हैं तो उनकी मुलाकात पाकिस्तान के आईएसआई एजेंट से होती है।

## लाइफ Style



# तमन्ना रोमियो में शाहिद के साथ आएंगी नजर

शाहिद कपूर अपनी अपकमिंग फिल्म रोमियो को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का निर्देशन विशाल भारद्वाज कर रहे हैं। फिल्म को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है। इस फिल्म के साथ अब तमन्ना भाटिया का नाम जुड़ गया है। अभिनेत्री इसमें अहम किरदार निभा सकती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्शन-थ्रिलर फिल्म में तमन्ना भाटिया अहम किरदार निभाएंगी। बताया जाता है कि यह फिल्म इसी साल रिलीज हो सकती है। इससे पहले खबरें थीं कि फिल्म में शाहिद कपूर के साथ तृप्ती डिमरी होंगी। अब इस फिल्म से तमन्ना का भी नाम जुड़ गया है। यह पहला मौका है जब शाहिद कपूर तृप्ति डिमरी के साथ किसी फिल्म में काम करेंगे। दोनों एक -दूसरे के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। वहीं, दूसरी तरफ दावा है कि तमन्ना भाटिया ने इस फिल्म में अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म अपने आखिरी चरण में है। बताया जाता है कि यह फिल्म विशाल भारद्वाज की अब तक की सबसे बड़ी कमर्शियल फिल्म है। फिल्म में शाहिद ऐसा किरदार निभा रहे हैं जिनके कई रंग हैं। दिशा पाटनी भी इस फिल्म का हिस्सा होंगी। विशाल भारद्वाज 7 खून माफ, हैदर, कमीने, पटाखा और खुफिया जैसी फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला है। फिल्म रोमियो का नाम पहले अर्जुन उस्तरा था। बताया यह भी जाता है कि रिलीज से पहले फिल्म का जोर-शोर से प्रचार किया जाएगा। फिल्म का पोस्टर सितंबर के अंत तक आएगा।

## हॉलीवुड मसाला




# मीट द पैरेंट्स का करेंगे चौथा पार्ट

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर रॉबर्ट डी नीरो 81 साल के होने के बावजूद भी फिल्मों में सक्रिय है। जल्द ही वह फिल्म मीट द पैरेंट्स के चौथे पार्ट में नजर आएंगे। साल 2000 में रिलीज हुई इस फिल्म में भी उन्होंने ही लीड रोल निभाया था। रॉबर्ट डी नीरो की नई फिल्म का टाइटल भी बदला गया है। रॉबर्ट डी नीरो और बेन स्टिलर स्टारर मीट द पैरेंट्स फ्रैंचाइज की चौथी फिल्म का टाइटल 'फॉकर इन-लॉ' रखा गया है। इस फिल्म का डायरेक्शन जॉन हैम्बर्ग ने किया है। जॉन ने ही पहली तीन फिल्मों की राइटिंग में भी बतौर को-राइटर काम किया था।



# किसी के दांत तो किसी के पैर पर है कॉपीराइट

**लॉस एंजिल्स।** ग्लैमर की दुनिया में दिखावा आम है, जहां सुंदरता बनाए रखने के लिए सर्जरी का सहारा लिया जाता है। कई हॉलीवुड सितारों ने अपने शरीर के अंगों का बीमा कराया है। प्रियंका चोपड़ा ने अपनी मुस्कान, जेनिफर लोपेज और किम कार्दशियन ने अपने बट का बीमा कराया है। मॉडल हेइडी क्लम ने कथित तौर पर अपने पैरों का 2.2 मिलियन डॉलर का बीमा कराया है। यानी अगर कोई उनके जैसी टांगें पाने की कोशिश करेगा तो उसे ये कीमत चुकानी होगी। हॉलीवुड स्टार किम कार्दशियन ने भी अपने बट का 21 मिलियन डॉलर का बीमा कराया था। मशहूर पॉप स्टार रिहाना ने भी अपने पैरों का बीमा कराया है। उन्हें 'लेग्स ऑफ गॉडेस' का अवॉर्ड भई मिला था। उन्होंने 1 मिलियन डॉलर का इंश्योरेंस कराया है।



# एसएसएमबी 29 की शूटिंग के लिए लौटीं भारत

**मुंबई।** बॉलीवुड और हॉलीवुड फिल्मों में अपनी अदाकारी से सभी के दिलों पर राज करने वाली एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अपनी बेटी मालती के साथ भारत लौट आई हैं। सोमवार सुबह उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल की स्टोरी पर अपनी बेटी मालती की प्यारी तस्वीरें शेयर कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है। कथित तौर पर प्रियंका एसएसएमबी 29 की शूटिंग के लिए हैदराबाद आई हैं। प्रियंका ने आज सुबह सोमवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर दो शानदार तस्वीरें शेयर कीं, जो हैदराबाद की हैं। एक तस्वीर में मालती कार की खिड़की से बाहर देख रही हैं। तो वहीं दूसरी तस्वीर में मालती के नन्हें पैर दिखाई दे रहे हैं। प्रियंका ने इस पोस्ट के साथ हैदराबाद पहुंचने की बात कही और कैप्शन में लिखा, 'मां और मालती।' एक और तस्वीर में प्रियंका ने लिखा, 'हैदराबाद हमने कर लिया।'



# एआई की मदद से बनाई रामायण सीरीज

**नई दिल्ली।** रामायण पर इतने टीवी शोज, फिल्में और एनिमेटेड फिल्में बन चुकी हैं, जिनका कोई हिसाब नहीं है। इतना ही नहीं, इस पर लगातार फिल्में बन भी रही हैं। इन दिनों मशहूर बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर भी रामायणम् नाम की फिल्म के लिए लगातार काम कर रहे हैं, जो दो पार्ट में रिलीज होने वाली है। इसका पहला पार्ट अगले साल और दूसरी पार्ट 2027 में रिलीज किया जाएगा। इसी बीच, 'रामायण' जल्द आने वाली एक सीरीज का ट्रेलर भी रिलीज हो चुका है, जो एआई की मदद से बनाई गई है और समस्या ये हो गई कि बहुत से लोगों ने इसे रणबीर की 'रामायणम' का ट्रेलर समझ लिया, जबकि सीरीज 'रामायण' के मेकर्स ने ट्रेलर के साथ कैप्शन में क्लियर कर दिया है कि ये उनकी अपनी ऑरिजनल सीरीज है, जिसे एआई द्वारा तैयार किया गया है।

## टीवी मसाला

# बिग बॉस में हो सकती है तारक मेहता की एंट्री

**नई दिल्ली।** रियलिटी टीवी शो बिग बॉस 19 के लिए शैलेश लोढ़ा को अप्रोच किए जाने की खबर है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' धारावाहिक के साथ सालों तक जुड़े रहे शैलेश का सीरियल से कॉन्ट्रोवर्शियल एग्जिट हुआ था। शैलेश लोढ़ा का अचानक शो से हटना काफी चर्चा में रहा था जिसके बाद में एक्टर ने इस बारे में खुलकर अपनी राय भी रखी। इससे पहले इस तरह अचानक शो से हटाए गए कुछ अन्य एक्टर्स को भी बिग बॉस में जगह मिल चुकी है। लेकिन क्या शैलेश लोढ़ा सलमान खान होस्टेड रियलिटी शो में आने के लिए हामी भरेंगे? माना जा रहा है कि इस तरह के शो में उनकी खास रुचि नहीं है, लेकिन फिर भी मेकर्स अभी उनकी हां या फिर ना का इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में सोढ़ी का किरदार निभा चुके गुरुचरण सिंह को बिग बॉस हाउस में लाने की खबर आई थी। मालूम हो कि बिग बॉस का यहां यह 19वां सीजन है, तो उस हिसाब से मेकर्स ने शो में काफी सारे नए बदलाव भी किए हैं जिनमें इस बार शो में रखी जा रही राजनीति वाली थीम भी शामिल है, देखना होगा कि पब्लिक का इसे कैसा रिस्पॉन्स मिलता है।



## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में पक्की हुई इन 2 एक्टर्स की जगह

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में अहम किरदार निभा रहे एक्टर हितेन तेजवानी और ऋतु चौधरी को शो की परमानेंट कास्ट बना दिया गया है। शो में हितेन तेजवानी तुलसी के बेटे करण विरानी का किरदार निभाते हैं और गौरी प्रधान तुलसी की बहू नंदिनी का किरदार निभाती हैं। इसके अलावा ऋतु चौधरी को शो में शोभा का किरदार दिया गया है। पिछले दिनों जब शो में करण और नंदिनी को विदेश जाने वाला प्लॉट आया तो ऐसा माना जाने लगा कि शो से इन किरदारों को हटाया जा रहा है। अब एक ताजा जानकारी में ऐसा सामने आया है कि हितेन तेजवानी, गौरी प्रधान और ऋतु चौधरी के किरदार की शो में जगह पक्की कर दी गई है। बता दें कि करण, नंदिनी और शोभा तीनों ही शो के कुछ सबसे पॉपुलर किरदारों में गिने जाते हैं। शो का दूसरा सीजन शुरू हुआ है तो इसमें भी तीनों एक्टर्स को काफी पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है।



# सैयारा की 300 करोड़ी क्लब में हुई एंट्री...

**मुंबई।** अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म सैयारा ने 300 करोड़ी क्लब में एंट्री ले ली है। यह कारनामा फिल्म ने सोमवार को 18वें दिन कर दिखाया है।

फिल्म विदेशों में भी धमाल कर रही है और वर्ल्डवाइड यह 400 करोड़ी क्लब का हिस्सा बन चुकी है। वहीं, भारतीय बॉक्स ऑफिस पर यह 300 करोड़ी फिल्मों वाली लिस्ट में नाम दर्ज करा चुकी है। फिल्म सैयारा ने रविवार को 17वें दिन आठ करोड़ रुपए का कारोबार किया था। फिल्म का इंडिया नेट कलेक्शन 300.11 करोड़ रुपए हो गया है। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म सैयारा 300 करोड़ी कुनबे में शामिल होने वाली ऐसी पहली फिल्म है, जिसमें नए सितारे हैं। वहीं, यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी यह पांचवी फिल्म है, जो 300 करोड़ी बनी है। सबसे तेज 300 करोड़ कमाने के मामले में फिल्म सैयारा ने वॉर, बजरंगी भाईजान और सुल्तान जैसी फिल्मों को धूल चटा दी है। वॉर ने 19 दिन में 300 करोड़ रुपए कमाए थे। वहीं, बजरंगी भाईजान ने 20 दिनों में और सुल्तान ने 35 दिनों में यह कारनामा कर दिखाया था।



# 21वीं सदी की 100 बेहतरीन फिल्मों की सूची में पैरासाइट नंबर एक पर

**नई दिल्ली।** हाल ही में 21वीं सदी (2000 के बाद) की सबसे बेहतरीन 100 फिल्मों की सूची जारी की गई है, जिसमें दुनियाभर के 500 से अधिक निर्देशकों, कलाकारों और क्रिटिक्स ने अपनी पसंदीदा फिल्मों को वोट किया। इस सर्वे में दुनियाभर के लोगों की पसंद, सिनेमा लवर्स और फिल्म मेकर्स के नजरिए को शामिल किया गया। इस सूची में ज्यादातर हॉलीवुड की फिल्में शामिल हैं।

***पहले नंबर पर है पैरासाइट :*** इस सदी की 100 बेहतरीन फिल्मों की लिस्ट में 1 जनवरी, 2000 के बाद से रिलीज हुई फिल्में शामिल हैं। इसमें कई ऑस्कर विनिंग फिल्में भी शामिल हैं। इस लिस्ट की टॉप पर सबसे ऊपर है पैरासाइट, जो साल 2019 में आई थी। बोंग जू एन की यह फिल्म गरीबी, वर्गीय विभाजन और सामाजिक संरचना पर तीखे व्यंग्य के जरिए कहानी कहती है। अमेरिकी इंडस्ट्री इसे 21वीं सदी की अब तक की सबसे प्रभावशाली फिल्म मानती है।



### टॉप पांच में शामिल रहीं ये फिल्में

अब अगर इस लिस्ट की टॉप 10 फिल्मों की बात करें तो, नंबर 1 पर पैरासाइट, फिर – डेविड लिंच की स्यूरेल थ्रिलर मूलोलैंड ड्राइव जो साल 2001 में रिलीज हुई थी। तीसरे स्थान पर साल 2007 में आई फिल्म- थेर विल बी ब्लड है जिसको पॉल थॉमस एंडरसन ने डायरेक्ट किया है। अगले नंबर पर फिल्म इन द मूड फॉर लव- वोंग कर-वाइ की शांति भरी प्रेम कहानी है। पांचवें स्थान पर साल 2016 की फिल्म मूनलाइट है।

### टॉप 10 में शामिल रहीं ये फिल्में

अब सातवें, आठवें और आखिरी दो फिल्मों की बात करें तो लिस्ट में बूढ़ों के लिए कोई देश नहीं (2007), धुंधले दिमाग का शाश्वत प्रकाश (2004), गेट आउट (2017), स्पिरिटेड अवे (2001) – मियाजाकी की एनीमेशन मास्टपिस, द सोशल नेटवर्क (2010) टॉप 10 में अपनी जगह बनाने में सफल रही हैं। नंबर 1 पर काबिज फिल्म पैरासाइट को न केवल क्रीटिक्स ने सराहा है, बल्कि रोटेन टोमेटोज पर इसे 97% सकारात्मक रिव्यू मिले हैं और यह फिल्म ने कुल 4 ऑस्कर (बेस्ट पिक्चर सहित) जीत चुकी है।

## देश की सुरक्षा के लिए एक अंडर कवर एजेंट के रूप में करती है काम

# इन फिल्मों में दिखाया गया कामकाजी महिलाओं का संघर्ष

*__नई दिल्ली।__ कामकाजी महिलाओं की मेहनत, समर्पण और पेशेवर कामयाबियों को मान्यता देने के लिए पूरी दुनिया में 'सिंगल वर्किंग वुमेन डे' मनाया जाता है। बॉलीवुड ने इस विषय को प्रमुखता से कवर किया है। बॉलीवुड की कई फिल्में हैं जो कामकाजी महिलाओं की कहानी दिखाती हैं।*

**तुम्हारी सुलु :** साल 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'तुम्हारी सुलु' में एक ऐसी महिला की कहानी दिखाई गई है, जो रेडियो जॉकी होती है। इस किरदार को विद्या बालन ने निभाया है। वह एक महत्वाकांक्षी गृहणी होती हैं, जो रात को प्रसारित होने वाले रिलेशनशिप सलाह शो में लोगों को सलाह देती हैं। फिल्म का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया था। इस फिल्म को दुनियाभर में खूब सराहना मिली।

**नाम शबाना :** साल 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'नाम शबाना' में एक ऐसी महिला की कहानी दिखाई गई है जो देश की सुरक्षा के लिए एक अंडर कवर एजेंट के रूप में काम करती है। इस किरदार को तापसी पन्नू ने निभाया है। तापसी पहले अपने साथ हुए अत्याचार करने वालों से बदला लेती हैं, उसके बाद देश के लिए काम करती हैं। शिवम नायर के निर्देशन में बनी यह फिल्म हिट रही थी।



***मर्दानी :*** *साल 2014 में रिलीज हुई फिल्म 'मर्दानी' में एक महिला पुलिस अधिकारी की कहानी दिखाई गई है जो अपना काम पूरी मेहनत और लगन से करती हैं। इस किरदार को रानी मुखर्जी ने निभाया है। रानी मुखर्जी एक अपहृत किशोरी की तलाश करती हैं। इस दौरान वह मानव तस्करी के रहस्यों को उजागर करती हैं। फिल्म का निर्देशन प्रदीप सरकार ने किया है। 16 करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 57 करोड़ रुपएकमाए थे।*

**कहानी :** फिल्म 'कहानी (2012)' में एक ऐसी महिला की कहानी दिखाई गई है, जिसके पति को कुछ अपराधी जान से मार देते हैं। इस किरदार को विद्या बालन ने निभाया है। विद्या बालन कोलकाता में आती हैं और अपने पति के अपराधियों को ढूंढ कर उनसे बदला लेती हैं। यह एक तरह से उनका काम है। सुजॉय घोष के निर्देशन में बनी इस फिल्म को काफी सराहा गया। 8 करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने 1.04 अरब रुपए कमाए।

**थप्पड़ :** फिल्म 'थप्पड़ (2020)' में एक ऐसी महिला की कहानी दिखाई गई है जो पढ़ी-लिखी होती है। वह ऑफिस में काम करने के बजाय घर में काम करना चुनती है। हालांकि, एक दिन जब उनका पति उनको थप्पड़ मार देता है तो तब कहानी बदल जाती है। फिल्म में तापसी पन्नू ने बहुत अच्छा किरदार निभाया है। तापसी पन्नू चाहती हैं कि उनके काम को अहमियत दी जाए, उन्हें इज्जत दी जाए। लेकिन, उनके पति उन्हें घर में काम करने वाली एक अदना सी औरत से ज्यादा नहीं समझते हैं। हालांकि, फिल्म के आखिर में उनका पति उनके काम को अहमियत देता है और माफी मांगता है।

**श्रावण मास में शिव महापुराण कथा के शुभ आयोजन में श्रद्धा, दर्शन और ज्ञान की त्रिवेणी बही**

# भगवान शिव के तेज से प्रकट हुए वीर कार्तिकेय : ब्रह्मचारी चैतन्यानंदजी

हरिभूमि, जबलपुर।

श्रावण मास की पवित्रता और शिवभक्ति की परम आभा में जबलपुर स्थित श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में श्री शिव महापुराण कथा और सहस्त्र रुद्री-अभिषेक का भव्य आयोजन जारी है। श्रद्धालुओं की उपस्थिति और दिव्य वातावरण के बीच प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग निर्माण, दुग्धाभिषेक, महाश्रृंगार और आरती संपन्न हो रही है। सोमवार की कथा में पूज्य ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी महाराज ने भगवान कार्तिकेय की उत्पत्ति और उनके तेजस्वी स्वरूप का गूढ़ वर्णन करते हुए कहा जब अधर्म की जड़ें गहरी होने लगीं, तब भगवान शिव ने अपने तेज से एक ऐसी शक्ति को जन्म दिया जो केवल संहार ही नहीं, संतुलन का प्रतीक बनी वह थे कार्तिकेय। उन्होंने बताया कि तारकासुर को ब्रह्मा से वरदान मिला था कि केवल शिवपुत्र ही उसकी मृत्यु का कारण बन सकता है। देवताओं की पुकार पर शिव के तेज से कार्तिकेय का जन्म हुआ। छह कृतिकाओं द्वारा पालन-पोषण के कारण उनका नाम कार्तिकेय पड़ा। उन्होंने तारकासुर का वध कर देवताओं को भय से मुक्त किया और



देवसेना के सेनापति बने। दक्षिण भारत में वे मुरुगन और शुभकर्ता देवता के रूप में पूजे जाते हैं।

## गणेश जी की उत्पत्ति का प्रसंग ने किया भावविभोर

कथा के दौरान गणेश जी की उत्पत्ति का प्रसंग भी अत्यंत भावविभोर कर देने वाला रहा। पूज्य महाराज श्री ने बताया कि माता पार्वती ने अपने उबटन से एक बालक को गढ़ा और उसमें प्राण डाल दिए। वह बालक गणेश बने। जब भगवान शिव ने प्रवेश करना चाहा, गणेश ने उन्हें रोका। क्रोधित होकर शिव ने उनका मस्तक काट दिया। पार्वती के वियोग में द्रवित होकर शिव ने एक हाथी का सिर गणेश के धड़ पर स्थापित कर उन्हें पुनर्जीवित किया और उन्हें प्रथम पूज्य होने का वरदान दिया।

### इसलिए हर कार्य की शुरूआत में प्रथम

ब्रह्मा जी की दो पुत्रियां रिद्धि और सिद्धि का विवाह गणेश जी से हुआ, जिनसे क्षेम (शुभ) और लाभ (समृद्धि) नामक दो पुत्र उत्पन्न हुए। गणेशजी आज भी मंगलमूर्ति और विघ्नहर्ता के रूप में प्रत्येक शुभ कार्य की शुरुआत का केंद्र हैं।

### संहार नहीं सृष्टि को संतुलन देने वाली चेतना

पूज्य चैतन्यानंद जी ने कहा भगवान शिव केवल संहार के देव नहीं, वे सृष्टि को संतुलन देने वाली चेतना हैं। उनके पुत्र गणेश और कार्तिकेय, ज्ञान और शक्ति के प्रतीक हैं। यह कथा मात्र पुराण नहीं जीवन को दिशा देने वाला दर्शन है।

### यह रहे उपस्थित-

इस दिव्य आयोजन में पद्मा मेनन, नीता पटेल, रमेश महावर, डॉ. दीपक बहरानी, डॉ. अभिलाष पांडे, संजय मिश्रा, अनुरुद्ध सिन्हा, शिखा तिवारी, प्रतीक्षा सिंह, अर्पिता खरे, मधु यादव, तुलसी अवस्थी, पीयूष दुबे, अंकित दीक्षित, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, आशीष चौकसे, सुनील गुप्ता, गौरव चौबे, रोहित साहू, राहुल मौर्य, अभिषेक उपाध्याय, सेन सहित अनेक श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।



# मित्रता दिवस पर लायंस क्लब 'जाबालि' की सखियों ने बांधा फ्रेंडशिप बैंड

हरिभूमि, जबलपुर।

**आपसी स्नेह, सहयोग और क्लब सशक्तिकरण पर हुई सकारात्मक चर्चा**

मित्रता दिवस के विशेष अवसर पर लायंस क्लब जबलपुर जाबालि की उपाध्यक्ष लायन अंजना शुक्ल के नेतृत्व में एक आत्मीय और प्रेरणादायक आयोजन 'लायंस मित्र मंडली' के नाम से आयोजित किया गया। यह आयोजन कल्चरल फैमिली रेस्टोरेंट, विजयनगर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिला सदस्यों ने एक-दूसरे की कलाई पर फ्रेंडशिप बैंड बांधकर न केवल मित्रता का उत्सव मनाया, बल्कि क्लब के प्रति आपसी समर्पण और सहयोग का संकल्प भी दोहराया। चाय, कॉफी और स्नैक्स के साथ हल्के-फुल्के माहौल में रिश्तों की गर्माहट और संगठनात्मक संवाद का सुंदर समन्वय देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान क्लब के सशक्तिकरण और आगामी सामाजिक गतिविधियों को लेकर आपसी विचार-विमर्श भी किया गया। सभी सदस्यों ने सुझाव दिया कि इसी प्रकार के मिलन कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि आपसी सामंजस्य और क्लब की कार्यक्षमता को नई दिशा मिल सके।

इस 'लायंस मित्र मंडली' में विशेष रूप से क्लब संरक्षिका लायन रश्मि गुप्ता, अध्यक्ष लायन सुनीता अग्रवाल, उपाध्यक्ष लायन अंजना शुक्ला, सचिव लायन शुभा खरे, कोषाध्यक्ष लायन उषा अग्रवाल, लायन मधुलिका कश्यप, लायन शकुंतला सिंह राणे सहित अनेक सक्रिय सदस्याएं उपस्थित रहीं।



# पिता अपनी पुत्री को हर माह ढ़ाई हजार भरण-पोषण राशि दे

**कुटुम्ब न्यायालय का आदेश**

**जबलपुर**। कुटुम्ब न्यायालय ने अपने एक आदेश में कहा कि पिता अपनी पुत्री को हर माह ढ़ाई हजार रुपये भरण-पोषण राशि दे। यह राशि प्रत्येक माह की 10 तारीख तक आवश्यक रूप से प्रदान करनी होगी।तृतीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश मुकेश कुमार दांगी की अदालत ने पत्नी को भरण-पोषण राशि के योग्य नहीं माना। किंतु उसके साथ रह रही पुत्री को योग्य माना।भरण-पोषण राशि पुत्री के वयस्क होने तक प्रतिमाह प्रदान करने को कहा गया है।

आवेदिका आम्बेडकर कालोनी, अधारताल निवासी रोशनी कोरी की ओर से अधिवक्ता संदेश दीक्षित ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आवेदिका का विवाह बिलहरी, जबलपुर निवासी आशीष कोरी के साथ हुआ था। दोनों की पुत्री का नाम रिया कोरी है। एक अप्रैल, 2015 को रोशनी व आशीष के विवाह के बाद से 25 जून, 2016 को रिया का जन्म हुआ था। प्रताड़ना के कारण आवेदिका परेशान रहती थी। यहां तक कि पुत्री सहित घर से भगा दिया गया। तब से वह मायके में निवास कर रही है। आशीष का खुद का मकान है, जिसका किराया आता है। उसकी 20 हजार मासिक आय भी है। इसलिए भरण-पोषण राशि दिलाई जाए। दूसरे पक्ष की ओर से दलील दी गई कि रोशनी की मां ने विवाद किया था। रोशनी उसी के बहकावे में स्त्री धन लेकर मायके चली गई थी। अदालत ने सभी तर्क सुनने के बाद पुत्री रिया के हक में राहतकारी आदेश पारित कर दिया।

# यूरिया डीएपी की लाईन से भड़का किसान

**शहपुरा मंडी के सामने लगाया जाम, जमकर प्रदर्शन नारेबाजी**

**जबलपुर**। यूरिया डीएपी के वितरण व्यवस्था में खामियों के चलते जबलपुर जिले का किसान इस कदर परेशान है कि रात रात भर किसान खाद वितरण केंद्रों में रुकने को मजबूर है। इसका कारण जिला प्रशासन द्वारा खाद वितरण की व्यवस्था व नियमों में परिवर्तन बताया जा रहा है। इस व्यवस्था के विरोध में भारतीय किसान संघ शहपुरा तहसील के नेतृत्व में सोमवार को मंडी में स्थित खाद वितरण केंद्र के सामने बड़ा धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंप खाद वितरण व्यवस्था बनाने, मूंग स्लॉट बुकिंग व खरीदी की तारीख बढ़ाने की मांग की गई। भारतीय किसान संघ के प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने यूरिया डीएपी वितरण व्यवस्था में गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासन जब शासकीय खाद वितरण केंद्रों को रैक से पूरी खाद दे रहा है तो वितरण केंद्रों में मिलने की बजाय खुले बाजार में कैसे पहुंच रही है। खुले बाजार में 400 रुपए में यूरिया की कोई कमी नहीं है। श्री पटेल ने कहा कि अधिकारी झूठी कार्यवाही का दिखावा कर भ्रष्टाचार व कालाबाजारी में लिप्त है और किसान लुट रहा है।

बैठक में रस्सी लेकर शहपुरा डबल लॉक पहुंचे पावला निवासी किसान सुरेश अग्रवाल का वीडियो जारी करते हुए किसान संघ के तहसील अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू ने बताया कि श्री अग्रवाल की तीन एकड़ जमीन है, उसी पर उनका परिवार निर्भर है। उन्हें तीन बोरी यूरिया चाहिए। लेकिन वो डेढ़ महीने से खाद वितरण केंद्रों के चक्कर लगा रहे हैं। आज स्थिति यह हो गई कि वो रस्सी लेकर शहपुरा डबल लॉक फांसी लगाने पहुंच गए। जिन्हें समझाकर घर भेजा गया। भारतीय किसान संघ के शहपुरा तहसील में हुए धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल, प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, प्रांत उपाध्यक्ष मोहन तिवारी, संभाग उपाध्यक्ष दामोदर सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष रामदास पटेल, जिला मंत्री धनंजय पटेल, किसान नेता अभय प्रताप सिंह, तहसील अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू, मंत्री धरम पटेल, अरविंद बहुनिया, अरुण गोटियां, रामकृष्ण सोनी, मुकुल पचौरी, महेंद्र सिंह, बीरेंद्र पटेल, दिनेश पटेल, शैलेंद्र पटेल, राहुल परिहार, सहित सैकड़ों किसानों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## ई-केव्हायसी कराना सभी के लिए है अनिवार्य : निगमायुक्त

**जबलपुर,**। निगमायुक्त प्रीति यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार समस्त नागरिकों एवं नगर निगम के अलावा अन्य संस्थाआं में भी कार्य करने वाले अधिकारियां कर्मचारियों के साथ आउटसोर्स के कर्मचारियों को समग्र आधार ई-केव्हायसी कराना अनिवार्य किया गया है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि आगामी माह में शासन द्वारा केवल आधार लिंक्ड समग्र आई.डी. को ही आधार इनेबल्ड पेमेंट के माध्यम से हितलाभ वितरण किया जायेगा। आधार ई-केव्हायसी नहीं कराने वाले नागरिकों को लाभ से वंचित होना पड़ेगा, इसलिए सभी नागरिकों से निगमायुक्त ने अपील की है कि हरहाल में समग्र आधार ई-केव्हायसी अवश्य कराऐं। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि भविष्य में स्कूल, कॉलेज में बच्चों के एडमिशन हेतु भी समग्र आई.डी. में ई-केव्हायसी नहीं होने पर आप शासन द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं से वंचित हो सकते है।

## स्मार्ट मीटर के खिलाफ जनसंगठनों का प्रदर्शन आज

**जबलपुर**। स्मार्ट मीटरों पर नागरिकों में भारी आक्रोष फैला हुआ है। फिर भी सरकार ने न तो जांच समिति गठित की न ही टेक्नीकल रिपोर्ट सार्वजनिक की हैं। सरकार चुप बैठी है। विभिन्न जनसंगठनों ने इस संबंध में ऊर्जा मंत्री तत्काल आदेश जारी करने की मांग की है। इसी मांग को लेकर आज 5 अगस्त को दोपहर 1 बजे घंटाघर पास जनसंगठन विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# जीएसआई का राष्ट्रीय सम्मेलन 7 अगस्त से

## खनिजों के खोज और दोहन पर होगा मंथन

**जबलपुर**। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई), मध्य क्षेत्र, नागपुर अपने 175वें स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में 7 से 8 अगस्त 2025 तक महत्वपूर्ण खनिजों की खोज और दोहन पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है। यह सम्मेलन होटल वेलकम, जबलपुर, मध्य प्रदेश में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश सरकार के गणमान्य व्यक्ति और जीएसआई के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

महत्वपूर्ण खनिजों की खोज और दोहन पर 7 विषयों पर तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएँगे, जिनमें विभिन्न जीएसआई, शैक्षणिक संस्थानों, नीति निर्माताओं, हितधारकों, शोध छात्रों और मीडिया कर्मियों के प्रतिभागी शामिल होंगे। सम्मेलन के विषयों पर आधारित बड़ी संख्या में तकनीकी सारांश प्राप्त होने पर वर्तमान प्रतिक्रिया के अनुसार भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, नागपुर, जबलपुर और भोपाल कार्यालय के अधिकारियों की एक टीम ने दिनेश वी. गणवीर, अपर महानिदेशक और विभागाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मिशन प्रमुख, जीएसआई, नागपुर की अध्यक्षता में इस सम्मेलन की योजना बनाई थी।

जबलपुर में महत्वपूर्ण खनिजों पर आयोजित इस सम्मेलन का उद्देश्य इन चुनौतियों और अवसरों से निपटने के लिए विचारों, अनुभवों और रणनीतियों के आदान-प्रदान हेतु एक व्यापक मंच प्रदान करना है, साथ ही नीति, नए खोज और सतत अभ्यासों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विकास और नए खोज के नए रास्ते तलाशना और वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा परिदृश्य में भारत का भविष्य सुरक्षित करना है।

यहां उल्लेखनीय है कि उचित होगा कि पिछले एक दशक के दौरान जीएसआई ने खान मंत्रालय के माध्यम से राज्य सरकारों और हितधारकों को 650 ब्लॉक सौंपे हैं। इन 650 ब्लॉकों में 307 भूवैज्ञानिक रिपोर्ट और 343 भूवैज्ञानिक ज्ञापन शामिल हैं। 650 जीआर और जीएम में से कुल 161 ब्लॉक महत्वपूर्ण खनिज वस्तुओं से संबंधित हैं। इसके अलावा, 34 अन्वेषण लाइसेंस ब्लॉक भारत सरकार के खान मंत्रालय के नामित अधिकारी, संयुक्त सचिव को सौंप दिए गए हैं।

# हत्या की नीयत से किया हमला, फिर मनाया बर्थडे भाजयुमो नेता मानव घनघोरिया गिरफ्तार

**गिरफ्तारी से बचने कोर्ट भागा, राहत नहीं मिली तो फरारी में मस्त रहा, जीएस कॉलेज से पुलिस ने दबोचा**

**हरिभूमि, जबलपुर**। राजनीति की आड़ में अपराध! यही कहिए जब भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मानव घनघोरिया हत्या के प्रयास जैसे संगीन अपराध में फरार रहते हुए आराम से अपना जन्मदिन मना रहा था। माढ़ोताल थाना क्षेत्र में 17 जुलाई की रात घटी वारदात में मानव घनघोरिया पर आरोप है कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर एक दुकानदार से 20 हजार रुपये की अवैध मांग की। इंकार करने पर गौरव बाजपेयी नामक दुकानदार पर चाकू से जानलेवा हमला किया गया। पीड़ित को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

### एफआईआर में धाराएं कोई मामूली नहीं हैं

मानव पर दर्ज हुई एफआईआर में गंभीर धाराओं को शामिल किया गया है। बीएनएस की धारा 119(1) (हत्या का प्रयास), 109 (उकसाना), 118(1) (अवैध दबाव), 296 (गाली-गलौज), 351(3) (गंभीर चोट), और 3(5) शामिल हैं।

### कोर्ट से भी नहीं मिली राहत, फिर भी घूमता रहा-

घटना के बाद मानव ने जबलपुर जिला अदालत में अग्रिम जमानत की याचिका लगाई, लेकिन न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत देने से साफ इंकार कर दिया। इसके बावजूद पुलिस की गिरफ़्त से दूर रहकर वह सोशल मीडिया पर फोटो पोस्ट करता रहा और जन्मदिन की खुशियाँ मनाता रहा।

### जीएस कॉलेज से गिरफ्तारी, भाजपा ने साधा मौन?

सोमवार को आखिरकार पुलिस ने उसे जीएस कॉलेज परिसर से दबोच लिया। गिरफ्तारी से पहले वह पूरी तरह गायब था, लेकिन पार्टी या संगठन की ओर से न तो कोई स्पष्ट बयान आया और न ही निलंबन की घोषणा। राजनीतिक गलियारों में इस गिरफ्तारी से हड़कंप मच गया है, क्योंकि इससे पहले एक कथित भाजपा नेता पर देह व्यापार के आरोप लगे थे और पार्टी ने दूरी बना ली थी।

## महापौर ने कहा हनुमानताल पर हलकी राजनीति कर रहा विपक्ष

# जब भुगतान ही नहीं हुआ तो भ्रष्टाचार कैसे: पाण्डेय

जबलपुर।

**जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में ताल-तलैयों को भी संरक्षित करने तथा उन्हें पर्यटन के रूप में विकसित करने का कार्य मध्य प्रदेश सरकार के नेतृत्व में नगर निगम जलपुर द्वारा कराया जा रहा है, उन्हीं कार्यों में हनुमानताल तालाब भी शामिल है। इन सब विकास कार्यों को देखकर विपक्ष में बौखलाहट है। बौखलाहट में अनाप-शनाप और अनर्गल बातों को मुद्दा बनाते हुए जनता को गुमराह करने का सिर्फ़ प्रयास किया जा रहा है, जो मिथ्या ही नहीं भ्रामक, निराधार एवं बिल्कुल बेबुनियाद है।**




यह बात महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं क्षेत्रीय विधायक अभिलाष पाण्डेय ने सोमवार को पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुये कही.

उन्होंने कहा हनुमानताल तालाब शहर की बड़ी धरोहर है और हम सभी की आस्था का केंद्र, इसमें विपक्ष हल्की राजनीति न करे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डे ने कहा कि लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत से हनुमानताल तालाब में ऐतिहासिक रूप से सौंदर्यीकरण के कार्य कराए जा रहे हैं। जिसमें 15वें वित्त आयोग और अमृत योजना के अंतर्गत लगभग 2 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत है, जिसके अंतर्गत हनुमानताल तालाब में अभी तक 30 लाख रुपये के कार्य पूर्ण कराए जा चुके हैं जिसमें मात्र ठेकेदार को जी.एस.टी. टैक्स सहित 12 लाख 56 हजार रुपये का ही भुगतान हुआ है. यह आंकड़ा स्पष्ट करता है कि जब ठेकेदार को भुगतान ही नहीं किया गया है, तो भ्रष्टाचार करने की बात सिर्फ़ निराधार और हल्की राजनीति का प्रतीक है।महापौर ने बताया कि तालाब के आस पास के क्षेत्र में सुंदर ढंग से विकसित करने के लिए डी-सिल्टिंग, फेंसिंग, एयरेटर, फाउंटेन, प्लांटेशन, रिटेनिंग वॉल, रिटेनिंग वॉल मेंटेनेंस, घाट मेंटेनेंस, स्टोन वर्क और पेंटिंग आदि के कार्य स्वीकृत हैं। स्वीकृत कार्यों के अनुरूप नगर निगम द्वारा अभी तक डी-सिल्टिंग, सर्फेस ड्रेसिंग का कार्य पूर्ण हो गया है, शेष कार्य प्रगति पर हैं। लगभग 8–9 महीने के अंदर अर्थात जनवरी 2026 तक हनुमानताल तालाब का कार्य पूर्ण कराकर लोकार्पित कर दिया जायेगा.पत्रकारवार्ता में नगर निगम के अध्यक्ष रिंकू विज, एमआईसी सदस्य विवेक राम सोनकर, दामोदर सोनी, अंशुल राघवेन्द्र यादव, रजनी कैलाश साहू आदि उपस्थित रहे।

### जनपद पंचायत सिहोरा की ग्राम पंचायत रानीताल का मामला

# अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्राम की उपेक्षा 2 साल से बिगड़ा ट्रांसफार्मर आज तक नहीं बदला

हरिभूमि सिहोरा।

जनपद पंचायत सिहोरा की ग्राम पंचायत रानीताल के अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्र ग्राम रामनगर में बीते दो साल से बिजली का नामोनिशान नहीं है। जून 2023 में ग्राम में बिजली आपूर्ति करने वाले 25 केव्ही का ट्रांसफार्मर बिगड़ जाने या जल जाने के बाद उसके बदले नहीं जाने से बीते दो साल से पूरे ग्राम में बिजली आपूर्ति ठप्प है। ग्राम वासियों ने बिगड़े जले ट्रांसफार्मर को बदलने मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी गोसलपुर के कनिष्ठ अभियंता सिहोरा ग्रामीण के सहायक अभियंता बिजली कंपनी सहित कार्यपालन अभियंता,ग्राम पंचायत, जनपद, जिला क्षेत्र के सदस्य, विधायक, सांसद के पास कई बार गुहार लगाई लेकिन सभी जगह भोले भाले अनुसूचित जनजाति के लोगों को केवल आश्वासन भर मिला लेकिन गांव का बिगड़ा जला ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया ।



### दर्जनों बार की शिकायत नतीजा सिफर ही रहा

ग्राम के लोग बीते दो साल में दर्जनों बार सिहोरा जबलपुर पहुंचे और ग्राम में बंद जले ट्रांसफार्मर को बदले जाने की गुहार लगाई लेकिन किसी ने उनकी गुहार नहीं सुनी मालूम रहे दो सौ घरों की बसाहट में 500 अनुसूचित जनजाति के लोग रहते हैं सभी आदिवासी कृषि मजदूरी रोपा लगाने फसल कटाई तकवारी पानी लगाने का काम करते हैं।ग्राम के लल्लू कोल,बबलू कोल,विजय कोल नरेश कोल राहुल कोल बलराम कोल छुट्टू कोल सुखचैन कोल सुंदर कोल आदि ने बताया ग्राम में 2 साल से बिजली आपूर्ति बंद होने से ग्राम की जल आपूर्ति बंद हो गई है और ग्रामवासी पीने के पानी की बूंद बूंद को तरसने को मजबूर हैं।

### समस्या हल करने कांग्रेस पार्षद राजेश चौबे ने सौंपा ज्ञापन

ग्राम वासियों ने बताया कि उन्होंने बिजली की समस्या को सिहोरा पहुंचकर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव पार्षद राजेश चौबे को बताया उन्होंने इस मामले में बिजली कंपनी के सिहोरा स्थित कार्यपालन अभियंता अमित विश्वकर्मा से बात की अधिकारी द्वारा ट्रांसफार्मर बदले जाने का आश्वासन देने के बाद ट्रांसफार्मर नहीं बदल गया और ग्राम की स्थिति जस की तस है और रोज की तरह हर शाम ढलते ही पूरा गांव घुप्प अंधेरे के आगोश में समा जाता है।

### बदलने के निर्देश दिये गये हैं

ग्राम रामनगर में बीते 2 साल से बंद जले 25 केव्ही के ट्रांसफार्मर की जानकारी मेरे संज्ञान में आई है ट्रांसफार्मर को तत्काल बदले जाने के कड़े निर्देश कार्यपालन अभियंता बिजली कंपनी सिहोरा संभाग को दिए गए हैं।

**संतोष बरकड़े**, विधायक सिहोरा

### शीघ्र कार्यवाही की जाएगी

रानीताल के ग्राम रामनगर के ग्राम में बंद ट्रांसफार्मर बदलने के लिए जनपद पंचायत की आवश्यक कार्यवाही शीघ्र पूरी की जाएगी।

**रश्मि मनेंद्र अग्निहोत्री**
जनपद पंचायत अध्यक्ष सिहोरा

### कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

ग्राम पंचायत रानीताल के ग्राम रामनगर में बीते 2 साल से बंद जले 25 केव्ही के ट्रांसफार्मर को अगर तीन दिन में नहीं बदला जाता तो कांग्रेस पार्टी बिजली कंपनी के सिहोरा स्थित संभागीय कार्यालय में धरना प्रदर्शन करने को विवश होगी।

**राजेश चौबे**, पार्षद प्रदेश महासचिव कांग्रेस कमेटी

### अधिकारियों को दिये जाएंगे निर्देश

ग्राम पंचायत रानीताल के ग्राम रामनगर में जले बिगड़े ट्रांसफार्मर को बीते साल में क्यों नहीं बदल गया इसकी जानकारी कंपनी के सहायक यंत्री सिहोरा ग्रामीण कनिष्ठ अभियंता गोसलपुर से लेकर ट्रांसफार्मर को बदलने की कार्यवाही शीघ्र करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए जाएंगे।

**अमित विश्वकर्मा**, कार्यपालन अभियंता, मध्य प्रदेश पूक्षेविविकं सिहोरा



ब्रह्मलीन आदर्श मुनि त्रिवेदी की स्मृति में अधिवक्ताओं ने नर्मदा तट से निकाली न्याय साधना की पदयात्रा

# न्याय काँवड़ यात्रा बनी श्रद्धा, आस्था और न्याय चेतना का अद्वितीय संगम

हरिभूमि, जबलपुर।

न्यायधानी जबलपुर ने एक ऐतिहासिक और अद्वितीय आयोजन का साक्षी बनते हुए श्रद्धा, स्मृति और न्याय की साधना को एक साथ सहेजा। ब्रह्मलीन आदर्श मुनि त्रिवेदी जी की पुण्य स्मृति में अधिवक्ताओं द्वारा आयोजित न्याय काँवड़ यात्रा ने न केवल विधि जगत को आंदोलित किया बल्कि एक आध्यात्मिक चेतना को भी स्वर दिया।

यह यात्रा एक श्रद्धांजलि मात्र नहीं थी, यह विधि-विवेक और आस्था की साझी जलयात्रा थी जिसमें काँवड़ बन गई न्याय की तुला, एक पात्र में न्याय का नीर और दूसरे में करुणा की धारा। तिलवारा घाट से प्रारंभ हुई यह काँवड़ पदयात्रा श्री चिंतामणि नर्मदेश्वर महादेव मंदिर तक पहुँची, जहाँ अधिवक्ताओं ने माँ नर्मदा के पावन जल से महादेव का जलाभिषेक किया और कामना की कि जबलपुर में न्याय की धारा नर्मदा के जल की भांति अविरल और निर्मल बहती रहे।

इस न्याय यात्रा का नेतृत्व परम तपस्वी ब्रह्मचारी शाश्वतानंद जी ने किया। उन्होंने काँवड़ की संकल्पना को न्याय की प्रक्रिया से जोड़ते हुए कहा काँवड़ बाँस की डंडी पर टँगा पात्र नहीं, वह न्याय-तुला का प्रतीक है। अधिवक्ता उसी संतुलन के सनातनी काँवड़िए हैं जो तर्क और संयम से न्याय के शिवलिंग का अभिषेक करते हैं।

आस्था और विधि का यह संगम, केवल प्रतीकात्मक नहीं था, यह एक संदेश था कि अधिवक्ता केवल विधिवेत्ता नहीं, समाज के विवेक के संरक्षक हैं। न्याय की प्रक्रिया कोई शुष्क अनुच्छेद नहीं, बल्कि सतत चलने वाला संस्कार है। और यह काँवड़ यात्रा उसी संस्कार की चेतना को जनमानस तक पहुँचाने का माध्यम बनी। इस ऐतिहासिक आयोजन में न्याय जगत की प्रतिष्ठित हस्तियां, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, युवा व वरिष्ठ अधिवक्ता, सामाजिक प्रतिनिधि एवं सैकड़ों श्रद्धालु सम्मिलित हुए। प्रमुख उपस्थितजनों में अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, उपाध्यक्ष प्रशांत अवस्थी, असीम त्रिवेदी, सुशील तिवारी, प्रवीर पाल, शशांक शुक्ल, पंकज तिवारी, शैलेश पाठक, सी एम तिवारी, विनीत टेहेनगुनिया, रीतेश शर्मा, संदीप दुबे, अशोक गोस्वामी, नरेंद्र त्रिपाठी, नीति अवस्थी, शिवम प्यासी आदि शामिल रहे।



फिल्मी गीतों पर महिलाओं ने किया नृत्य

# ग्रीन सेलिब्रेशन कर मनाई हरतालिका

हरिभूमि न्यूज, जबलपुर

विश्वकर्मा महिला महासंगठन द्वारा महिलाओं के मनोबल और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सावन उत्सव का आयोजन बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य नमृता विश्वकर्मा रहीं। इस अवसर पर महिलाओं के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाओं ने फिल्मी गीतों पर नृत्य कर आयोजन को उल्लासमय बना दिया। इस अवसर पर छाया विश्वकर्मा, पिंकी विश्वकर्मा, लक्ष्मी कुशवाहा, संगीता पाली सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया, जबकि अन्य सहभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। महिलाएं अपने घर-परिवार की जिम्मेदारियों में इतनी व्यस्त रहती हैं कि स्वयं के लिए समय निकालना उनके लिए कठिन हो जाता है। ऐसे आयोजनों का उद्देश्य उन्हें मानसिक आनंद, आत्मबल और सामाजिक मंच प्रदान करना है, जिससे वे अपने अंदर की शक्ति और प्रतिभा को महसूस कर सकें। विश्वकर्मा महिला महासंगठन संस्था महिलाओं के सर्वांगीण विकास, आत्मनिर्भरता और उनकी समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर कार्य कर रही है। इस कार्यक्रम में नगर की महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और संस्था की पहल की सराहना करते हुए इसे नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक प्रयास बताया।

# भारी चश्में के नंबर से भी अब मिलेगा छुटकारा

**जबलपुर।** इंडियन सोसाइटी ऑफ कॉर्निया एंड कैरेटो-रेफ्रेक्टिव सर्जरी फॉर कैरेटो-रेफ्रेक्टिव सर्जनस की राष्ट्रीय कांफ्रेंस 1-3 अगस्त को दिल्ली में आयोजित हुई जिसमें देश-विदेश के अनेक ख्यातिलब्ध नेत्र-विशेषज्ञों ने भाग लिया । इस कांफ्रेंस में नगर के प्रतिष्ठित नेत्र-विशेषज्ञ डॉ. पवन स्थापक ने ' बेस्ट प्रैक्टिस एंड सर्जिकल पर्ल्स ऑफ़ फेकिक आई.ओ.एल. ' विषय पर अपनी रिसर्च प्रस्तुत की। इस रिसर्च से यह स्पष्ट हुआ की भारी नंबर का चश्मा लगाने वाले लोगों को भी अब चश्मे से छुटकारा मिल सकेगा । अभी तक ऐसे मरीज जिनकी कॉर्निया की मोटाई काम होती थी उनके सामने चश्मे से आज़ादी के विकल्प बहुत काम थे पर फेकिक आई.ओ.एल. जो की अत्यंत आधुनिक और सुरक्षित है के माध्यम से चश्मे के नंबर से छुटकारा मिल सकेगा। इस लेंस को आँख के अंदर अत्याधुनिक शल्यक्रिया के द्वारा प्राकृतिक लेंस के ऊपर प्रत्यारोपित कर दिया जाता है।



# एक पेड़ मां के नाम से रोपे 110 पौधे



**सिहोरा।** अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे, जिला महामंत्री राजेश दहिया,विधानसभा प्रभारी अनुपम सारफ,मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल,जनपद सदस्य नीरज पांडे,शिशिर पांडे,माधव मिश्रा,मंडल महामंत्री सुग्रीव सेन,संदीप राही,अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष अशोक चौधरी,सुप्पी बर्मन, सुनील चक्रवर्ती,प्रमोद चौधरी,जितेंद्र पटेल,गजेंद्र सिंह राहुल पटेल,सुशीला शुक्ला,गीता पटेल, ,आकाश कुशवाहा,संजय कोल,शैलेंद्र,विश्वकर्मा, नीरज कोल,संदेश विश्वकर्मा,राम भजन यादव आदि ने मिलकर 110 पौधों का पौधारोपण किया।

बाबा बर्फानी के भी भक्तों ने किए दर्शन

# चौथे सावन सोमवार को भी किया पार्थिव शिवलिंग निर्माण

**सिहोरा।** श्रावण मास के चौथे एंव अंतिम सोमवार को भी सिद्ध पीठ स्थल शिवमंदिर बाबाताल में ब्राह्मण समाज सिहोरा के तत्वावधान में भक्तों ने पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर उनका पूजन अर्चन किया । सुबह से ही आस्था के केन्द्र शिवमंदिर में भक्तों का तांता लग गया था कोई भोलेनाथ को जल अर्पित कर रहा था तो कोई पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर हर हर महादेव के जयकारे लगा रहा था पूरा बाबाताल प्रांगण दोपहर होते होते शिव भक्तों से भर गया था। सभी ने दो दर्जन से अधिक कोपरों में शिवलिंग निर्माण कर मंदिर में विराजमान भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

### बाबा बर्फानी का किया पूजन अर्चन

आखरी सोमवार को शिव मंदिर बाबाताल में स्थापित की गई अमरनाथ के बाबा बर्फानी की प्रतिमा के भी भक्तों ने दर्शन कर पूजन अर्चन किया। तथा खितौला से सिहोरा आई कांवड़ यात्रा में शामिल कांवड़ियों ने भी भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। एंव बाबाताल में आयोजित भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।



### शिवजी का किया रुद्राभिषेक अभिषेक

बाबाताल में भक्तों द्वारा किए गये पार्थिव शिवलिंग निर्माण का पूर्ण श्रद्धा भक्ति भाव के साथ पंडित अरुण मिश्रा ने विधिवत रुद्राभिषेक एंव अभिषेक कराया तथा भक्तों ने हिरन नदी में विसर्जन किया। समाज द्वारा आयोजित इस धार्मिक आयोजन की सभी ने भूरी भूरी प्रशंसा की है। आयोजन को सफल बनाने में ब्राह्मण समाज के संरक्षक अश्वनी कुमार पाठक, नंदकुमार परोहा, अध्यक्ष राकेश पाठक, महामंत्री प्रवीण कुररिया इंद्रकुमार पांडे, गोपाल पाठक, एड राजकिशोर तिवारी, नरेन्द्र त्रिपाठी, संजू दुबे आदि का सराहनीय योगदान रहा।

दिगम्बर जैन महिला परिषद ने पुलिस अधिकारियों को राखी बांधकर जताया आभार

# रक्षा सूत्र से सजी पुलिस की सराहना

हरिभूमि, जबलपुर।

रक्षा बंधन पर्व के पावन अवसर पर अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महिला परिषद, सुंदरी संभाग जबलपुर की सदस्यों ने सुरक्षा और सेवा में सतत योगदान देने वाली पुलिस प्रशासन के प्रति कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त करते हुए एक भावभीनी पहल की। परिषद की सदस्यों ने पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और उन्हें राखी के माध्यम से समाज की रक्षा हेतु समर्पित सेवा का प्रतीक मानते हुए शुभकामनाएं दीं। साथ ही पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया कि वे दिन-रात समाज की सुरक्षा में जुटे रहते हैं। राखी कार्यक्रम के दौरान एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, एएसपी क्राइम अपराध जितेन्द्र सिंह, रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य एवं कंट्रोल रूम प्रभारी सतीश झारिया को भी परिषद की सदस्यों ने राखी बांधकर रक्षा सूत्र का सम्मान प्रदान किया। परिषद अध्यक्ष मौली जैन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य पुलिस द्वारा सुरक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे सतत और साहसिक कार्यों के प्रति आभार प्रकट करना है। साथ ही यह कार्यक्रम सामाजिक समरसता, सद्भाव और नागरिकों व पुलिस के बीच परस्पर विश्वास को मजबूत करने का संदेश भी देता है।




# विधानसभा में गूंजा सिहोरा नगर पालिका के वाहनाला अतिक्रमण का मामला

### विधायक संतोष बरकडे ने लगाया था प्रश्न

**सिहोरा।** सिहोरा नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वाहनाला में अतिक्रमण कर उसे संक्रीण करने का मामला विधानसभा में गूंजा। विधानसभा सत्र के दौरान सिहोरा विधायक संतोष बरकडे ने प्रश्न के माध्यम से नगरीय विकास मंत्रालय एंव आवास मंत्री से जानकारी चाही कि (क) सिहोरा नगर पालिका क्षेत्र में एक प्रमुख नाला बहता है जो समय के साथ संकीर्ण हो गया है तथा उस पर अनेक लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है? (ख) क्या शासन ने उक्त नाले के रख-रखाव सीमांकन एवं अतिक्रमण हटाने के संबंध में अब तक कोई कार्रवाई की है? यदि हाँ तो विवरण देवें। यदि नहीं तो क्यों? (ग) क्या शासन इस नाले का विधिवत सीमाकंन कराकर अतिक्रमण हटवाने एवं नाले को उसकी मूल स्थिति में लाकर वर्षा ऋतु में जल भराव से बचाने हेतु कोई ठोस योजना बना रहा है? आदि के संबंध में जानकारी चाही। जिसके जबाब में बताया गया कि क्षेत्र में प्रमुख बाह्य नाला बहता है जिसमें स्थायी अतिक्रमण नहीं है। नाले के आस-पास मिट्टी पूरकर अतिक्रमण करने की शिकायत प्राप्त होने पर नगर पालिका परिषद् द्वारा संबंधितों को पत्र क्र. 1390 दिनांक 16/5/24 से नोटिस दिया गया तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिहोरा को रोक लगाने व संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु पत्र क्र. 1404 दिनांक 17/5/24 दिया गया। नगर पालिका परिषद् सिहोरा द्वारा अस्थायी अतिक्रमण हटाये गये हैं तथा वर्तमान में वर्षा ऋतु में जल भराव न हो इस हेतु नाले की समय-समय पर सफाई कराई गई है। (ख) जी हाँ, उत्तरांश (क) अनुसार। (ग) नगर पालिका परिषद् सिहोरा द्वारा उत्तरांश अनुसार समय-समय पर कार्यवाही की गई है, जिसमें शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।






**श्री मनमोहन तिवारी-** त्रिमूर्ति नगर अघोरी बब्बा मंदिर के पास निवासी श्री मनमोहन तिवारी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जसवंत सिंह राणा-** कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री जसवंत सिंह राणा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शकुन बाई-** सेठी नगर रामपुर निवासी श्री प्रेम लाल गोतेल की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन बाई का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रेवा लाल चौधरी-** बापू नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री झुन्नी लाल चौधरी के पुत्र श्री रेवा लाल चौधरी (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री लाल सिंह-** बिलहरी निवासी श्री लाल सिंह (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती प्रेमा बाई केवट-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री रामनिवास केवट की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमा बाई केवट (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गिरजानंद यादव-** कंचनपुर रेतनाका गौरीघाट निवासी श्री गिरजानंद यादव (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कस्सो बाई चौधरी-** रविदास नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री विश्राम चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती कस्सो बाई चौधरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती ममता गुहेरा-** बिलपुरा कॉलोनी व्हीकल निवासी श्री योगेश गुहेरा की धर्मपत्नी श्रीमती ममता गुहेरा (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई ग्रानिया-** सेठी नगर एमजीएम स्कूल के पास गुप्तेश्वर रोड निवासी श्री राम प्रसाद ग्रानिया की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई ग्रानिया (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री नील कमल रान-** बागड़ी मोहल्ला सदर निवासी श्री बद्री प्रसाद रान के पुत्र श्री नील कमल रान (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती हर्ष बाला नैय्यर-** मदनमहल प्रेमनगर पोस्ट ऑफिस के पीछे निवासी श्री राजकुमार नैय्यर की धर्मपत्नी श्रीमती हर्ष बाला नैय्यर (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री वीरेंद्र नाथ साहू-** अमीरगंज कटनी निवासी श्री वीरेंद्र नाथ साहू (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती निर्मला ताड़गे-** कांचघर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी श्री केशव राव ताड़गे की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला ताड़गे (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री अशोक शेखर-** कृष्णा कॉलोनी धोबीघाट गोराबाजार निवासी श्री अशोक शेखर (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कैलाश नारायण तिवारी-** शास्त्री विहार चंडालभाटा निवासी श्री कैलाश नारायण तिवारी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362110

## खबर संक्षेप

### एक्जो नोबेल इंडिया का शुद्ध लाभ घटकर 91 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** पेंट बनाने वाली कंपनी एक्जो नोबेल इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 20.6 प्रतिशत घटकर 91 करोड़ रुपये रहा। कमजोर उपभोक्ता मांग के बीच बिक्री में कमी के कारण कंपनी के एकीकृत शुद्ध लाभ में यह गिरावट आई।

### विक्रम सोलर को बोंडाडा ग्रुप से मिला बड़ा ऑर्डर




**नई दिल्ली।** सौर ऊर्जा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी विक्रम सोलर को महाराष्ट्र में एक परियोजना के लिए बोंडाडा ग्रुप से 250 मेगावाट क्षमता वाले सौर मॉड्यूल की आपूर्ति का बड़ा ऑर्डर मिला है। कंपनी ने इस ऑर्डर के कुल मूल्य का खुलासा नहीं किया है। विक्रम सोलर ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इन सौर मॉड्यूलों की आपूर्ति वित्त वर्ष 2025-26 में ही शुरू हो जाएगी।

### टेस्ला ने मस्क को दिए 29 अरब डॉलर के शेयर





**वाशिंगटन।** अमेरिकी कंपनी टेस्ला ने सीईओ एलन मस्क को लगभग 29 अरब अमेरिकी डॉलर के 9.6 करोड़ सशर्त शेयर दिए हैं। अमेरिका में डेलावेयर की अदालत ने मस्क के भारी-भरकम वेतन पैकेज को रद्द करने के लिए कंपनी को आदेश दिया था। इसके ठीक छह महीने बाद उन्हें उक्त शेयर देने का फैसला किया गया।

### एथर एनर्जी को 178 करोड़ रुपए का हुआ शुद्ध घाटा




**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी एथर एनर्जी को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 178 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ है। कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 183 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। एथर एनर्जी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि समीक्षाधीन अवधि में कुल आय बढ़कर 673 करोड़ रुपये हो गई।

### मैरिको का लाभ 8.23 फीसदी बढ़कर 513 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के उपयोग की घरेलू वस्तुएं (एफएमसीजी) बनाने वाली प्रमुख कंपनी मैरिको लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 8.23 प्रतिशत बढ़कर 513 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय बाजार में बिक्री बढ़ने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत प्रदर्शन के कारण कंपनी को यह लाभ हुआ।

### भारत का चाय उत्पादन जून में नौ प्रतिशत घटा



**कोलकाता।** भारत का चाय उत्पादन जून में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत घटकर 13.35 करोड़ किलोग्राम रह गया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जून 2024 में देश में 14.67 करोड़ किलोग्राम चाय का उत्पादन हुआ था। भारतीय चाय संघ के अनुसार, उत्पादन में गिरावट प्रतिकूल मौसम और कीटों के हमले के कारण हुई। पश्चिम बंगाल और असम सहित उत्तर भारत में उत्पादन जून में घटकर 11.25 करोड़ किलोग्राम रह गया जबकि पिछले साल जून में यह 12.15 करोड़ किलोग्राम था।

# चीन ने क्रिप्टोकरेंसी पर चलाया हथोड़ा, 12 साल बाद लिया सबसे बड़ा फैसला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चीन में बिटकॉइन, इथेरियम समेत सभी क्रिप्टोकरेंसी पर सख्त बैन लागू हो गया है। अब न तो कोई क्रिप्टो माइनिंग कर सकेगा, न ट्रेडिंग, और न ही इससे जुड़े किसी सर्विस या ऐप का इस्तेमाल करेगा। चीन सरकार ने इसे आर्थिक जोखिम, मनी लॉन्ड्रिंग और डिजिटल युआन को बढ़ावा देने के नाम पर पूरी तरह अवैध घोषित कर दिया है।

- चीन ने डिजिटल युआन को बढ़ावा देने के नाम पर क्रिप्टो को अवैध घोषित किया

क्रिप्टो माइनिंग-अब चीन में बिटकॉइन जैसी क्रिप्टोकरेंसी की माइनिंग गैरकानूनी है। क्रिप्टो ट्रेडिंग-कोई व्यक्ति, कंपनी या ऐप क्रिप्टो का लेन-देन नहीं कर सकते। ऑफशोर सर्विसेस भी बैन-चीन के नागरिक अगर विदेशी एक्सचेंज से भी क्रिप्टो खरीदते हैं, तो वह भी कानून के दायरे में आएंगे।

**अब न ही कोई क्रिप्टो माइनिंग कर सकेगा और न ट्रेड्रिंग**

### क्रिप्टो मार्केट पर क्या असर पड़ेगा?

बीते सालों में भी जब चीन ने बैन लगाया, बिटकॉइन जैसी करेंसी 10-30 प्रतिशत तक गिर गई थीं, लेकिन कुछ हफ्तों में फिर रिकवरी हो गई। इस बार भी एक्सपर्ट मान रहे हैं कि क्रिप्टो ट्रेडिंग का सेंटर बस दूसरी जगह शिफ्ट होगा, खत्म नहीं होगा। जैसे-अमेरिका, हांगकांग, कजाखस्तान, दुबई में शिफ्ट हो सकता है।



### क्या चीन में अब क्रिप्टो रखना भी जुर्म होगा?

फिलहाल सिर्फ माइनिंग, ट्रेडिंग और सर्विस पर बैन है। लेकिन भविष्य में निजी होल्डिंग पर भी पाबंदी लग सकती है, क्योंकि सरकार सिर्फ डिजिटल युआन को प्रमोट करना चाहती है। चीन का ये बैन नई बात नहीं, बल्कि बीते 10 साल की सख्ती का अंतिम कदम है। इसका मकसद है कि क्रिप्टो की जगह सरकार की अपनी डिजिटल करेंसी चले। लेकिन इतिहास बताता है कि ऐसे बैन से क्रिप्टो का अंत नहीं होता, बस रास्ता बदलता है। हांगकांग अब एक नया क्रिप्टो हब बनकर उभर सकता है, जहां चीनी निवेशक कानूनी रास्ते से ट्रेड कर सकते हैं।

### अब ये फैसला क्यों?

सरकार को डर है कि क्रिप्टो से पैसा देश से बाहर जा रहा है। ऊर्जा खपत बहुत ज्यादा होती है क्रिप्टो माइनिंग में। फाइनेंशियल सिस्टम पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए सरकार अब डिजिटल युआन यानी अपने खुद के डिजिटल करेंसी को प्रमोट कर रही है।

### पहले भी चीन ने की है सख्ती

चीन ने 2013 में बैंकों को बिटकॉइन से लेनदेन करने से मना किया गया। उसके बाद सन 2017 में आईसीओ और एक्सचेंजों पर बैन लगाया। सन 2021 में माइनिंग पर बड़ी कार्रवाई हुई थी। अब 2025 में इसे पूरी तरह 'अपराध' घोषित कर दिया गया है।

## यूनियन ने बताया कर्मचारी सोमवार मध्य रात्रि से हड़ताल पर गए

# दिग्गज कंपनी बोइंग में जेट बनाने का काम ठप पड़ा, 3200 कर्मचारी गए हड़ताल पर

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

बोइंग के लड़ाकू विमान बनाने वाले कर्मचारी सोमवार को केंद्रीय मानक समय के अनुसार मध्य रात्रि से हड़ताल पर चले गए। 'इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ मशीनिस्ट्स एंड एयरोस्पेस वर्कर्स यूनियन' ने रविवार को बताया कि सेंट लुईस, सेंट चार्ल्स, मिसौरी और मैस्काउटा (इलिनोइस) स्थित बोइंग संयंत्रों में कार्यरत करीब 3,200 कर्मचारियों ने बोइंग के साथ संशोधित चार-वर्षीय श्रम समझौते को अस्वीकार करने के लिए मतदान किया।

यह मतदान पिछले सप्ताह सदस्यों द्वारा संकटग्रस्त कंपनी के पूर्व प्रस्ताव को अस्वीकार करने के बाद हुआ, जिसमें चार वर्ष में 20 प्रतिशत वेतन वृद्धि का प्रस्ताव था। यूनियन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'बोइंग के 200 उच्च-कुशल आईएएम यूनियन सदस्य आधी रात को हड़ताल पर चले गए...। मध्यपश्चिम क्षेत्र के लिए यूनियन के महासचिव सैम सिसिनेली ने एक बयान में कहा, '' आईएएम डिस्ट्रिक्ट 837 के सदस्य ऐसे विमान और रक्षा प्रणालियां बनाते हैं जो हमारे देश को सुरक्षित रखती हैं। वे ऐसे अनुबंध के हकदार हैं जो उनके परिवारों को सुरक्षित रखे और उनकी बेजोड़ विशेषज्ञता को मान्यता दे।



- चार वर्षीय श्रम समझौते को अस्वीकार करने के लिए किया मतदान
- चार वर्ष में 20 प्रतिशत वेतन वृद्धि का प्रस्ताव था
- यूनियन के सदस्यों ने बोइंग के नवीनतम प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया

***पहले यूनियन प्रस्ताव को मंजूरी देने वाला था :*** *यूनियन के नेताओं ने उस समय इस प्रस्ताव को मंजूरी देने की सिफारिश की थी और इसे एक ''ऐतिहासिक समझौता'' करार दिया था। उन्होंने कहा था कि इस प्रस्ताव से चिकित्सकीय, पेंशन और कामकाजी घंटों से इतर काम करने के लाभों में सुधार होगा। इसके बाद एक सप्ताह के भीतर ही यूनियन के सदस्यों ने बोइंग के नवीनतम प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया।*

***कंपनी दो विमानों के दुर्घटनाग्रस्त होने से संघर्ष कर रही :*** *कंपनी अपने दो बोइंग 737 मैक्स विमानों के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद से संघर्ष कर रही है। 2018 में इंडोनेशिया में और 2019 में इथियोपिया में इसके विमानों के दुर्घटनाग्रस्त होने से 346 लोगों की जान गई थी।*

### बोइंग प्रस्ताव ठुकराने से निराश

*बोइंग एयर डोमिनेंस के उपाध्यक्ष एवं महाप्रबंधक डैन गिलियन ने कहा, '' हमें निराशा है कि हमारे कर्मचारियों ने प्रस्ताव ठुकरा दिया .. हम हड़ताल के लिए तैयार हैं और हमने अपनी आकस्मिक योजना को पूरी तरह से लागू कर दिया है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हड़ताल न करने वाले हमारे कर्मचारी और ग्राहकों को कोई परेशानी न हो।'*

### कंपनी ने आय में सुधार होने की घोषणा की थी

बोइंग ने, उसकी दूसरी तिमाही की आय में सुधार होने और घाटा कम होने की मंगलवार को घोषणा की थी। कंपनी को दूसरी तिमाही में 61.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर का घाटा हुआ, जबकि पिछले साल इसी अवधि में उसे 1.44 अरब अमेरिकी डॉलर का घाटा हुआ था।

### लंबी हड़ताल से कंपनी को नुकसान का खतरा

अगर हड़ताल लंबी चली, तो बोइंग के फाइटर जेट और डिफेंस सिस्टम के उत्पादन और डिलीवरी में देरी हो सकती है। इससे कंपनी की वित्तीय स्थिति प्रभावित हो सकती है। 2024 में सिएटल में 33,000 बोइंग कर्मचारियों ने सात हफ्ते तक हड़ताल की थी। इसके बाद उन्होंने 38% वेतन वृद्धि वाला समझौता स्वीकार कर लिया था।

# आयकर विभाग ने 'पैन 2.0' परियोजना के लिए एलटीआईमाइंडट्री को चुना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आयकर विभाग ने पैन 2.0 परियोजना को लागू करने के लिए आईटी कंपनी एलटीआईमाइंडट्री लिमिटेड का चयन किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पैन 2.0 परियोजना पैन और टैन से संबंधित मुद्दों का व्यापक रूप से समाधान करेगी।

इसमें आवंटन, अपडेट/सुधार, आधार-पैन को जोड़ना, फिर से जारी करने के अनुरोध, ऑनलाइन पैन सत्यापन आदि शामिल हैं। इसका मकसद जनता के लिए सेवा की गुणवत्ता बढ़ाना और शिकायत निवारण प्रणाली में सुधार के लिए पैन/टैन प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। पैन 2.0 परियोजना सफल बोलीदाता मेसर्स एलटीआईमाइंडट्री लिमिटेड को दी गई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि परियोजना के 18 महीनों में लागू होने की उम्मीद है। एलटीआईमाइंडट्री परियोजना के डिजाइन, विकास, कार्यान्वयन, संचालन और



- इसमें आवंटन, अपडेट/सुधार, आधार-पैन को जोड़ना शामिल है
- परियोजना के 18 महीनों में लागू होने की उम्मीद

रखरखाव के लिए प्रबंधित सेवा प्रदाता के रूप में काम करेगी। हमें यह प्रतिष्ठित पैन 2.0 परियोजना सौंपी गई है, जिसका मकसद प्रौद्योगिकी आधारित नवाचार के जरिये पैन जारी करने की प्रक्रिया और सुरक्षा को बेहतर बनाना है।'' मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने 25 नवंबर, 2024 को आयकर विभाग की 1,435 करोड़ रुपये की पैन 2.0 परियोजना को मंजूरी दी थी। परियोजना करदाताओं की जरूरत को पूरा करती है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

**// द्वितीय निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से ऑनलाईन निवदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Tender ID 2025_UAD_440960_1 Pro- 407 Date- 04/08/2025 | संभाग क्र. 01 गढ़ा अंतर्गत संजीवनी नगर क्षेत्र में दुर्गा मंदिर के पास से रेलवे लाईन तक मरम्मत एवं कांक्रिटिंग कार्य। | 8.18 लाख 02 माह | 2000/- 8180/- | 12/08/2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम जबलपुर

# धातु, वाहन शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 419 अंक उछला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच धातु, जिंस एवं वाहन शेयरों में तेजी रहने से सोमवार को बीएसई सेंसेक्स लगभग 419 अंक बढ़कर 81,000 के स्तर के ऊपर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 157 अंकों की तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 418.81 अंक यानी 0.52 प्रतिशत बढ़कर 81,018.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 493.28 अंक चढ़कर 81,093.19 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी भी 157.40 अंक यानी 0.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,722.75 अंक पर बंद हुआ।जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /''घरेलू शेयर बाजार में धातु और वाहन क्षेत्रों के मजबूत प्रदर्शन के कारण तेजी आई। अमेरिकी डॉलर में कमजोर रुख के साथ वाहनों की



- निफ्टी 157 अंक मजबूत रहा
- वैश्विक बाजारों में भी मजबूत रुख रहा

मासिक बिक्री के अच्छे आंकड़ों और प्रमुख वाहन कंपनियों के उत्साहजनक तिमाही नतीजों ने इन क्षेत्रों में निवेशकों की रुचि को फिर जगाया। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कंपोजिट सकारात्मक दायरे में बंद हुए जबकि जापान का निक्की सूचकांक गिरावट में रहा। यूरोप के बाजार दोपहर कारोबार में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

### टाटा स्टील में रही तेजी

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से टाटा स्टील में सर्वाधिक 4.31 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। इसके अलावा बीईएल, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में भी तेजी रही। हालांकि पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में गिरावट रही।

# सोना 400 और चांदी में 500 रुपए की तेजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टॉकिस्टों की ताजा खरीदारी के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 400 रुपये बढ़कर 98,020 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 97,620 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 300 रुपये बढ़कर 97,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले बाजार बंद में यह सोना 97,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा, सोमवार को चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 1,10,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। शुक्रवार को चांदी की कीमत 1,09,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''कमजोर रुपये और शुक्रवार को निराशाजनक वृहद अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों के कारण सोने की कीमतों में काफी मजबूती रही। इन आंकड़ों ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों को सहारा दिया, जो 3,355 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गयी।''



- सोना बढ़कर 98,020 रुपए प्रति 10 ग्राम

त्रिवेदी ने कहा, ''शुल्क संबंधी चिंताओं और रुपये की विनिमय दर में गिरावट ने तेजी की गति को और बढ़ा दिया। आने वाले सप्ताह में, निवेशक अपना ध्यान आगामी रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति बैठक और अमेरिकी विनिर्माण आंकड़ों पर केंद्रित करेंगे, जो निकट भविष्य में सर्राफा कीमतों की दिशा को लेकर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।'' मिराए एसेट शेयर खान के सह-उपाध्यक्ष (मुद्रा एवं जिंस) प्रवीण सिंह ने कहा, ''दरों में कटौती की उम्मीद में जोखिम वाली संपत्तियों की बोली लगने के कारण हाजिर सोना 3,355 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है।'' सिंह ने कहा, ''हालांकि, शुल्क संबंधी चिंताओं के कारण भारतीय रुपये में तेज गिरावट से घरेलू सोने की कीमतों को समर्थन मिला है।''

# एयरटेल की एक्सटेलीफाई ने नया क्लाउड मंच किया पेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारती एयरटेल की डिजिटल इकाई एक्सटेलीफाई ने 'एयरटेल क्लाउड' और दूरसंचार कंपनियों के लिए सोमवार को कृत्रिम मेधा (एआई) से संचालित नया क्लाउड मंच पेश किया।

दूरसंचार कंपनी ने एक बयान में कहा कि क्लाउड मंच एक सेवा के रूप में ढांचा, मंच एक सेवा के रूप में और उन्नत कनेक्टिविटी जैसी सेवाएं देगा। कंपनी ने कहा कि यह मंच एयरटेल के लिए प्रति मिनट 140 करोड़ लेनदेन को संभालने में सक्षम है और अब इसे भारतीय उद्यमों के लिए भी उपलब्ध कराया जा रहा है। यह मंच जेनरेटिव (सृजन) एआई आधारित प्रावधान और 300 क्लाउड विशेषज्ञों की टीम द्वारा संचालित उन्नत डाटा सेंटर पर आधारित है। कंपनी का दावा है कि एयरटेल क्लाउड से भारतीय कंपनियों का क्लाउड पर खर्च 40 प्रतिशत तक कम हो सकता है। इसके सॉफ्टवेयर सुइट में वर्क, सर्व,

- नया क्लाउड मंच एआई से संचालित होगा




डेटा इंजन और एयरटेल आईक्यू जैसे चार मुख्य मंच शामिल हैं। एक्सटेलीफाई पहले ही सिंगटेल, ग्लोब टेलीकॉम और एयरटेल अफ्रीका के साथ साझेदारी कर चुकी है।

### सबसे बड़ा क्लाउड मंच है

भारती एयरटेल के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक गोपाल विट्टल ने कहा कि कंपनी प्रतिदिन दो लाख करोड़ लेनदेन का प्रसंस्करण कर रही है जो इसके विशाल स्तर को दर्शाता है। विट्टल ने कहा, /''यह भारत में संचालित होने वाला सबसे बड़ा क्लाउड मंच है। इसके लिए 10,000 सर्वर, करीब 7,600 नेटवर्क एवं सुरक्षा उपकरण तैनात किए गए हैं।''

**न्यायालय श्रीमान सप्तम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

**नोटिस/समंस**

संध्या दुबे वगैरह.......................वादी

विरूद्ध

नगर पालिका निगम वगैरह...........प्रतिवादी

प्रकरण क्रमांक - 384/2022,
आदेश दिनांक - 24.07.2025
पेशी दिनांक - 18.08.2025
प्रोसेस क्रमांक -20/2025

इस न्यायालय में वादी संध्या दुबे वगैरह ने प्रतिवादी क्रमांक -06 (ब) सुनील, आशीष कुमार पिता-कमल किशोर केशरवानी, निवासी-जबड़ापारा, गली नंबर -03, नया सरकण्डा, तहसील व जिला-बिलासपुर छ.ग. एवं प्रतिवादी क्रमांक - 6(स) श्रीमती भावना केशरवानी पति-दिलीप केशरवानी द्वारा रामसेवक सरस कुमार निवासी-मौजीसन होटल मेन रोड धनपुरी बरैला, जिला-जबलपुर (म.प्र.) के विरुद्ध वाद संस्थित किया है, जिसमें आप लोगों की पेशी दिनांक-18.08.2025 को पेशी नियत है जिसमें आप लोगों की उपस्थिति नियत है।

उक्त भूमि दिनांक-18.08.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति सम्यक जवाब मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं नियत पेशी दिनांक तक कोई जवाब प्राप्त न होने पर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक-18.08.2025 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है अथवा सार्वजनिक अवकाश घोषित अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहते हैं तो उसके अगले कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अत: आज दिनांक 30/07/25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

दिनांक: 30/7/2025
स्थान: बिलासपुर

(हितेश कुमार वलेचा)
श्रीमान सप्तम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति,**
**संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2025-26 (C-17)**

लेटरल एण्ट्री (बी.फार्मेसी) पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश हेतु
(मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय एवं निजी संस्थान)

**प्रथम चरण**

| गतिविधियां | दिनांक/समय |
|---|---|
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 20.08.2025 से 08.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 09.09.2025 से 10.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 01.09.2025 से 12.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता | 13.09.2025 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आंवटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 17.09.2025 से 22.09.2025 सायं 5:00 बजे तक |

**संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC)**
**उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये**

| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन | प्रवेश के अवसर का दिनांक/समय |
|---|---|
| 23.09.2025 से 24.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 25.09.2025 प्रात: 10:30 बजे से |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 26.09.2025 से 27.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 28.09.2025 प्रात: 10:30 बजे से |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 29.09.2025 से 30.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 30.09.2025 प्रात: 10:30 बजे से रात्रि 11:45 बजे तक |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग में **इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये** निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।

**प्रवेश निरस्त**

➢ काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक तथा संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।

- **संपर्क :- 0755-6720205, 2660441, ईमेल :- dte.helpcenter@mp.gov.in**

**अतिरिक्त संचालक**
**तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

म.प्र. माध्यम/121400/2025

## चिंतन

# पिंजरे में बंद तोते की छवि से कब आजाद होगी सीबीआई

सीबीआई एक बार फिर पिंजरे के तोते के दृष्टिकोण को सही साबित करती नजर आ रही है। दिल्ली की पूर्ववर्ती आप सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री रहते हुए भर्ती घोटाले के आरोपी बनाए गए सत्येन्द्र जैन के खिलाफ चार वर्ष जांच करने के बाद सीबीआई ने अदालत में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की। वह इसलिए कि सीबीआई भ्रष्टाचार के एक भी सबूत अदालत में पेश नहीं कर पाई। ऐसे में सवाल उठते हैं कि क्या सीबीआई बिना पुख्ता सबूत के ही आरोप लगा देती है? दिल्ली में विधानसभा चुनाव से कुछेक महीने पहले आम आदमी पार्टी के कई नेता व मंत्री किसी न किसी आरोप में जेल भेजे गए और बाद में सीएम रहे अरविंद केजरीवाल भी शराब घोटाले के आरोप में जेल में बंद किए गए। सीबीआई अगर तथ्य के साथ आरोप लगा रही थी, नेता जेल भेजे जा रहे थे, तो बाद में सबको जमानत कैसे मिलती गई और अब उसे सत्येन्द्र जैन के खिलाफ क्लोजर रिपोर्ट क्यों दाखिल करनी पड़ी है? क्या सीबीआई के पास जवाब है कि उसकी गैरजिम्मेदाराना हरकत की वजह से देश में कई नेताओं की सार्वजनिक छवि खराब हुई है? क्या सीबाआई इसकी भरपाई कर सकती है? सुप्रीम कोर्ट ने करीब बारह वर्ष पहले 9 मई, 2013 में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की खामियों से भरी कार्यप्रणाली के चलते उसे पिंजरे में बंद तोता कहा था। उस वक्त सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा था, 'सीबीआई वो तोता है जो पिंजरे में कैद है। इस तोते को आजाद करना जरूरी है। सीबीआई एक स्वायत्त संसथा है और उसे अपनी स्वायत्ता बरकरार रखनी चाहिए।' पिछले वर्ष 2024 में आम आदमी के पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले में जमानत देते हुए भी सुप्रीम कोर्ट की ऐसी ही सख्त टिप्पणी थी कि सीबीआई को पिंजरे में बंद तोते की छवि से बाहर आना होगा और दिखाना होगा कि अब वह पिंजरे में बंद तोता नहीं रहा। शायद सीबीआई ने कभी अपने अधिकार व स्वायत्ता को लेकर निष्पक्षता से मंथन ही नहीं किया है। केंद्र में जिनकी भी सरकार रही है, इस दौरान सीबीआई का दुरूपयोग होती रही है। वर्ष 2024 में, सीबीआई ने सबूतों की कमी के कारण 174 मामलों में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की, जो किसी भी वर्ष में एजेंसी द्वारा दाखिल की गई क्लोजर रिपोर्ट की अब तक की सबसे अधिक संख्या है। इससे पहले, 2023 में 62 और 2022 में 32 मामले सबूत न होने से बंद हुए थे। वर्ष 2024 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता प्रफुल्ल पटेल, पूर्व केंद्रीय पर्यावरण मंत्री जयंत नटराजन, प्रणय और राधिका रॉय, आईपीएल में सट्टेबाजी आदि केसों में सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन भी जमीन घोटाले में जमानत पर बाहर निकल गए। आंकड़ों के हिसाब से सीबीआई की सफलता दर काफी अच्छी है, लेकिन राजनीतिक मामलों में सीबीआई अक्सर सबूत जुटाने में असफल साबित हुई है। 2024 में सीबीआई द्वारा रिकॉर्ड 1,467 मामलों का निपटारा किया गया, जिसमें 1,293 चार्जशीट हुई थी। सीबीआई देश की भरोसेमंद जांच एजेंसी है, इस पर बार-बार सवाल उठना चिंता की बात है। सीबीआई के कामकाज पर प्रश्नचिन्ह नहीं लगना चाहिए। इस जांच एजेंसी पर जनता का विश्वास नहीं डगमगाना चाहिए, इसके लिए सरकार को चाहिए कि वह सीबीआई की स्वायत्ता की रक्षा करे। पूर्व में ईडी पर भी सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाए थे। जांच एजेंसियों को राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त किया जाना चाहिए। देश में यह व्यवस्था होनी चाहिए कि पुख्ता सबूत पेश किए जाने के बाद ही किसी की गिरफ्तारी हो।

# ब्रिक्स से ट्रंप इसलिए हैं परेशान



विश्लेषण
डॉ अश्वनी महाजन

ब्रिक्स के प्रति ट्रंप का विरोध भू-राजनीतिक और आर्थिक, दोनों ही चिंताओं से उपजा है, क्योंकि यह समूह, खासकर अपने हालिया विस्तार के साथ, वैश्विक मामलों में अमेरिकी प्रभुत्व को चुनौती देता है। ट्रंप की ब्रिक्स से चिढ़ का पहला और मुख्य कारण यह है कि यह अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती देता है। दूसरा बिंदु जो ट्रंप को परेशान करता है, वह है ब्रिक्स का पश्चिम के प्रति भू-राजनीतिक विरोध। ब्रिक्स द्वारा चीन को वैश्विक स्तर पर अमेरिका को चुनौती देने के लिए एक नेतृत्वकारी मंच प्रदान करना उन्हें बेहद परेशान करता है। सऊदी अरब और ईरान के ब्रिक्स में शामिल होने के साथ, इस समूह का अब वैश्विक ऊर्जा (तेल) बाजारों पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो जाएगा। भारत एक ऐसे विश्व का समर्थन करता है जहाँ कई शक्ति केंद्र हों, जहाँ सहयोग हो।

गत माह में ही 6-7 जुलाई को ब्राज़ील में ब्रिक्स का 17वाँ शिखर सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इस शिखर सम्मेलन का महत्व यह है कि इसमें सभी 10 सदस्यों ने भाग लिया, जिनमें चार सदस्य, ईरान, मिस्र, इथियोपिया और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं, जिन्होंने पिछले साल रूस में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में पहली बार सदस्य देश के रूप में भाग लिया था; और इंडोनेशिया, जो 2025 के शुरू में पहली बार सदस्य देश के रूप में शामिल हुआ और ब्रिक्स का सदस्य बनने वाला पहला दक्षिण पूर्व एशियाई देश बन गया। अब ब्रिक्स, अपने विस्तारित रूप में, ब्रिक्स प्लस के रूप में जाना जाता है, यह शब्द पहली बार 2024 के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में इस्तेमाल किया गया। सवाल है कि क्या ब्रिक्स पश्चिमी आधिपत्य को चुनौती दे रहा है? आखिर ब्रिक्स से ट्रंप परेशान क्यों हैं?

ब्रिक्स आज दुनिया के ज्ञात विकसित देशों, विशेष रूप से अमेरिका और यूरोपीय देशों के प्रभाव को चुनौती दे रहा है। अगर हम इस समूह के पहले पाँच देशों, ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका पर नज़र डालें, तो 2010 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में इनका योगदान 18% था। 2025 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में इन देशों की हिस्सेदारी बढ़कर 26.5 प्रतिशत हो जाएगी। अब उन्होंने पश्चिम के आधिपत्य को चुनौती देना शुरू कर दिया है। डी-डॉलराइज़ेशन, यानी व्यापार और वित्त में अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करके, पश्चिमी ब्लॉक के आधिपत्य को तोड़ने की आवाज़ें मुखर हो रही हैं। इसने वास्तव में अमेरिका के वित्तीय और भू-राजनीतिक आधिपत्य को ख़तरा पैदा करना शुरू कर दिया है। यह भारत, चीन और रूस को विश्व मंच पर एक मज़बूत आवाज़ देता है। यह डॉलर और पश्चिमी संस्थानों से दूर वैश्विक आर्थिक पुनर्संरेखण को बढ़ावा देता है। यह एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था का प्रतीक है, जिसका ट्रम्प समर्थन नहीं करते। हाल ही में ब्रिक्स के विस्तार के साथ, जिसमें 5 नए सदस्य शामिल हुए हैं, पश्चिमी ब्लॉक, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका की चिंताएं बढ़ गई हैं।

ब्रिक्स के प्रति ट्रंप का विरोध भू-राजनीतिक और आर्थिक, दोनों ही चिंताओं से उपजा है, क्योंकि यह समूह, खासकर अपने हालिया विस्तार के साथ, वैश्विक मामलों में अमेरिकी प्रभुत्व को चुनौती देता है। इसके प्रमुख कारण इस प्रकार हैं: डोनाल्ड ट्रंप की ब्रिक्स से चिढ़ का पहला और मुख्य कारण यह है कि यह अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती देता है। ब्रिक्स देश व्यापार और वित्त में अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने पर खुलकर चर्चा कर रहे हैं। ट्रंप हमेशा अमेरिका फर्स्ट पर ज़ोर देते रहे हैं, और देशों के डॉलर से दूर जाने का विचार निश्चित रूप से अमेरिकी आर्थिक प्रभाव और प्रतिबंधों की शक्ति को कमज़ोर करने वाला है।

दूसरा बिंदु जो ट्रंप को परेशान करता है, वह है ब्रिक्स का पश्चिम के प्रति भू-राजनीतिक विरोध। ब्रिक्स खुद को जी7, आईएमएफ और विश्व बैंक जैसी पश्चिमी संस्थाओं के प्रतिकार के रूप में स्थापित कर रहा है। ब्रिक्स जैसे नए और शक्तिशाली अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन निश्चित रूप से अमेरिकी वर्चस्व के लिए एक चुनौती पेश करते हैं।

तीसरा, ब्रिक्स द्वारा चीन को वैश्विक स्तर पर अमेरिका को चुनौती देने के लिए एक नेतृत्वकारी मंच प्रदान करना उन्हें बेहद परेशान करता है। वह ब्रिक्स को बहुध्रुवीयता



की आड़ में चीन के वैश्विक विस्तार के एक माध्यम के रूप में भी देखते हैं। चौथा, सऊदी अरब और ईरान के ब्रिक्स में शामिल होने के साथ, इस समूह का अब वैश्विक ऊर्जा (तेल) बाजारों पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो जाएगा। गैर-डॉलर मुद्राओं (जैसे, युआन या ब्रिक्स मुद्रा) में तेल व्यापार की संभावना है, जो पेट्रोडॉलर प्रणाली को कमजोर करेगा। पाँचवाँ, ट्रम्प ब्रिक्स के विस्तार को इस बात का संकेत मानते हैं कि वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) पश्चिमी प्रभाव से दूर जा रहा है और अपना स्वतंत्र समूह बना रहा है। छठा, अमेरिका को छोड़कर किसी भी गैर-पश्चिमी समूह के उदय को व्यक्तिगत और राष्ट्रीय अपमान के रूप में देखा जाता है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन, जो अमेरिका की भागीदारी के बिना विश्व व्यवस्था के लिए वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं, उन्हें 'अमेरिकी प्रतिष्ठा' के लिए खतरा माना जाता है—जिसे ट्रंप बहुत महत्व देते हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ब्रिक्स के घटनाक्रम पर खुलकर अपनी नाखुशी जताई है और ब्रिक्स देशों पर ज़्यादा टैरिफ लगाने की धमकी भी दी है। उन्होंने ब्राज़ील पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा पहले ही कर दी है।

हालाँकि, भारत ब्रिक्स का सदस्य है, लेकिन उसका रुख ज़्यादा सूक्ष्म, संतुलित और व्यावहारिक है। जिससे वह अन्य ब्रिक्स देशों से अलग दिखाई देता है। भारत का रुख स्पष्ट रुप से उसके राष्ट्रीय हितों, रणनीतिक स्वायत्तता और बढ़ती वैश्विक महत्वाकांक्षाओं से प्रभावित है। हालाँकि, भारत रुपये में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और अन्य आर्थिक समझौतों को बढ़ावा देकर और इस तरह डॉलर पर अपनी निर्भरता कम करके अपने आर्थिक हितों को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहा है। भारत डॉलर विरोधी नहीं है, लेकिन वैश्विक वित्तीय प्रणाली में विविधता लाने, एकल मुद्रा पर निर्भरता कम करने और एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयास के तहत, वह डॉलर पर निर्भरता कम करने का समर्थन करता है। यह रुपये के मूल्य को स्थिर करने और अपने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को अधिक संतुलित बनाने के भारत के प्रयासों से भी प्रेरित है। भारत ने डॉलर पर अपनी निर्भरता कम करने और विदेशी मुद्रा के बहिर्वाह को कम करने के लिए रूस, संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका और मॉरीशस जैसे देशों के साथ भारतीय रुपये में द्विपक्षीय व्यापार शुरू किया है। अब तक 20 से ज़्यादा देशों ने घरेलू मुद्राओं में व्यापार निपटान को सुगम बनाने के लिए वोस्ट्रो खाते खोले हैं। भारत ब्रिक्स देशों के भीतर वैकल्पिक भुगतान तंत्र बनाने के प्रयासों का समर्थन करता है, जैसे स्थानीय मुद्राओं का उपयोग या ब्रिक्स मुद्रा पर चर्चा, लेकिन उनकी व्यावहारिकता को लेकर सजग है।

भारत वैश्विक व्यापार और वित्त में डॉलर के प्रभुत्व को समझता है और उसने इसके पूर्ण प्रतिस्थापन (या दूसरे शब्दों में, डॉलर-विमुद्रीकरण) का आह्वान नहीं किया है। इसके बजाय, वह कई आरक्षित मुद्राओं (जैसे यूरो, युआन और संभवतः रुपया) के सह-अस्तित्व का पक्षधर है। ब्रिक्स का सदस्य होने के बावजूद, भारत इस समूह को अमेरिका-विरोधी समूह के रूप में नहीं देखता। वह ब्रिक्स समूह को वैश्विक संस्थाओं में सुधार के लिए एक मंच के रूप में देखता है, न कि टकराव के लिए। भारत एक ऐसे विश्व का समर्थन करता है जहाँ कई शक्ति केंद्र हों, जहाँ वैश्विक दक्षिण की आवाज़ों का बेहतर प्रतिनिधित्व हो। भारत लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं में सुधार लाने की मांग करता रहा है, जिनके बारे में मानना है कि ये पश्चिमी प्रभुत्व वाली हैं और वर्तमान वैश्विक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करतीं। इसी संदर्भ में, भारत की जी-20 अध्यक्षता में, वैश्विक वित्तीय संस्थानों में सुधारों पर एक रिपोर्ट तैयार करने के लिए एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया गया था। भारत ब्रिक्स का उपयोग सतत विकास के लिए करता है।

(लेखक पूर्व प्रोफेसर, पीजीडीएवी कॉलेज, डीयू हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## चर्चा में

विनोद पाठक



# ...जब हुई समोसे के आकार पर राष्ट्रीय बहस की मांग


वर्ष 1997 में फिल्म आई थी 'मिस्टर एंड मिसेस खिलाड़ी'। फिल्म में एक गाना है, 'जब तक रहेगा समोसे में आलू...'। फिल्म और गाना, दोनों हिट हुए थे, पर हम आज फिल्म नहीं समोसे की चर्चा कर रहे हैं। समोसे के आकार और कीमत को लेकर गोरखपुर से भाजपा सांसद एवं अभिनेता रवि किशन ने नई बहस छेड़ दी है। सांसद महोदय ने संसद में एक चर्चा के दौरान कहा कि समोसे का आकार और कीमत फिक्स होनी चाहिए। हालांकि, हम आज चर्चा सांसद रवि किशन की मांग की नहीं, समोसे और भारत में इसकी लोकप्रियता की कथा की कर रहे हैं। समोसे की भारतीय कहानी बड़ी दिलचस्प है। इतिहासकारों के अनुसार समोसे की उत्पत्ति मध्य एशिया और मध्य पूर्व में हुई। वहां इसे संभूसक, संबूसा या संभूसा नाम से जाना जाता था। 10वीं से 13वीं शताब्दी के बीच फारसी और अरबी ग्रंथों में समोसे का उल्लेख मिलता है। उस समय यह एक छोटा तिकोना आकार का मीट या सूखे मेवों से भरा पेस्ट्री स्नैक होता था, जिसे घी में तला जाता था। भारत में यह 13वीं या 14वीं शताब्दी में मुस्लिम व्यापारी, सूफी संत और फारसी भाषी शासकों द्वारा लाया गया। प्रसिद्ध विद्वान अमीर खुसरो और इतिहासकार इब्न बतूता ने अपनी किताबों में समोसे का उल्लेख किया है।

समोसा दरबार से निकलकर कब आम आदमी का नाश्ता बन गया, यह किसी को पता नहीं चला। इसका कवर मुख्य रूप से मैदा का होता है। अलग-अलग स्थानों पर इसमें अलग-अलग सामग्री भरकर तेल या घी में तला जाता है। जहां उत्तर भारत में इसे समोसा, वहीं बिहार में झारखंड में इसे सिंघाड़ा कहते हैं। पश्चिम बंगाल में यह शिंगाड़ा हो जाता है। गुजरात में इसे पटोड़ी समोसा कहते हैं। इंदौर में त्रिकोण आकार की पेटीज को भी बिना तला समोसा कह देते हैं। बिहार के कुछ जिलों और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में समोसे पर सरसों का तेल डालकर खाने का चलन है। पश्चिम बंगाल में समोसे में फूलगोभी व मूंगफली भरी जाती है और नींबू निचोड़कर इसे खाया जाता है। दक्षिण भारत में समोसे का आकार थोड़ा छोटा होता है। इसमें नारियल और सब्जियां या हल्के मसाले भरे होते हैं, जबकि उत्तरी कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में तीखे मसालेदार समोसे का चलन है। गुजरात और महाराष्ट्र में समोसे में मीठा और खट्टा स्वाद मिलाया जाता है। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, पंजाब, मध्य प्रदेश में मुख्य रूप से आलू भरा त्रिकोणीय समोसा मिलता है। हैदराबाद और उसके आसपास के क्षेत्र में चौकोर या आयताकार समोसा मिलता है, जिसे लुचमी कहते हैं। इसे स्थानीय रूप से लुखमी भी कहा जाता है, जिसमें आमतौर पर मटन या कीमा भरा होता है। पश्चिम बंगाल और बिहार में समोसा अर्धचंद्राकार भी बनता है। यह पूरी तरह से सील किया होता है। दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों में समोसा गोल आकार का बनाया जाता है। इसकी बनावट उत्तर भारतीय कचौड़ी जैसी होती है। कुछ स्थानों पर पतले त्रिकोण आकार के समोसे भी बनते हैं। इन्हें मिनी या पंजाबी कॉकटेल समोसा कहते हैं। रतलाम में समोसे पर सेव नमकीन डालकर खाने का चलन है। प्रयागराज के छोटे आकार के हींग के समोसे प्रसिद्ध हैं। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के इगलास का समोसा बड़े आकार का होता है, यह सामान्य रूप से मिलने वाले समोसे से डेढ़ गुना अधिक बड़ा होता है। हरिद्वार में कुछ दुकानों पर 8 इंच, 15 इंच और 20 इंच तक बड़े समोसे बनाए जाते हैं। इन्हें भारत का सबसे बड़ा समोसा कहा जाता है। इन समोसों में पनीर, आलू मटर और ड्राई फ्रूट्स होते हैं। कई जगह दही या छोले डालकर समोसा खाया जाता है।

आज समोसा वैश्विक हो गया है। इंग्लैंड में भारतीय रेस्टोरेंट्स में आमतौर पर वेजिटेबल समोसा मिलता है। अफ्रीकी देशों में समोसे को समोसा ही कहा जाता है, लेकिन इसमें मीट प्रमुख रूप से भरा होता है। मध्य एशियाई देशों में समोसा ओवन में बेक किया जाता है। कैरेबियाई देशों, जहां भारतवंशी समुदाय बड़ी संख्या में रहता है, में अपने स्वादानुसार समोसे को ढाल लिया गया है। वैसे, समोसा गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी नाम दर्ज कर चुका है। लंदन में एक चैरिटी संस्थान ने वर्ष 2017 में 153.1 किलोग्राम का समोसा बनाया था। दुनिया की जुबान पर जहां समोसे का स्वाद चढ़ चुका है, वहीं यह एक बड़े कारोबार का स्वरूप भी ले चुका है। भारत में वर्ष 2025 में स्नैक फूड मार्केट करीब 1.45 लाख करोड़ रुपए का रहने वाला है, इसमें समोसा प्रमुख रूप से शामिल है। ऐसा माना जाता है कि भारत में रोजाना 6 करोड़ समोसे-कचौड़ी बिकते हैं। इसकी सालाना बिक्री 22,000 करोड़ से 33,000 करोड़ रुपए के बीच बताई जाती है। आज समोसे को लेकर कई नए ब्रांड उभरे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

## छोटे-छोटे संकल्प आत्मविश्वास व क्षमता बढ़ाते हैं



संकलित

**दर्शन**

जिस प्रकार किसी भी पूजा को प्रारंभ करने से पूर्व हाथ में जल लेकर संकल्प लिया जाता है उसी प्रकार किसी भी कार्य को करने के लिए उसे करने का संकल्प लिया जाता है। बगैर संकल्प हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। संकल्प लेने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। संकल्प के पश्चात प्रयास प्रारंभ होते हैं। जब संकल्प दृढ़ होता है तो प्रयास को हिम्मत मिलती है, विजय की राह आसान हो जाती है। हमारी सफलता हमारे संकल्प पर निर्भर करती है। हम जितना भरोसा अपने संकल्प पर करेंगे उसी अनुपात में हमें सफलता प्राप्त होगी। यदि हमारा संकल्प विजय का है तो हमारी सफलता भी निश्चित है। संकल्प सकारात्मक ऊर्जा के रूप में सह प्रेरक का काम करता है। जीवन में छोटे-छोटे संकल्प लेते रहना चाहिए। जब हम छोटे-छोटे संकल्पों को पूर्ण करते हैं तो आत्मविश्वास और हमारी क्षमता में वृद्धि होती है। दृढ़ संकल्प में असीम शक्ति होती है, जो व्यक्ति को किसी भी प्रकार की बाधाओं से जूझने में सक्षम बनाती है। हालांकि, संकल्प लेकर उन्हें भूलना भी आम बात है। अक्सर हम देखते हैं कि नशे के आदी लोग रोज संकल्प लेते हैं कि वे अब आगे से नशा नहीं करेंगे, किंतु वे ऐसा नहीं कर पाते हैं, क्योंकि उनके संकल्प में दृढ़ता की कमी होती है। दृढ़ संकल्प शक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र है। जो संकल्प के साथ जीता है वह साधक होता है। कहते हैं कि एक सफल और असफल व्यक्ति के बीच में न तो योग्यता का अंतर होता है और न ही ज्ञान का, बल्कि अंतर है तो केवल दृढ़ संकल्प का और यही निर्णायक सिद्ध होता है।

## सुदर्शन रूप में भक्त की प्रेत से रक्षा



संकलित

**प्रेरणा**

संत अनंतकृष्ण बाबा जी के पास एक लड़का सत्संग सुनने के लिए आया करता था। संत से प्रभावित होकर बालक द्वारा दीक्षा के लिए प्रार्थना करने पर बाबा जी ने कहा कि महामंत्र का 11 लाख जप करके आओ उसके बाद विचार करेंगे। लगभग कुछ महीनों के पश्चात जप की संख्या पूरी करने के बाद वह बाबा के पास पुनः आया। बाबा ने बालक को कहा 11 लाख और जप करके आना। अभी 3-4 वर्ष ही बीते थे साधक जीवन में प्रवेश किए हुए, उसके मन में श्रद्धा की कमी होने लगी । वह एक दिन कहीं जा रहा था रास्ते में एक तांत्रिक को कुछ सिद्धियों का प्रदर्शन करते हुए देखा। तांत्रिक ने उससे अपने बारे में पूछा, उसने अपनी उपासना के बारे में बताया । तांत्रिक ने पूछा कि तुम इतने वर्षों से इतनी संख्या में जप करते हो, साधना करते हो उससे तुम्हे कुछ अनुभूति हुई? हमारी तरह प्रेत सिद्ध कर लो, तुम्हारे सब काम प्रेत कर दिया करेगा, बालक ने तांत्रिक से साधन की विधि जानी और शीघ्र ही थोडे मंत्रो के जप से ही सिद्ध प्राप्ति कर ली। उसने तांत्रिक से कहा कि मुझे तो कोई प्रेत सिद्ध हुआ नहीं। तांत्रिक ने कहा पुनः प्रयास करो। इस बार भी प्रेत प्रकट नहीं हुआ। तांत्रिक ने प्रेत को बुलाकर पूछा कि तुम इसके सामने क्यों नहीं प्रकट होते हो? उस प्रेत ने कहा मैं तो जैसे ही इसके थोड़े निकट जाता हूँ, इसके पीछे एक सुदर्शन चक्र प्रकट हो जाता है। मैं महान बलवान होने पर भी उस चक्र के तेज के सामने टिक नही सकता। अवश्य ही कोई शक्ति इसकी रक्षा करती है।

## सटाका




## आज की पाती

### अमेरिका से सावधान रहे भारत

अमरीका विशुद्ध रूप से सदैव अपने व्यापारिक हितों को प्राथमिकता देता रहा है और उसे किसी की मैत्री या उन्नति से सरोकार नहीं, दुनिया के किसी देश से उसकी स्थायी दोस्ती नहीं। उसने 1965, 1971 और 2025 में भी भारत को ठुकरा कर पाकिस्तान जैसे आतंकी देश से दोस्ती की और भारत को रूस से अलग करने की चाल चली है। वह नहीं चाहता रूस-भारत मैत्री पक्की रहे। भारत को पश्चिम की चालों से बचकर अपने पड़ोसी चीन से रिश्ते सुधारने चाहिए। पश्चिम ने पहले भी घाव ही दिए और आगे भी शोषण ही करेगा। भारत में अटल जी के शासन काल में अमरीका के प्रतिबंध बेअसर रहे और अब भी 25 फीसदी टैरिफ निष्प्रभावी होगा। हमें लुक ईस्ट की नीति पर चलकर जांचे-परखे मित्र रूस से संबंध और प्रगाढ़ करने होंगे। अमरीका की चालों से बचना है।

*– वैभव देशमुख, दुर्ग*

## ट्रेंड

### भावभीनी श्रद्धांजलि



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि। दु:ख की इस घड़ी में उनके परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उनका पूरा जीवन जनजातीय समाज कल्याण के लिए समर्पित रहा, जिसके लिए वे सदैव याद किए जाएंगे।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### शानदार प्रदर्शन



भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज़ में हमारे खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन। टीम इंडिया ने इस कड़े मुकाबले में असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया, जिससे आज की जीत उनकी हक़दार रही। इस अविश्वसनीय टेस्ट सीरीज़ में जीत के लिए टीम को बधाई।

**-पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री**

### सारे केस झूठे



आप नेताओं के ख़िलाफ़ लगाये गए सारे केस झूठे हैं। समय के साथ सभी केसों में सच्चाई सामने आ जाएगी। जिन लोगों ने ये झूठे केस लगाए और जिन नेताओं के कहने पर ये झूठे केस लगाए, क्या उन सबको जेल नहीं भेजना चाहिए?

**- अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम दिल्ली**

### गर्व की बात



यह मेरे लिए अत्यंत सम्मान और सौभाग्य की बात है कि मैंने अपनी चौथी पुस्तक "डिफरेंट बट नो लेस" हमारे भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी को भेंट की।

**- अनुपम खेर, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# हिरोशिमा में आज भी मृतकों के अवशेष की तलाश जारी



जब 80 वर्ष पूर्व छह अगस्त को पहला परमाणु बम विस्फोट हुआ था, तो हजारों मृतकों को आत्मघाती हमले के लिए प्रशिक्षित सैन्य नौकाओं द्वारा हिरोशिमा के दक्षिण में स्थित छोटे से ग्रामीण द्वीप निनोशिमा लाया गया था। आठ दशक पहले (80 वर्ष पूर्व) छह अगस्त 1945 को हुए परमाणु हमले के बाद अब भी हिरोशिमा के नजदीकी द्वीप पर मृतकों के अवशेष की तलाश जारी है। कई पीड़ितों के कपड़े जल गए थे और उनके चेहरे और अंगों से मांस के लोथड़े लटक रहे थे। वे दर्द से कराह रहे थे। ऐतिहासिक अभिलेखों के अनुसार, खराब चिकित्सा और देखभाल के कारण 25 अगस्त को जब फील्ड अस्पताल बंद हुआ तब केवल कुछ सौ लोग ही जीवित बचे थे। मृतकों को अव्यवस्थित और जल्दबाजी में चलाए गए अभियानों के बीच विभिन्न स्थानों पर दफनाया गया। दशकों बाद इस क्षेत्र के लोग लापता लोगों के अवशेषों की तलाश कर रहे हैं ताकि पीड़ितों के प्रति सम्मान व्यक्त कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जा सके। इसका मकसद उन बचे लोगों को राहत पहुंचाना भी है जो अब भी अपने लापता प्रियजनों को याद में दुखी हैं। हिरोशिमा विश्वविद्यालय के शोधकर्ता रेबुन कायो मृतकों के अवशेषों की खोज के लिए नियमित रूप से निनोशिमा जाते हैं।

## ऑफ बीट

# आपके फोन में भी हैं कीटाणु सावधानी से करे सफाई



हम अपने हाथ धोते हैं, शॉपिंग ट्रॉलियों को कीटाणु मुक्त बनाने के लिए सैनिटाइज करते हैं और कैफे की टेबल को पोंछते हैं। लेकिन क्या हम अपने मोबाइल फोन की सफाई पर उतना ध्यान देते हैं, जबकि दिन के 24 घंटे में ज्यादातर समय यह हमारे हाथ में होता है। साफ-सफाई केवल हाथों की ही नहीं, बल्कि उस वस्तु की भी होनी चाहिए जिसे आप दिन में सबसे अधिक बार छूते हैं – आपका मोबाइल फोन। विशेषज्ञों के अनुसार, मोबाइल फोन हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन चुके हैं, जिन्हें हम दिनभर कई बार छूते हैं और रसोई, भोजन कक्ष, यहां तक कि शौचालय तक ले जाते हैं। ऐसे में इन पर तरह-तरह के कीटाणु जमा हो सकते हैं। -फोन पर जमा हो सकते हैं सैकड़ों प्रकार के सूक्ष्मजीव अध्ययनों में पाया गया है कि जब मोबाइल फोन की सतहों से नमूने लेकर जांच की जाती है, तो उनमें सैकड़ों प्रकार के बैक्टीरिया और वायरस पाए जाते हैं। हालांकि, सभी सूक्ष्मजीव बीमारियां नहीं फैलाते, लेकिन संक्रमण का खतरा बना रहता है। लोग बाथरूम में फोन का इस्तेमाल करते हैं और उससे स्वयं बातचीत करते हैं या दूसरों के साथ साझा करते हैं, जिससे संक्रमण फैलने की आशंका रहती है।

**हमारा पता**

**हरिभूमि कार्यालय**
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### रेत से भरे ओवरलोड डम्पर पर प्रशासनिक कार्यवाही

**परासिया** । नवागत एस डी एम शुभम यादव के परासिया में पदभार ग्रहण करने के बाद एक रेत से भरे ओवरलोड डम्पर पर प्रशासनिक कारवाही देखने को मिली । एस डी एम के निर्देशानुसार नायब तहसीलदार राम सूर्यवंशी ने छिंदवाड़ा की ओर से आ रहे एक रेत डम्पर को पकड़ा , जांच में डम्पर में ओवरलोड पाया गया । जिसे परासिया थाने में पुलिस अभिरक्षा में खड़ा किया गया है ।

### अन्नदाता हलाकान, परेशान, प्रताड़ित

**नरसिंहपुर** । जिले का अन्नदाता यूरिया के लिए दर-दर भटक रहा है । कई घंटे लाइन में लगने के बाद भारी मशक्कत से जरूरत से ही भी कम यूरिया मिल पा रहा है। अनेक किसानों ने बताया कि समय पर यूरिया नहीं मिल रहा और अब यूरिया मिल रहा है तो कम मिल रहा है वह भी कई घंटे लाइन के बाद और अपमान अलग हो रहा है। नरसिंहपुर के कृषि मंडी के जिला विपणन केंद्र में यूरिया विक्रय केंद्र बनाया गया है जहां यूरिया पाने के लिए किसानों को संघर्ष करना पड़ रहा है और आपस में जादा भी हो

### कान्हीवाड़ा पुलिस ने दी दबिश,11 जुआड़ी गिरफ्तार

**सिवनी।** जिले में कुछ जुआडी और सटोरिया सक्रीय है, जिनपर अंकुश लगाने जा प्रयास पुलिस कर रही है। कान्हीवडा थाना अंतर्गत कुछ लोग जुआ फड संचालित कर रहे थे, रात्रि के समय पुलिस ने दबिश देकर 11 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 6490 रुपये जपत किया है। कान्हीवाडा थाना प्रभारी प्रीतम सिंह तिलगाम ने सुबह जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के द्वारा अवैध गतिविधियों के नियंत्रण हेतु निर्देशित किया गया है। रात्रि के समय मुखबिर सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना कान्हीवाड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम छुई में कुछ लोग जुआ खेल रहे है, सूचना प्राप्त होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) केवलारी आशीष भराड़े के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान पर जुआ रेड कार्यवाही की गई और घेराबंदी कर 11 जुआड़ियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई, सभी जुआड़ियों के पास व फड़ से कुल रकम पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## परसमनिया चौकी के पास एक तालाब में डूबने से एक युवक की मौत

**सतना।**

जिले के उचेहरा थाना क्षेत्र के परसमनिया चौकी के पास एक तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। युवक ने अपनी पत्नी को बचाने की कोशिश की,लेकिन अपनी जान गंवा बैठा। यह दर्दनाक घटना सोमवार सुबह को हुई। परसमनिया निवासी 32 वर्षीय राज बहादुर सिंह अपने परिवार के साथ घर के पास स्थित तालाब में नहाने गए थे। कुछ दिन पहले उनके परिवार में एक बच्चे की मौत हुई थी,जिसके बाद सभी लोग तालाब में स्नान करने के लिए गए थे। इसी



दौरान,राज बहादुर की पत्नी अंजू फिसलकर तालाब के गहरे पानी में गिर गईं। पत्नी को डूबता देख राज बहादुर ने बिना देर किए तालाब में छलांग लगा दी। कड़ी मशक्कत के बाद उन्होंने अंजू को सुरक्षित बाहर निकाल लिया,लेकिन वह खुद गहरे पानी में फंस गए और डूब गए। जब तक आसपास के लोग उन्हें बाहर निकालते,तब तक बहुत देर हो चुकी थी। परिवार वाले तुरंत राज बहादुर को लेकर उचेहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे,जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### लोधनपुरवा हत्याकांड का हुआ खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

## मंदिर में चोरी के इरादे से की गई थी पुजारी की हत्या

**चंदला।**

थाना क्षेत्र के ग्राम लोधनपुरवा में एक मंदिर के पुजारी की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, साथ ही और तीन अन्य नाबालिगों को भी हिरासत में लिया है। बताया गया है कि आरोपियों ने मंदिर में चोरी के इरादे से पुजारी पर हमला किया था और बाद में इलाज के दौरान पुजारी की मौत हो गई थी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक रविवार को चंदला पुलिस को लोधन पुरवा के मंदिर में घायल व्यक्ति के पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस टीम



तुरंत चिकित्सा संसाधनों के साथ मौके पर पहुंची और घायल की पहचान पुजारी मइयादीन अहिरवार के रूप में की। भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर पुजारी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उन्हें ग्वालियर रेफर किया गया। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई, जिसके बाद प्रकरण में हत्या की धारा जोड़ी गई। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने साक्ष्य और संदिग्धों की गतिविधियों के आधार पर पूछताछ की। जांच में पता चला कि चोरी के इरादे से मंदिर में घुसे आरोपियों ने पुजारी पर पत्थर से हमला किया। मुख्य आरोपी कुबेर पुत्र कालका प्रसाद राजपूत निवासी लोधनपुरवा को गिरफ्तार किया गया, जबकि तीन नाबालिगों को हिरासत में लिया गया। सभी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है

## नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**उमरिया।** जिले के पाली थाना क्षेत्र में पड़ोसी द्वारा एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। इस अमानवीय कृत्य के बाद क्षेत्र में गहरा आक्रोश है और लोगों ने आरोपी को सख्त सजा देने की मांग की है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। मामले की जानकारी तब सामने आई जब पीड़िता की मां ने पाली थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायत में उन्होंने बताया कि वह खेत में धान की रोपाई के लिए गई थीं, जबकि उनके पति मवेशियों को चराने गए थे। इस दौरान घर में उनकी नाबालिग बेटी अकेली थी। इसी मौके का फायदा उठाकर पड़ोसी युवक घर में घुस आया। आरोपी ने पहले बच्ची से उसकी मां के बारे में पूछताछ की और फिर 50 रुपये का लालच देकर उसे फुसलाने की कोशिश की, लेकिन जब बच्ची ने पैसे लेने से इनकार किया, तो उसने जबरन दुष्कर्म किया। वारदात को अंजाम देने के बाद वह मौके से फरार हो गया।

### रोती हुई बच्ची ने सुनाई आपबीती

शाम को जब बच्ची की मां खेत में काम कर रही थी, तब पीड़िता वहां रोती हुई पहुंची और पूरी घटना की जानकारी दी। यह सुनकर मां के पैरों तले ज़मीन खिसक गई। उन्होंने तुरंत अपने पति को सूचित किया और अगले ही दिन बच्ची को लेकर पाली थाने पहुंचीं। पाली थाना प्रभारी राजेश चंद्र मिश्रा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया गया और पूछताछ शुरू की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करवाया गया है और उसके बयान के आधार पर विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## सड़क नहीं, ठेला बना एंबुलेंस, कीचड़ में फंसे गांव से बीमार बुजुर्ग महिला को पहुंचाया अस्पताल

**रीवा ।**

जिले के त्योंथर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मदरो की बदहाली एक बार फिर सामने आई है। यहां बुनियादी सुविधाओं के अभाव ने एक बीमार बुजुर्ग महिला के जीवन को संकट में डाल दिया। सड़क न होने के कारण परिजनों को उन्हें ठेले पर लिटाकर कीचड़ और दलदल से गुज़ारते हुए अस्पताल तक पहुंचाना पड़ा। गांव की 65 वर्षीय पार्वती सिंह की तबीयत दो दिन से गंभीर बनी हुई थी। स्थिति बिगड़ती देख परिजनों ने उन्हें अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन गांव की जर्जर और दलदली सड़कों के कारण कोई भी वाहन गांव तक नहीं पहुंच सका। मजबूरी में हाथ ठेले का सहारा लेना पड़ा। परिजनों ने करीब एक



किलोमीटर तक कीचड़ भरे रास्ते से ठेले को धकेलकर मुख्य सड़क तक पहुँचाया। परिवार ने बताया कि महिला की हालत गंभीर थी, लेकिन सड़क न होने के कारण उन्हें दो घंटे तक संघर्ष करना पड़ा।बॉक्स बरसात में गांव कट जाता है मुख्यधारा सेस्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के मौसम में मदरो गांव मुख्य मार्ग से कट जाता है। गांव के भीतर साइकिल तक चलाना मुश्किल हो जाता है, ऐसे में एंबुलेंस या ट्रैक्टर की उम्मीद करना बेमानी है। कई बार मरीजों को चारपाई या ठेले से ही बाहर ले जाना पड़ता है।बॉक्स सीएम हेल्पलाइन में की थी शिकायत, उल्टे धमकी मिलीगांव के ही दीपक सिंह ने बताया कि उन्होंने सड़क निर्माण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन कुछ ही दिनों में शिकायत यह कहकर बंद कर दी गई कि सड़क स्वीकृत नहीं है। दीपक का आरोप है कि शिकायत करने के बाद पंचायत के लोगों ने उन्हें धमकाना शुरू कर दिया।

## सरपंच ने पाल परिवार के साथ फोन पर की गाली-गलौज

### वायरल हुआ ऑडियो, पीड़ितों ने लगाई न्याय की गुहार

**छतरपुर।**

राजनगर थाना क्षेत्र के विक्रमपुर गांव के सरपंच और भाजपा नेता पर एक पाल परिवार के साथ फोन पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। गाली-गालैज का एक कथित ऑडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें जमीन हड़पने की बात भी सामने आई है। पीड़ित परिवार ने ओबीसी महासभा के साथ मिलकर पुलिस-प्रशासन से न्याय की मांग की है, वहीं पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मामला सुर्खियों में आने के बाद समाजवादी पार्टी भी पीड़ित के समर्थन में आ गई है।







प्राप्त जानकारी के मुताबिक विक्रमपुर सरपंच और भाजपा नेता लोकपाल सिंह बुंदेला पर ग्राम कोड़ा निवासी क्रांति पाल, प्रेमी पाल, चिरौंजी पाल, राकेश पाल सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाए हैं। पीड़ितों का कहना है कि लोकपाल सिंह ने उन्हें फोन पर गंदी-गंदी गालियां दीं, जान से मारने की धमकी दी। यह धमकी जमीन हड़पने का दबाव बनाने के लिए दी गई है। लोकपाल सिंह द्वारा गाली-गलौज किए जाने का एक कथित ऑडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें लोकपाल सिंह कथित तौर पर अभद्र भाषा का उपयोग करते और धमकी देते सुने जा सकते हैं। पीड़ित परिवार ने ओबीसी महासभा के समर्थन से राजनगर थाना में शिकायत दर्ज की है। राजनगर थाना प्रभारी परशुराम डाबर ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी और जांच के बाद सख्त कार्रवाई होगी।

### समाजवादी पार्टी ने की सख्त कार्रवाई की मांग



समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष कपूर सिंह यादव ने इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि लोकपाल सिंह ने पाल परिवार को न केवल धमकाया, बल्कि अशोभनीय गालियां दीं, जो सुनने में भी असहनीय हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की कि इस तरह के सामंती रवैये वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। कपूर सिंह ने यह भी ऐलान किया कि समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और उनकी मदद के लिए 10 सदस्यों की एक टीम भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा दलितों, गरीबों और अल्पसंख्यकों के साथ अन्याय के खिलाफ लड़ती रही है और इस मामले में भी पूरी ताकत से पाल परिवार का साथ देगी।

## 100 करोड़ के फर्जी आहरण मामले में कार्यपालन यंत्री पर सिर्फ निलंबन की कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग के ब्रीज में कार्यपालन यंत्री जबलपुर और रीवा में ब्रीज में पदस्थ कार्यपालन यंत्री नरेन्द्र शर्मा की 1500 करोड़ की सम्पत्ति के छापे की कार्यवाही कर जांच करने की मांग संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लांजी-किरनापुर क्षेत्र के पूर्व विधायक किशोर समरीते ने की हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग के ब्रीज में जबलपुर एवं रीवा संभाग के कार्यपालन यंत्री के रूप में पदस्थ रहे तत्कालीन कार्यपालन यंत्री नरेन्द्र शर्मा द्वारा रीवा और जबलपुर के ब्रीज संभाग में 20-20 लाख के एआर में 2 हजार एआर स्वीकृत कर एक हजार से अधिक की संपत्ति जमा की है। जबलपुर में गुप्तेश्वर में 10 करोड़ की लागत का मकान तथा रीवा में 100 करोड़ की जमीन अपने पुत्र सिद्धार्थ शर्मा के नाम खरीदी है। नरेन्द्र शर्मा के विरूद्ध मैहर के तत्कालीन विधायक नारायण त्रिपाठी द्वारा 100 से अधिक एआर बनाकर 100 करोड़ के फर्जी आहरण के मामले में तत्कालीन मुख्य अभियंता नायक द्वारा विधानसभा के जवाब में मुख्य अभियंता रीवा के फर्जी हस्ताक्षर से 500 से अधिक स्वीकृति आदेश जारी करने के मामले की जानकारी दी गई थी, लेकिन इसे तत्कालीन प्रमुख अभियंता अखिलेश अग्रवाल द्वारा निलंबित नहीं किया गया। इधर, जबलपुर में स्टेशनरी सप्लाई, मशीनों की खरीदी तथा अन्य सप्लाई में 100 करोड़ के फर्जी बिल लगाकर राशि आहरण करने तथा 500 करोड़ की राशि एआर के माध्यम से बिना कार्य करवाए आहरण करने के मामले में भी प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग मप्र शासन को 50 करोड़ की रिश्वत देकर मामले की जांच नहीं होने दी गई। इसी तरह इनके अधिन अनुविभागीय अधिकारी पीके चतुर्वेदी द्वारा अपनी पत्नी के नाम ठेका देकर 700 करोड़ का फर्जी आहरण कर जबलपुर के नयनतारा कालोनी में पांच करोड़ का बंगला एवं 400 करोड़ की सम्पत्ति जमा की है।

# नकली पार्सल पूछकर की थी लूट



### पुलिस ने 72 घंटों में दबोचे तीन आरोपी और दो बाल अपचारी

**उमरिया।** जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र में डकैती की घटना को अंजाम देकर फरार हुए तीन आरोपियों और दो अपचारी बालकों को पुलिस ने 72 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर मामले का सफल खुलासा कर दिया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 3600 रुपये नगद, एक मोबाइल फोन और वारदात में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें भी बरामद की गई हैं। 2 अगस्त को थाना नौरोजाबाद में गौरव यादव निवासी वार्ड क्रमांक 09 थाना पाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह मीशो कंपनी का पार्सल डिलीवरी कर्मचारी है। 31 जुलाई की शाम करीब 6 बजे जब वह कंचनपुर से भानपुरा की ओर जा रहा था, तभी घोरछठ नदी की पुलिया के पास पांच अज्ञात युवकों ने उसे पार्सल पूछने के बहाने रोका। इसके बाद उसे घेरकर चाकू दिखाया और उसकी जेब से 9002 रुपये नगद, एक मोबाइल और 70 पार्सल पैकेट लूट लिए। कुल मसरूका की कीमत करीब 46,000 आंकी गई। घटना के दौरान आरोपी आपस में एक-दूसरे के नाम लेकर बात कर रहे थे और उनके पास चाकू, लोहे की रॉड और बेसबॉल बैट जैसी चीजें थीं। डरे सहमे गौरव ने अगले दिन अपने मैनेजर को सूचना दी और फिर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### कप्तान ने लिया संज्ञान

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पाली ने तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी नौरोजाबाद को आरोपियों की पहचान और मसरूका की बरामदगी के निर्देश दिए। थाना प्रभारी द्वारा विशेष पुलिस टीम गठित की गई, जिसने फरियादी से प्राप्त विवरण के आधार पर मुखबिरों को सक्रिय किया और आरोपियों के हुलिए एवं मोटरसाइकिल के आधार पर आसपास के गांवों में गहन पूछताछ शुरू की।

### तीन आरोपी और दो नाबालिग पकड़े गए

लगातार प्रयासों और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने इस डकैती में शामिल तीन आरोपियों और दो अपचारी बालकों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में वारिस उर्फ एडी पिता सरवर हुसैन उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 15 धनपुरी, जिला शहडोल, साजिद रजा उर्फ वेटू पिता निराजुद्दीन उम्र 27 वर्ष निवासी कंचनपुर, जाकिर हुसैन पिता मो. करीम हुसैन उम्र 27 वर्ष निवासी कंचनपुर, जिला उमरिया के साथ ही दो अपचारी बालकों को भी हिरासत में लिया गया है, जिनकी पहचान गोपनीय रखी गई है।

### बरामद हुआ मसरूका

गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस ने लूट में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल, 3600 रुपये नगद और एक मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। हालांकि अधिकांश पार्सल पैकेट और बाकी नकद अब भी बरामद नहीं हो सके हैं, जिसके लिए पुलिस की टीमें अब भी प्रयासरत हैं। थाना प्रभारी नौरोजाबाद के अनुसार गिरफ्तारी के साथ ही इस मामले में एक बड़ी सफलता मिली है, परंतु अभी शेष लूटे गए मसरूका की बरामदगी और अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों की तलाश जारी है। जल्द ही पूरे मसरूका की बरामदगी की जाएगी।

### नौजवानों की बढ़ती अपराधी मानसिकता चिंताजनक

इस घटना में दो अपचारी बालकों की संलिप्तता यह दर्शाती है कि किस तरह कम उम्र में ही युवा अपराध की ओर आकर्षित हो रहे हैं। यह समाज के लिए एक चिंताजनक संकेत है, जिसमें अभिभावकों, समाजसेवियों और प्रशासन को मिलकर पहल करनी होगी। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि अगर कोई व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाया जाए या चोरी/लूट जैसी वारदात की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। पुलिस प्रशासन हर स्थिति में तत्पर है।

## लहचूरा डैम में मछली पकड़ते समय डूबने से युवक की मौत

### तेज बहाव में फिसला, ग्रामीणों ने एक घंटे बाद निकाला शव

**हरपालपुर।** क्षेत्र के लहचूरा डैम में सोमवार को मछली पकडऩे के दौरान एक युवक की डूबने से दुखद मौत हो गई। दरअसल भारी बारिश के कारण डैम में पानी का स्तर बढ़ा हुआ था और तेज बहाव के बीच युवक का पैर फिसल गया, जिससे वह गहरे पानी में चला गया। स्थानीय ग्रामीणों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक 43 वर्षीय भजनलाल पुत्र राजाराम रैकवार निवासी ग्राम चिरवारी थाना अलीपुरा, अपने तीन अन्य लोगों के साथ डैम के फाटक से कुछ मीटर दूर चट्टान पर बैठकर मछली पकड़



रहा था। इसी दौरान भजनलाल का पैर चट्टान से फिसल गया, और वह गहरे पानी में चला गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बचाव का प्रयास किया, लेकिन तेज बहाव के कारण उसे बचाया नहीं जा सका। करीब एक घंटे बाद ग्रामीणों ने भजनलाल के शव को पानी से निकाला और हरपालपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां मेडिकल स्टाफ ने उसे मृत घोषित कर दिया। हरपालपुर पुलिस ने मामला उत्तर प्रदेश के थाना महोबकंठ का होने के कारण शव को वहां भेजा, जहां पंचनामा के बाद शव को महोबा जिला अस्पताल पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। चिरवारी सरपंच राजेंद्र द्विवेदी ने बताया कि भजनलाल शादीशुदा था, लेकिन उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। वह मछली पकड़कर बेचने का काम करता था और अपने बुजुर्ग माता-पिता और एक पुत्र का भरण-पोषण करता था।

## अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हुआ दो पहिया वाहन चालक

**कोतमा।** रविवार की दोपहर फुनगा से धूम्मा जा रहे हैं दो पहिया वाहन के अनियंत्रित होकर दुर्घटना हो जाने का मामला सामने आया है। हादसे की सूचना चौकी प्रभारी अनुराग अवस्थी को मिलने पर उनके द्वारा मानवता दिखाते हुए घटना स्थल पहुंच दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुनगा में भर्ती कराकर उपचार कराया गया। घायल प्रीतम सिंह की हालत गंभीर होने एवं पांव में फैक्चर होने पर जिला चिकित्सालय रेफर होने पर अनूपपुर भेजवाने की व्यस्था कराई गई। घटना के बारे में बताया जाता है कि प्रीतम सिंह 37 दोपहिया वाहन में कुंवर सिंह 60 बर्ष के साथ अपने घर आ रहा था जिस दौरान कदम टोला के पास वाहन अनियंत्रित होकर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। दुर्घटना में दोनों घायलों को चोट आई। आसपास के राहगीरों द्वारा तत्काल सूचना चौकी में दी इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पहुंच अपने वाहन से स्वास्थ्य केंद्र लाकर उपचार कराया गया।



## बरहटा जंगल में मिल रहे चमकदार कीमती पत्थर !

**गोटेगांव**

क्षेत्र अंतर्गत बरहटा के विराट टोरिया के समीप के जंगलों में मिल रहे मुशमुडिया के पत्थर को खोजने ग्रामीणजन जंगलों की तरफ रुख कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरहटा के जंगलों में चमकने वाले पत्थर जिन्हें मुशमुडिया कहा जाता है लोगों को मिल रहे है। यह मोती जैसे पत्थरों की बाजार कीमत अधिक होती है। ऐसी जानकारी मिली है कि ऐसे कुछ पत्थर वहां के ग्रामीणों को मिले भी है, जिनकी हजारों में कीमत है, उनका उपयोग महंगे आभूषण बनाने में किया जाता है। ग्रामीण जंगलों में जाकर खोद रहे है, जिसको रोकने वन विभाग भी रात दिन गस्त कर रहा है, लेकिन जंगल में मोती रुपी मुशमुडिया ढूंढ रहे ग्रामीण किसी की मानने तैयार नहीं है। जब एक स्थान से वन विभाग वाले ग्रामीणों को भगाते है तो वह दूसरे स्थान पर चले जाते है और मुशमुडिया पत्थर खोजने लगते है।

### चमकीले पत्थर की खोज कर रहे है, रात के समय भी

ऐसा नहीं है कि ग्रामीण केवल दिन के समय ही जंगलों में खुदाई कर रहे है बल्कि वह रात में भी खोदने का कार्य करते रहते हैं। ग्रामीण जंगलों में लाइट लेकर अमीर होने की चाह में मोती जैसे पत्थरों की खोज में लगें है। वही करोड़पति बनने की चाह में आसपास अंचल ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीण दिनो रात मोबाइल की टॉर्च लेकर खुदाई करने में जुटे हुए हैं

### बेशकीमती पत्थर खरीदने जुटे बाहर के बड़े व्यापारी, जौहरी व आभूषण बनाने वाले भी

साथ ही बाहर से आए बड़े-बड़े व्यापारी भी इन बेसकीमती नगो के खरीदार भी डेरा डाले हुए हैं बरहटा जंगल में मिल रहे मुशमुडिया पत्थरों की चर्चा सभी जगह जोरों पर है। ग्रामीणों के लिए ये पत्थर आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं, और वे इन्हें पाने के लिए दिन-रात जंगल में खुदाई कर रहे हैं। वन विभाग की कोशिशें भी उन्हें रोकने में नाकाम साबित हो रही हैं। इन पत्थरों की खोज से ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है? या फिर इसके कुछ नकारात्मक परिणाम भी हो सकते हैं?

## अवैध शराब के खिलाफ कोतमा पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती-उर-रहमान के द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अवैध शराब, गांजा एवं अन्य नशीले पदार्थ बैचने वाले व्यक्तियों एवं अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश जारी कियें हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी तथा एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतमा निरी. रत्नाम्बर शुक्ल के नेतृत्व में कोतमा पुलिस द्वारा दिनांक 03.8.25 को मुखबिर की सूचना पर दो अलग अलग जगहों पर अवैध शराब बैचने ,रखने एवं परिवहन करने वालों पर बड़ी कार्यवाही की गई है। 03.08.25 को थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नाम्बर शुक्ल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि नीरज गुप्ता उर्फ शंशाक निवासी बनियाटोला का अपने घर में भारी मात्रा में अंग्रेजी एवं देशी अवैध शराब बिक्री करने हेतु रखा है। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी कोतमा द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर नीरज उर्फ शंशांक गुप्ता निवासी बनिया टोला कोतमा के घर पर रेड कार्यवाही कर चार खाखी रंग के कार्टूनो में 190 पाव देशी प्लेन शराब, एक खाखी रंग के कार्टून में रायल स्टेग अंग्रेजी शराब 21 पाव, एक खाखी कार्टून में मैजिक मोमेन्ट अंग्रेजी शराब 48 पाव, एक कार्टून में मैकडावल नम्बर 01 अंगेजी शराब 12 पाव, एक कार्टून मे 14 पाव ब्लू चीप रायल व्हीस्की अंग्रेजी शराब एवं पन्नियों में पावर 1000 सुपर स्ट्रांग बीयर 54 केन कुल शराब देशी, अंग्रेजी एवं बीयर 78.300 लीटर कीमती करीब 42000 रूपये की एवं उक्त शराब परिवहन कियें जाने वाले वाहन क्रमांक सीजी 12 डी 9827 सेन्ट्रो कार कीमती करीब 200000 रूपये व आरोपी के पास से एक एन्ड्रायड मोबाईल करीब 7000 रूपये का कुल मशरूका करीबन 2,49000 रूपये का जप्त किया गया है।

# श्रावण सोमवार पर निकले बाजे गाजों के साथ ध्वज जुलूस

## श्रावण महोत्सव पर शिव अराधना में डूबे श्रद्धालु

**जबलपुर।** श्रावण मास के चौथे और आखिरी सावन सोमवार पर शहर में हर्षोल्लास का वातावरण रहा। भगवान शिव के अभिषेक का सिलसिला सुबह से देर रात तक चला। जबलपुर में श्रावण सोमवार पर मां शारदा मंदिर मदनमहल और शिवालयों में लाल ध्वज चढ़ाने का विशेष महत्व है। लिहाजा चौथे सोमवार को बाजेगाजे के साथ दिन भर ध्वज जुलूस निकलते रहे।



### दुग्धाभिषेक के आयोजन

नगर के शिवालयों में सुबह से ही "ओम नमः शिवाय" के महामंत्र जप के साथ भगवान शिव की आराधना प्रारंभ हुई। सायंकाल महा आरती का दौर चला और जहां-तहां भगवान भोलेनाथ के रूद्राभिषेक, दुग्धाभिषेक के आयोजन हुये। मदन महल की पहाड़ियों पर स्थित मां शारदा देवी के मंदिरों में सावन सोमवार का मेला भरा। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लाल ध्वज लेकर मां शारदा की वंदना करने पहुंचे। ढोल-ढमाकों के साथ जुलूस की शक्ल में श्रद्धालु पहुंच रहे थे और मंदिर परिसर में पूजन सामग्री, खेल खिलौनों की दुकान, प्रसाद की दुकानें लगी हुई थीं। सावन के झूले भी पड़े हुये थे।

### मदन महल और गुप्तेश्वर में लगी भीड़


बड़े-बूढ़े और जवान सावन मेले का आनंद उठाते हुये मदन महल स्थित मां शारदा के दरबार में पहुंच रहे थे। भगवान शिव का नर्मदा जल से जलाभिषेक करने के लिये कांवर लेकर कांवड़यि नर्मदा तटों पर पहुंचे और वहां से जल लाकर भगवान शिव का अभिषेक किया। नगर के अति प्राचीन श्री स्वयंभू सिद्ध पीठ गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी थी। गुप्तेश्वर भगवान का फूलों से श्रंगार किया गया था। इसी प्रकार विजय नगर कचनार सिटी स्थित भोलेनाथ के विशाल मंदिर में विराजमान १२ ज्योतिर्लिंगों के दर्शन करने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। यहां पर पं.आचार्य सुरेन्द्र दुबे ने भगवान का अभिषेक किया और महामृत्युंजय जाप निरंतर चल रहा है। सुबह से शाम तक भीड़ लगी रही। इसके अलावा नगर व उपनगरीय क्षेत्रों में भी शिव मंदिरों में श्री पाठबाबा मंदिर, शिव शक्ति मंदिर घमापुर, बड़े शंकर जी के मंदिर, बड़े महावीर शंकर मंदिर में भी धार्मिक अनुष्ठान हुये। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।





### बड़ी महाकाली में चढ़ा ध्वज, चला भंडारा

श्री वृहत महाकाली महोत्सव समिति कालीधाम गढ़ाफाटक में परंपरा अनुसार आखिरी सोमवार को विशाल ध्वज चढ़ाया गया। ध्वज जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। ध्वज अर्पण के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की तदाद में भक्तजन ने महाप्रसादी ग्रहण किए।



# दंडी स्वामी का 92वां जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया

**सत्य ही सनातन है : दंडी स्वामी कालिकानंद**

**जबलपुर।** कालीधाम गौरीघाट परिसर में पूज्य गुरूदेव महाराज कालीधाम के संस्थापक एवं संचालक दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती स्वामी प्यारेनंद महाराज ने अपने 92वें जन्मोत्सव पर शिष्य परिवार को संबोधित करते हुए बताया कि सत्य ही सनातन है, सनातन ही सत्य है, सनातन धर्म में आध्यात्मिक ज्ञान और शिक्षा का महत्व है, सनातन धर्म में हिंसा का कोई स्थान नहीं है, आज हमें गौ माता के आध्यात्मिक और ज्ञान के बारे में आने वाली पीढ़ी को जानकारी देना चाहिए। साथ ही हम सभी को अपने परिवार में अपने माता-पिता की सेवा करने से भावनात्मक संतुष्टि और आत्मिक शान्ति मिलती है यही सनातन परम्परा है। कार्यक्रम के प्रथम चरण में माँ भगवती काली का महाभिषेक पूज्य गुरुदेव महाराज द्वारा आचार्य पुरोहित के मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। कालीधाम परिसर में कालीधाम, कालीमठ शिष्य परिवार के महामण्डलेश्वर डॉ. स्वामी राधेचैतन्य महाराज, कालीमठ के महंत चंद्रशेखरानंद,डीओपी राव, अनिल उसरेटे, अजय यादव, प्रदीप चौहान, पूरन सिंह राजपूत, अनिल सराठे, बंटी महाराज, भैयाराम अवस्थी, प्रभात दुबे, श्याम लाल कहार, संतोष केशरवानी एवं महिपाल राजपूत आदि शिष्य परिवार की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



# आधी रोटी खाएंगे पर बच्चो को जरूर शिक्षा दिलायेंगे

**जबलपुर।** अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा (रजि) के दो दिवसी 18 वे अधिवेशन 2—,3,अगस्त 2025 को इटारसी जिला नर्मदापुरम मे बाल योगी उमेश नाथ महाराज राज्य सभा सदस्य भारत सरकार के नेतृत्व मे सम्पन्न हुआ। गुरूजी ने कहा की आधी रोटी खाओ पर बच्चो को शिक्षा जरूर दिलाओ झाड़ू को छोड़ो और शिक्षा प्राप्त कर अच्छी नौकरी व व्यापार करो रामगोपाल राजा रास्ट्रीय अध्यक्ष व पुरुसोतम डागोर प्रदेश अध्यक्ष मप्र ने कार्यक्रम की कमान सभाली प्रदेश के सभी राज्यों से प्रदेश अध्यक्ष उपस्थित हुये। जबलपुर से नीरज बाल्मीक,अजय पदम,रतन डागोर, मुकेश धौलपुर,नवीन चंदेल,गौतम सिंह गिल,सतीश करोसिया,ओमप्रकाश परोचिया,मनीष गुहेरिया,अमन गोगालिया पिपरिया से सशील डागोर,जीतेन्द्र डागोर,पंचम डागोर,राकेश थनवार,महेश नरवरे,उपस्थित रहे।

# घर-घर संकीर्तन कर धर्म ध्वजा फहरा रहा है चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल

**जबलपुर।** संस्कारधानी जाबालीपुरम में घरों घर ध्वजा फहराते हुए धर्म पताका के साथ संकीर्तन का शंखनाद करने वाले चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल द्वारा श्रावणमास में घर घर संकीर्तन हो रहा है।संयोजक देवेंद्र नेमा ने बताया कि श्रावणमास 30 दिवसीय संकीर्तन माला में प्रतिदिन प्रातः हरिनाम संकीर्तन किया जा रहा है। इसी श्रंखला में अनिता-राजेश शर्मा के निवास सरस्वती कॉलोनी 26वें दिवस राधे राधे जय सियाराम एक से बढ़कर एक संकीर्तन की सुमधुर धुन पर मातृशक्ति भक्तजन प्रभु भक्ति में आनंदित हो खूब थिरके। इस अवसर पर संकीर्तनाचार्य पं.मनमोहन दुबे, मुन्नी बाई शर्मा, सरला-संतोष, मनीषा-मनोज शर्मा, सरिता नेमा, सुनीता खरे, मोनिका तिवारी, मानसी सेठ,दीपा सोनी,अंकिता,अनुकृति शर्मा, पं.देवेंद्र त्रिपाठी, प्रभाकर चतुर्वेदी, सुरेन्द्र गिरी, सत्यप्रकाश नामदेव, के एल दीक्षित, रज्जू सोनी, रमेश विश्नोई, पप्पू चौबे, अवधेश खरे, विशाल पंड्या, मोनी विश्वकर्मा, अवधेश गौतम,अनिल ताम्रकार, अनिल सुहाने, सुदामा सोनी, देवेंद्र नेमा आदि बड़ी संख्या में मातृशक्ति भक्तजन उपस्थित रहे।



# गोल्ड एप्रिसल कार्यशाला और अभा स्वर्णकार संघ का अधिवेशन संपन्न

**जबलपुर।** सन 1963 में स्वर्ण नियंत्रण कानून लागू होने के पश्चात देश के कारीगरों व छोटे एवं मध्यम कारोबारियों के हितों के लिए कार्यरत अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ (3545) नई दिल्ली पूरे देश की एकमात्र संस्था का गोल्ड एप्रिसल कार्यशाला एवं राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक सन पार्क पैलेश निरंजनपुर सहारनपुर रोड देहरादूर उत्तराखंड में 26 एवं 27 जुलाई को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मुख्य आतिथ्य एवं संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल चौहान पंजाब की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम में संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवकुमार सोनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने भी हिस्सा लिया। कार्यशाला में 78 से अधिक स्वर्णकारों को सोना-चांदी परीक्षण की आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दीप प्रज्जवलित कर अपने उद्बोधन में कहा कि स्वर्णकारों की समृद्धि ही पूरी भारत वर्ष की प्रगति का आधार है, स्वर्णकार खुशहाल तो देश खुशहाल। तत्पश्चात संघ के सदस्यों ने अन्य राज्यों की तरह स्वर्ण कला बोर्ड की स्थापना और धारा 411-412 के अंतर्गत हो रहे स्वर्णकार उत्पीड़न पर चिंता जताते हुए कानून में संशोधन की मांग की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल चौहान की संस्तुति पर राष्ट्रीय महामंत्री रवि वर्मा ने कार्यक्रम संयोजक, प्रदेश महामंत्री पंकज मैसोन को स्वर्णकार संघ का राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष घोषित किया।





# विशाल कांवड़ यात्रा सम्पन्न

**मझौली।** सुबह 8 बजे से सिद्ध कटाव धाम रानीताल मझौली से हजारों की संख्या में श्रद्धालु कांवड़ लेकर कांवड़ यात्रा में पहुंचे। जो बाबा भोलेनाथ के जयकारों के साथ कटाव धाम से शुरू हुई जो रानीताल नन्द ग्राम खबरा हटौली नरीला से होते हुए मुख्य मार्गों से होते हुए भगवान श्री विष्णु वाराह मंदिर पहुंची वहां भगवान को कांवड़ चढ़ा कर पूजन अर्चन कर भंडारा वितरण किया गया। यह आयोजन प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी धर्म क्रांति समिति मझौली के द्वारा किया गया।

# मंत्री राकेश सिंह के जबलपुर आर्थिक विकास विजन में सहयोगी होगा महाकोशल चेम्बर

**जबलपुर।** महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री में सौहार्द भेंट हेतु पधारे कैबिनेट मंत्री मप्र शासन राकेश सिंह ने महाकोशल क्षेत्र के आर्थिक विकास के विजन को साझा करते हुए चेम्बर पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने नई सोच के साथ तकनीक आधारित विश्लेषण के आधार पर डाटोबेस तैयार करके प्रकल्पों को संपादित करने पर जोर दिया, साथ ही चेम्बर द्वारा महाकोशल अंचल के आर्थिक विकास के लिए दिए गए सुझावों पर पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। चेम्बर अध्यक्ष द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में व्याप्त असीम संभावनाओं के मद्देनजर पर्यटन हब की कल्पना की योजना को प्रस्तुत किया गया, जिसमें पीपीपी मॉडल पर जबलपुर को केन्द्र बिन्दु लेते हुए पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए हेलीकॉप्टर यात्रा प्रारंभ करने हेतु विस्तृत खाका रखा गया, जिसमें नर्मदा दर्शन, जबलपुर से कान्हा बांधवगढ़, पेंच, खजुराहो, पचमढ़ी, अमरकंटक, चित्रकूट जैसे पर्यटन स्थल को जोड़ा जा सकेगा। मंत्री श्री सिंह ने योजना को उपर्युक्त बताते हुए इस कार्य आगे बढ़ाने सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ता, शंकर नाग्देव, युवराज जैन गढ़ावाल, अखिल मिश्र, हेमराज अग्रवाल, गुलशन माखीजा, प्रभात जैन, राजेश चण्डोक, अनिल जैन पाली, समीर पाल, नवनीत जैन, पदमाकर तलवारे, सुनील फाटक, गौरव गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।





# भगवान शिव के रुद्राभिषेक से मिलती हैं सुख समृद्धि

**जबलपुर।** आयुषी धरा सागड़ा में सिद्ध दुर्गा शक्ति पीठ मंदिर में अंतिम सोमवार को रुद्राभिषेक सामूहिक रूप से किया गया। पंडित आचार्य श्री राधे मिश्रा जी ने भगवान शिव का रुद्राभिषेक वैदिक मंत्रों के साथ विधि विधान से पूजन अर्चना कराया गया बताया कि सृष्टि की रचना करने वाले भगवान विष्णु भी एवं भगवान राम ने भी भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया है संसार में जब घोर संकट आता है तो सभी देवी देवता भगवान शिव की शरण में जाते हैं शिव ही अविनाशी, सर्वगुणधर, सर्वज्ञ हैं। जो मंगलमय है शिव का रुद्राभिषेक ही देन हैं। ओम नमः शिवाय, हर हर महादेव शम्भू काशी विश्वनाथ गंगे के साथ शंखनाद कर भोग, हवन, महाआरती किया गया। पूजन अभिषेक के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। _ इस अवसर पर अवधेश खरे राजा मिश्रा, वी पी वैश्य, दिलीप पाठक, देवेन्द्र राय, आशीष जयसवाल, अजय शर्मा, संजय सिंह, श्याम सिंह लोधी विनोद श्रीवास्तव, ऊषा खरे, शालनी मिश्रा, सविता श्रीवास्तव प्रभा दुबे, सविता पाठक, मोना राय आरती जयसवाल, कीर्ति अधिकारी आदि मातृ शक्ति एवम् बंधुवर भक्तगण उपस्थित रहे।

# कर्मचारियों को जागरूक करने निकाली स्वच्छता जागरूकता प्रभातफेरी

**जबलपुर।**

रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस उत्सव 2025 अभियान में स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत अभियान के तहत चिकित्सा विभाग जबलपुर मंडल द्वारा डॉ. श्याम सुंदर प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक के निर्देशन एवं डॉ. बीसीएस राव मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जबलपुर के मार्गदर्शन में 04 अगस्त को मंडल के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने जागरूकता रैली, प्रभातफेरी निकाली गई। इस कार्यक्रम में डॉ. संदीप कुमार चौहान मंडल चिकित्सा अधिकारी, मनोज कुमार गुप्ता सहायक स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में आरपी गुप्ता मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, राजेश ठाकरे मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, जितेन्द्र कुमार नगर हेड मास्टर, अशोक श्रीवात्री रेलवे स्कूल, नेतराम मेहरा के संचालन में लोको हायर सेकण्डरी स्कूल से अपलाइन रेलवे कालोनी तक स्वच्छता के प्रति जागरूक करने प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी में चिकित्सा विभाग से श्रीमती सीमा, ममता, ज्योत्सना, क्षमा, स्कूल के अध्यापकों, छात्रों एवं कालोनीवासियों सहित 100 से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने परिसर को स्वच्छ रखने योगदान दिया।





# रेलवे ने निकाली स्वच्छता पैदल रैली

**जबलपुर।** स्वच्छ भारत अभियान 2025 के तहत आज सुबोध विश्वकर्मा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी एवं सचिपति नंदन सहायक कार्मिक अधिकारी कल्याण के निर्देशन में 04 अगस्त को प्रातः 08 बजे मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से हाईकोर्ट चौराहा होते हुए बच्चों के हाथों में तख्तियां स्वच्छता लिखे नारे पढ़कर रैली उमंग रेल सामुदायिक भवन तक एक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के मुख्य कल्याण निरीक्षक कार्यालय अधीक्षक और भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यगणों ने भाग लिया।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/100
दिनांक :- 04/08/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रमेश कुमार मनवानी पिता स्व. श्री चेलाराम मनवानी ने मकान नं. 556/FF-04 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती प्रथम तल 800 व.फु. शपथपत्र/मृत्यु प्रमाणपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/91
दिनांक :- 04/08/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री अशोक कुमार आहुजा पिता श्री मेघराज आहुजा (2) श्रीमति मनीषा आहुजा पति श्री अशोक कुमार आहुजा ने मकान नं. 1117/12 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल 1035 व.फु. भूतल 610 व.फु. प्रथमतल 570 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/98
दिनांक :- 04/08/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री धीरज फबियानी (2) श्री विशाल कुमार फबियानी दोनों के पिता श्री रमेश चंद्र फबियानी ने मकान नं. 38/GF/S-10 वार्ड भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 430 व.फु.विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/99
दिनांक :- 04/08/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शैलेन्द्र कुमार गुप्ता पिता श्री विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता ने मकान नं. 874/GF-4 वार्ड भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 198 व.फु.विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

### गवर्नर संजय मल्होत्रा कल करेंगे द्विमासिक नीति दर की घोषणा

# आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू, चक्र के स्थिर रहने की उम्मीद



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली दर निर्धारण समिति की बैठक सोमवार को शुरू हो गई। तीन दिवसीय बैठक में द्विमासिक मौद्रिक नीति तय करने के लिए चर्चा होगी। जानकारों का मानना है कि अगस्त एमपीसी बैठक के दौरान ब्याज दरों में नरमी के चक्र के स्थिर रहने की उम्मीद है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने फरवरी में ब्याज दरों में ढील देने का चक्र शुरू किया था और तब से अब तक तीन चरणों में अल्पकालिक उधार दर (रेपो) में 100 आधार अंकों की कटौती की गई है। गवर्नर मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय दर निर्धारण समिति-मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी)- बुधवार (6 अगस्त) को अगली द्विमासिक नीति दर की घोषणा करने वाली है

### अगस्त की बैठक में ब्याज दरों को स्थिर रखती है आरबीआई एमपीसी

*विशेषज्ञों का मानना है कि रिजर्व बैंक इस बार यथास्थिति बनाए रख सकता है और अमेरिका की ओर से 7 अगस्त से भारतीय आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद और अधिक मैक्रो डेटा का इंतजार कर सकता है। हालांकि उद्योग जगत के एक वर्ग को बुधवार को ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती की उम्मीद है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि ऋण नीति जून के लिए कम मुद्रास्फीति और 25 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ के हालिया घटनाक्रम पर आधारित नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जून में नीति में पहले से ही 26 प्रतिशत टैरिफ को शामिल कर लिया गया था, जो अप्रैल में स्थगित दर थी।*

### वित्त वर्ष 2026 की औसत महंगाई अनुमान में कटौती कर सकती है एमपीसी

*इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि हाल के सीपीआई इस कैलेंडर वर्ष की दूसरी छमाही में महंगाई के नरम रहने का संकेत देते हैं। एमपीसी वित्त वर्ष 2026 के लिए जून 2025 की बैठक में जताए गए अपने महंगाई अनुमान 3.7 प्रतिशत में कटौती कर सकती है। नायर ने कहाकि इसके अलावा, अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ जीडीपी वृद्धि के लिए नकारात्मक जोखिम पैदा करेंगे, इससे रुपया भी स्थिर होगा। हमारे विचार में, अगस्त 2025 की नीति समीक्षा में 25 आधार अंकों की अंतिम दर कटौती की ओर संतुलन थोड़ा झुका हुआ है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी से 4 प्रतिशत से नीचे बनी हुई है। एमपीसी में आरबीआई के तीन अधिकारी-संजय मल्होत्रा (गवर्नर), पूनम गुप्ता (डिप्टी गवर्नर), राजीव रंजन (कार्यकारी निदेशक) और तीन बाहरी सदस्य नागेश कुमार (निदेशक और मुख्य कार्यकारी, औद्योगिक विकास अध्ययन संस्थान, नई दिल्ली), सौगत भट्टाचार्य (अर्थशास्त्री), राम सिंह (निदेशक, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स) शामिल हैं।*

## पतंजलि योगपीठ में जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया गया आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार



पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिवस पतंजलि वैलनेस, पतंजलि योगपीठ-2 के योगभवन सभागार में जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया गया। जड़ी-बूटी दिवस के अवसर पर स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने उपस्थित जनसमूह को स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज, स्वस्थ राष्ट्र व स्वस्थ विश्व के लिए पौधरोपण के लिए संकल्पित कराया। स्वामी व आचार्य ने स्वयं रक्तदान व पौधरोपण कर जनसामान्य को प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्वामी रामदेव महाराज ने आचार्य को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आचार्य का जन्मदिवस मनाना तो मात्र एक बहाना है, इसका मुख्य उद्देश्य भारत माता के प्रत्येक घर में ही नहीं सम्पूर्ण धरती माता के आँगन में जड़ी-बूटियां शोभायमान हों और सम्पूर्ण मानवता उनसे स्वास्थ्य व सुख पाएं। उन्होंने कहा कि जड़ी-बूटियाँ प्रकृति-परमेश्वर के अनुग्रह को अनुभव करने का एक माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि जड़ी-बूटियाँ मात्र उपचार के लिए ही नहीं अपितु आत्म साक्षात्कार के लिए भी के लिए हैं।

### हमें अपने जीवन की रक्षा करनी है तो जड़ी बूटियों को बचाना जरूरी : आचार्य बालकृष्ण

*कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण महाराज ने कहा कि जड़ी-बूटियां हमसे नहीं हैं अपितु जड़ी-बूटियों से हम हैं। हमें अपने जीवन की रक्षा करनी है तो जड़ी बूटियों को बचाना जरूरी है। इसलिए पतंजलि का जड़ी-बूटी दिवस सम्पूर्ण मानवता के जीवन को बचाने का एक उपक्रम है, जड़ी बूटियां नही होंगी, पेड़ पौधे नहीं होंगे, तो मानव का जीवन का अस्तित्व भी नहीं रह सकता। आचार्य जी ने कहा कि जन्मदिन तो मात्र बहाना है, जब हम रात्रि विश्राम करके प्रातःकाल उठते हैं तो नूतन ऊर्जा के साथ, नूतन सूर्योदय के साथ, नवजीवन के साथ हम प्रतिदिन अवतरित होते हैं। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ से जुड़े हमारे लाखों-लाखों परिवार के साथ देश व दुनिया में लाखों करोड़ों लोग जड़ी बूटियां लगाकर इस उत्सव को मनाते हैं।*

### 20 मई को खत्म हो चुकी है एनएबीएल की मान्यता

# ढाई महीने बाद भी नहीं मिली राज्य खाद्य प्रयोगशाला को एनएबीएल की मान्यता

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



राजधानी के ईदगाह हिल्स स्थित आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक विभाग का राज्य खाद्य प्रयोगशाला जब से चालू हुई है तब से आज तक कभी भी नमूने के जांच एवं नमूनों के परिणाम जारी करने में अवरोध नहीं हुआ और इस प्रयोगशाला ने राज्यस्तर पर ही नही राष्ट्रीय स्तर पर भी कई इतिहास रचा, लेकिन मौजूदा समय में तानाशाह और भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों की उदासीनता की बदौलत राज्य खाद्य प्रयोगशाला में मिलावटी नमूनों की जांच ठप बंद है क्योंकि इस राज्य खाद्य प्रयोगशाला की 20 मई 2025 को एनएबीएल से मिली मान्यता की नियत तारीख खत्म हो गई। अतः करीब ढ़ाई महीने बाद भी आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक विभाग के अफसरों की उदासीनता के चलते यह चालू नहीं हो पाई। विभागीय सूत्रों के अनुसार अगामी त्यौहार रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, गणेश चुतुर्थी जैसे बड़े पर्व पर है। मगर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में मिलावटी नमूनों की जांच नहीं हो रही है। जिससें अंदेशा है कि इस त्यौहारी सीजन में मिलावटियों की बांछे खिलेगी और आम उपभोक्ता मिलावटी सामान खरीदने को मजबूर होंगे। बताया जा रहा है कि राज्य खाद्य प्रयोगशाला को ढ़ाई माह बाद भी एनएबीएल की मान्यता नहीं मिलने के पीछे का कारण विभाग के अधिकारियों के लापरवाही है। सूत्रों के अनुसार रक्षाबंधन पर भिंड मुरैना ग्वालियर दतिया द्वारा मिलावटी मावा पनीर एवं मिठाइयों की बड़ी खेप राजधानी भोपाल तक आती है। इतना ही नहीं पूरे प्रदेश में उनके नेटवर्क द्वारा मिलावटी सामान भेजा जाता है। ऐसे में जिलों के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों हिम्मत नहीं जुटाते हैं कि मिलावटी सामग्री पकड़े और मिलावटियों के खिलाफ कार्रवाई कर सकें। भिंड, मुरैना, ग्वालियर, दतिया से निकला हुआ माल कहीं भी नहीं पकड़ा जाता। उक्त मिलावटी समान पूरे बाजार में खुलेआम बिकता है जो की मानव स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ जैसा काम किया जा रहा है।





### एक्सटेलिफ़ाय बाय ने नई डिजिटल क्षमताओं को किया लॉन्च

**गुरुग्राम।** भारती एयरटेल की स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एक्सटेलिफाय ने 'एयरटेल क्लाउड' नाम से एक स्वायत्त (सोवरेन), टेल्को-ग्रेड क्लाउड प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। यह क्लाउड प्लेटफॉर्म एयरटेल की भारत में आंतरिक ज़रूरतों के लिए प्रति मिनट 140 करोड़ ट्रांज़ैक्शन संभालने के लिए डिज़ाइन किया गया है, और अब इसे देश की कंपनियों की लगातार बढ़ती डिजिटल ज़रूरतों को पूरा करने के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। यह प्लेटफॉर्म अगली पीढ़ी के सस्टेनेबल डेटा सेंटर्स पर होस्ट किया गया है, जिसमें जनरेशन-एआई आधारित प्रोविज़निंग की सुविधा है और इसे 300 प्रमाणित क्लाउड एक्सपर्ट्स संचालित करते हैं।

### एयरटेल ने शुरू की क्लाउड सेवा, 40 फीसदी सस्ती होने का दावा

# दुनियाभर के टेलीकॉम ऑपरेटर्स के लिए एआई संचालित सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म लांच

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम



एक्सटेलिफ़ाय, जो भारती एयरटेल ('एयरटेल') की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है और एयरटेल की सभी डिजिटल संपत्तियों और क्षमताओं का संचालन करती है ने सोमवार 'एयरटेल क्लाउड' नाम से एक स्वायत्त (सोवरेन), टेल्को-ग्रेड क्लाउड प्लेटफॉर्म लांच किया। यह क्लाउड प्लेटफॉर्म एयरटेल की भारत में आंतरिक ज़रूरतों के लिए प्रति मिनट 140 करोड़ ट्रांजेक्शन संभालने के लिए डिजाइन किया गया है और अब इसे देश की कंपनियों की लगातार बढ़ती डिजिटल जरूरतों को पूरा करने के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। यह प्लेटफॉर्म अगली पीढ़ी के सस्टेनेबल डेटा सेंटर्स पर होस्ट किया गया है, जिसमें जनरेशन-एआई आधारित प्रोविज़निंग की सुविधा है और इसे 300 प्रमाणित क्लाउड एक्सपर्ट्स संचालित करते हैं। यह बेहद सुरक्षित और भरोसेमंद सेवा है, जो आईएएएस, पीएएएस और एडवांस कनेक्टिविटी जैसी सेवाएं प्रदान करती है। एक्सटेलिफ़ाय ने एक एआई-समर्थित, भविष्य के लिए तैयार सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म भी लांच किया है, जो दुनियाभर की टेलीकॉम कंपनियों को तकनीकी जटिलताओं से मुक्ति दिलाने, कस्टमर एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने, ग्राहक बनाए रखने (चर्न को कम करने) और प्रति ग्राहक औसत आय (एआरपीयू) बढ़ाने में मदद करेगा। यह समाधान टेलीकॉम वैल्यू चेन के हर पहलू पर ध्यान देता है। भारती एयरटेल के वाइस चेयरमैन और एमडी, गोपाल विट्टल ने कहाकि यह एयरटेल के इतिहास में एक बहुत ही महत्वपूर्ण क्षण है क्योंकि हम अपने विश्व स्तरीय, स्वदेशी एयरटेल क्लाउड और सॉफ्टवेयर समाधान प्लेटफार्मों को भारत के व्यवसायों और दुनिया भर के दूरसंचार ऑपरेटरों तक ले जा रहे हैं। इस दिशा में हमें सबसे पहले ही तीन शीर्ष स्तरीय कंपनियों - सिंगटेल, ग्लोब टेलीकॉम और एयरटेल अफ्रीका के साथ साझेदारी करने का सौभाग्य मिला है।

## एनएसएल ने राष्ट्रीय सुरक्षा इस्पात पुरस्कार 2024 में परचम लहराया



**नगरनार।** इस्पात उद्योग में सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण पर 25 और 26 जुलाई 2025 को रांची में आयोजित 75वीं संयुक्त समिति (जेसीएसएसआई) की बैठक में, एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) ने अपने उत्कृष्ट सुरक्षा प्रदर्शन के लिए सोलह (16) प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर के इस्पात सुरक्षा पुरस्कार 2024 जीते। ये पुरस्कार एकीकृत इस्पात संयंत्रों के लिए घातक दुर्घटना रहित श्रेणी के अंतर्गत प्रदान किए गए, जिनमें निम्नलिखित उपलब्धियाँ शामिल हैं: एकीकृत इस्पात संयंत्र में कैलेंडर वर्ष 2023 और 2024 में कोई घातक दुर्घटना नहीं। एकीकृत इस्पात संयंत्र के विभिन्न क्षेत्रों में कैलेंडर वर्ष 2022-23 और 2023-24 में कोई घातक दुर्घटना नहीं। ठेकेदार श्रमिकों से जुड़ी कोई भी घातक दुर्घटना नहीं कैलेंडर वर्ष 2023 और 2024 । ये सम्मान मज़बूत सुरक्षा प्रणालियों, निरंतर निगरानी और कर्मचारियों व ठेकेदार कार्यबल, दोनों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से शून्य हानिकारक कार्यस्थल को बढ़ावा देने के लिए एनएसएल की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। यह पुरस्कार एनएमडीसी स्टील लिमिटेड की ओर से पवन कुमार, सहायक महाप्रबंधक (सुरक्षा) और अनुज कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (कार्मिक) के साथ-साथ यूनियन नेताओं संतराम शेतिया, अध्यक्ष सिम्स रमेश कश्यप, सचिव सिम्स, मानदास कश्यप, अध्यक्ष एसएसयू और विजयेंद्र नाथ मैथ्यूज, सचिव एसएसयू द्वारा प्राप्त किया गया। इस उपलब्धि पर, कार्यकारी निदेशक एवं प्लांट प्रमुख, एम.एन.वी.एस. प्रभाकर ने एनएमडीसी स्टील लिमिटेड समूह को शून्य-हानिकारक कार्यस्थल प्राप्त करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए बधाई दी और सभी से उच्चतम सुरक्षा मानकों को बनाए रखने का आग्रह किया।

### मिंत्रा ने लांच किया राखी स्टोर, कलेक्शन मौजूद

**नई दिल्ली।** मिंत्रा ने रक्षा बंधन के अवसर पर राखी स्टोर लांच किया है। इस स्टोर पर 2,500 से ज्यादा ब्रांड्स की ओर से 3 लाख से अधिक स्टाइल में एथनिक वियर, फुटवियर, ब्यूटी एवं पर्सनल केयर, गुरमे हैंपर, एक्सेसरीज़ और को-ब्रांडेड गिफ्ट हैंपर तथा 30,000 से अधिक अद्वितीय स्टाइल की राखी का विशाल कलेक्शन मौजूद है।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### फैब इंडिया ने पेश किया नया फेस्टिव कलेक्शन

**नई दिल्ली।** फैब इंडिया ने रक्षाबंधन 2025 के अवसर पर अपना नया फेस्टिव कलेक्शन लांच कर दिया है। यह ख़ास कलेक्शन पारंपरिक भारतीय कारीगरी और आधुनिक डिजाइन सौंदर्य का सुंदर संगम है। कपड़े और होम एंड लाइफस्टाइल श्रेणियों में उपलब्ध यह कलेक्शन भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को कोमलता, प्रेम और गरिमा के साथ दर्शाता है।




## आवास फायनेंसियर्स द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के लाभार्थियों का सम्मान समारोह

**जयपुर।** अफ़ोर्डेबल हाउसिंग फाइनेंस क्षेत्र की अग्रणी कंपनी, आवास फायनेंसियर्स, ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत लाभार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया। आयोजित कार्यक्रम में योजना के अंतर्गत सब्सिडी प्राप्त परिवारों की खुशियाँ साझा की गईं और उन्हें उनके नए घर की उपलब्धि पर बधाई दी गई। इस समारोह में आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव कुलदीप नारायण, सिक्किम सरकार के समाज कल्याण विभाग की सचिव श्रीमती सारिका प्रधान, नेशनल हाउसिंग बैंक के एमडी संजय शुक्ला और बोर्ड सदस्य प्रभंजन मोहापात्रा समेत अन्य गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। इस अवसर पर आवास फायनेंसियर्स लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ सचिंदर भिंडर ने कहा, 'भारत के हजारों परिवारों को उनके स्वयं के घर का सपना साकार होते देखना हमारे लिए अत्यंत गर्व और संतोष की बात है। हम न केवल अफोर्डेबल हाउसिंग के लिए प्रतिबद्ध हैं, बल्कि स्थाई और पर्यावरण अनुकूल घरों के निर्माण के भी प्रयासरत हैं।'

### भारतीय रेलवे की ओर से यात्रियों को बड़ी सौगात

# 8 वंदे भारत ट्रेनों में 15 मिनट पहले तक बुक करा सकेंगे टिकट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- यात्री के रिजर्वेशन सिस्टम में बदलाव किया



भारतीय रेल ने यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी दी है। अब यात्री वंदे भारत ट्रेन से यात्रा करने से महज 15 मिनट पहले भी टिकट बुक कर सकते हैं। इसके लिए भारतीय रेलवे ने यात्री के रिजर्वेशन सिस्टम में बदलाव किया है। ये नियम अभी केवल 8 वंदे भारत एक्सप्रेस पर ही लागू हुआ है। दक्षिण रेलवे जोन द्वारा संचालित होने वाले वंदे भारत ट्रेनों पर ये नियम लागू किया गया है। देश के विभिन्न मार्गों पर मौजूदा समय में कुल 144 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चल रही हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें सभी मार्गों पर 100% क्षमता के साथ चल रही हैं।

### नाइका कॉस्मेटिक्स ने लांच की बुलेट लिपस्टिक

**मुंबई।** नाइका कॉस्मेटिक्स ने नई मैट टू लास्ट 16एचआर बुलेट लिपस्टिक लांच की है। यह एक हाई पिगमेंटेड, सॉफ्ट मैट फिनिश वाली बुलेट लिपस्टिक है जो पूरे दिन टिके रहती है। यह नई बुलेट लिपस्टिक उसी आइकॉनिक मैट टू लास्ट फ्रैंचाइजी का विस्तार है, जिसे अब और भी सुविधाजनक फॉर्मेट में पेश किया गया है। 16 घंटे तक चलने वाली यह लिपस्टिक दिनभर कम्फर्टेबल रहती हैबिना फेड हुए।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** – मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** – मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** – क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** – रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5949



**बाएँ से दाए**

1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

### शब्द पहेली- 5948 का हल



## सूडोकू नवताल- 5959

✱ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल- 5958 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |



विशेष
रक्षाबंधन
9 अगस्त

# रक्षाबंधन
## कभी ना कमजोर हो रिश्तों की डोर

भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक पर्व है रक्षाबंधन। इस दिन जब बहन भाई की कलाई पर राखी बांधती है, तो दोनों के रिश्ते और गहरे होते हैं। समय के बदलाव के साथ इस रिश्ते के ताने-बाने कमजोर हो रहे हैं। इसलिए जरूरी है, रक्षाबंधन के मूल्यों को सहेजा जाए ताकि भाई-बहन के रिश्तों की ऊष्मा कम ना हो।

आवरण कथा
यशोधरा भटनागर

रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, एक अनुभूति है। बहन की कोमल भावनाओं से बुनी-गूंथी रेशम की डोर भाई की कलाई पर बंध उसके मन को बांध लेती है। उस रिश्ते की गहराइयों में उतर जाती है, जिसमें न अपेक्षा होती है, न शर्त। एक निस्वार्थ भावना, रक्षा और पावन स्नेह राखी की कच्ची डोर को मजबूती से बांधे रखती है।

### एक भावनात्मक परंपरा

रक्षाबंधन स्मृतियों, स्नेह और संबंधों की एक ऐसी भावनात्मक परंपरा है, जो हर साल भाई-बहन के अटूट बंधन को नए अर्थ देती है। एक रेशमी धागा, जो पीढ़ियों से बहन की आशा और भाई की जिम्मेदारियों को जोड़ता आ रहा है। समय के साथ बहन ने भाई की जिम्मेदारी भी खुशी-खुशी अपने कंधों पर उठा लेने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। पहले राखी का त्योहार केवल मनाया ही नहीं जाता था, जिया जाता था। रक्षाबंधन का उत्साह लिए बड़ी बुआ, जिनके बालों में सफेदी और चेहरे पर अनुभवों का प्रकाश होता, वह पूरे हर्षोल्लास से भाई के घर आतीं, मायके का आंगन उनके आगमन से महक उठता।

### हंसी-ठिठोली और प्रेम से भरा त्योहार

एक समय ऐसा था जब, *'साल भरे में एक बार त्योहार जे पावन आवै, पहुंच जाऊं मायके जल्दी से मोरों जी हरसावै...'* गीत गाती बुआएं बैठे-बैठे सिवइयां तोड़ देतीं। अम्मा घर पर ही सुंदर-सुंदर कपड़े सिल लेतीं। मां, बुआओं और बेटियों की कलाई पर रंग-बिरंगी चूड़ियां खनखनातीं, हाथों की मेहंदी की सुवास त्योहार में कुछ अलग रंग भर देता। पाजेबों की रुनझुन मधुर संगीत गढ़ लेती। रेशम की लच्छियों से बनी राखियों में बहनें, भाई के लिए अपना सारा स्नेह उड़ेल देतीं। रक्षाबंधन की सुबह ही बड़े उत्साह से चावल, रोली, नारियल और मिठाइयों से थाल सजाया जाता। हंसी-ठिठोली और प्रेम से सराबोर हो त्योहार मन जाता। चाव से लड्डू खाता भाई, आरती उतारती बहन को नेग के लिए खूब सताता। फिर शुरू हो जाती प्यार भरी लड़ाई तो अम्मा शगुन रख यह प्यारा सा झगड़ा सुलझा देतीं।

### बहुत बदल गए हैं अहसास

एक समय था, रिश्ते खून के नहीं, भावना के होते थे। राखी भाई का वचन होती थी- *'तेरे दुःख से पहले मैं आऊंगा बहन।'* और बहन की नजरें कहती थीं- *'जब तू है तो मुझे किसी और की जरूरत नहीं।'* आज ऐसे एहसास ढूंढे नहीं मिलते। आधुनिक जीवन की आपा-धापी में रक्षाबंधन भी एक कैलेंडर इवेंट बन गया है। भाई-बहन के पास समय नहीं है, भावनाएं स्क्रीन पर सिमट गई हैं। राखी अब ई-कॉमर्स के डिब्बों में आती है। प्रेम उसमें बंधे नोट में नहीं, साथ बिताए समय में था, जो अब दुर्लभ होता जा रहा है। आज जब मोबाइल फोन पर प्रियंका ने राखी भेजी और मीटिंग में उलझे भाई बिट्टू ने दो पल का समय निकाल कर 'हैप्पी रक्षाबंधन' कहा तो वह मुस्कुरा तो दी, पर भीतर कहीं एक रिक्तता तैर गई। कॉल कटते ही उसका चेहरा बुझ गया। याद हो आए वो दिन, जब रक्षाबंधन का त्योहार कई दिन पहले ही अंदर बाहर उत्साह भर देता था। भाई के लिए थाली वह कितने प्यार से सजाती थी। मिठाई में बिट्टू की पसंद के रसगुल्ले जरूर होते और वह एक के एक करके गपागप कितने ही सटका जाता। नेग के नाम पर कहता, 'जिज्जी ढेर सारा प्यार दे तो रहा हूं' या कभी चॉकलेट का खाली रैपर रख देता। लड़-झगड़ कर वह भी मोटा नेग लेती थी। यह सब याद कर एक हंसी उसके चेहरे पर तिर आई। वह धीरे से बुदबुदाई, 'सदा ऐसे ही खुश रहो मेरे प्यारे भाई!'




### रिश्तों को सहेजने वाला पर्व

रक्षाबंधन केवल एक रस्म नहीं, यह रिश्तों को समय देकर, उन्हें सहेज कर, पीढ़ियों से जोड़ने का एक माध्यम है। आज जब जिंदगी की आपा-धापी में बहुत कुछ छूट रहा है, तो जरूरी है कि हम उन भावनात्मक डोरियों से फिर से बंधें। थोड़ी देर साथ बैठें, बात करें, यादें ताजा करें और अपनों को ये एहसास दिलाएं कि रक्षाबंधन का दिन हमारे जीवन के सबसे सुंदर दिनों में से एक है।

### राखी के धागों की पकड़ सहेजें

राखियां डिजिटल हो सकती हैं, मिठाइयां ऑनलाइन मिल सकती हैं, पर... बड़ी बुआ के हाथों की कांपती अंगुलियों से बंधी राखी, मुंहबोली बुआ की आंखों में छलकता प्यार, ये अनुभव किसी स्क्रीन पर नहीं, सिर्फ दिल में उतरते हैं। इस रक्षाबंधन, क्यों न हम राखी केवल भेजें नहीं, बल्कि इसे जिएं। क्यों न हम फिर से लौटें उन लम्हों की ओर, जो हमारी असली पूंजी हैं! क्योंकि रिश्तों की असली मिठास न रसगुल्लों में है, न उपहारों में, वो तो बस एक बात में छुपी है, जब भाई कहता है, 'बहन मैं हूं... तुम्हारे साथ... हमेशा-हमेशा।' फिर इस पर 'भाई तेरी खुशी में ही मेरी खुशियां हैं।' ऐसी बातों में और बहन की मुस्कान में भाई का गर्व छुपा होता है और भाई की आंखों में बहन का संसार। तो आइए इस रक्षाबंधन एक बार फिर से रिश्तों की गर्माहट को महसूस करें, उस डोर को फिर से सहेजें, जो शायद ढीली पड़ गई पर टूटी नहीं है। a



## भाई-बहन के प्रगाढ़ प्रेम का पर्व रक्षाबंधन

रक्षाबंधन के अवसर पर अपने भाई की कलाई पर आप भी जरूर राखी बांधेंगी। अगर आप वास्तु नियमों के अनुसार इस परंपरा को निभाएं तो इससे बहुत शुभ फलों की प्राप्ति होगी और आप दोनों का आपसी प्रेम सदैव बना रहेगा।

पर्व-परंपरा
अनीता जैन

रक्षाबंधन का पर्व भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के स्नेह, आत्मीयता और आपसी विश्वास का प्रतीक है। इस विशेष दिन बहन अपने भाई के ललाट पर तिलक कर उसकी कलाई पर रक्षासूत्र बांधती है। भाई आजीवन अपनी बहन की रक्षा करने का वचन देता है। यह पर्व मात्र एक रस्म नहीं, बल्कि आत्मीयता, दायित्व और आपसी प्रेम का ऐसा बंधन है, जो उम्र भर साथ निभाता है। इस दिन का धार्मिक, पौराणिक और वास्तु शास्त्र से जुड़ा महत्व भी है, जिसे समझकर और विधिपूर्वक पालन कर इस पर्व को और अधिक फलदायी और शुभ बनाया जा सकता है। अच्छे मुहूर्त और भद्रारहित काल में भाई की कलाई पर राखी बांधने से भाई को कार्यसिद्धि और हर कार्य में सफलता प्राप्त होती है।



### ऐसे बांधें राखी

वास्तु के अनुसार घर का मुख्य द्वार वह प्रमुख स्थान है, जहां से सकारात्मक ऊर्जा घर के भीतर प्रवेश करती है, जो आपकी और भाई की समृद्धि के लिए मददगार हो सकती है। रक्षाबंधन के दिन मुख्य द्वार पर ताजे फूलों और पत्तियों से बनी बंधनवार लगाएं और रंगोली से घर को सजाएं। पूजा के लिए एक थाली में स्वास्तिक बनाकर उसमें चंदन, रोली, अक्षत, राखी, मिठाई और कुछ ताजे फूलों के बीच में एक घी का दीया रखें। दीपक प्रज्वलित कर सर्वप्रथम अपने इष्टदेव को तिलक लगाकर राखी बांधें और आरती उतार कर मिठाई का भोग लगाएं। फिर भाई को पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठाएं। इसके बाद उनके सिर पर रुमाल या कोई वस्त्र रखें। अब भाई के माथे पर रोली-चंदन और अक्षत का तिलक लगाकर उसके हाथ में नारियल दें। इसके बाद येन बद्धो बलि राजा, दानवेंद्रो महाबलः। तेन त्वाम प्रतिबद्धनामि रक्षे माचल माचलः। इस मंत्र को बोलते हुए भाई की दाहिनी कलाई पर राखी बांधें। भाई की आरती उतार कर मिठाई खिलाएं और उनके उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य के लिए भगवान से प्रार्थना करें। इसी दिन देवताओं, ऋषियों और पितरों का तर्पण करने से परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बढ़ती है। इस दिन आप नदियों, तीर्थों, जलाशयों आदि में स्नान और दान-पुण्य करके ईष्ट कार्य भी सिद्ध कर सकते हैं।



### राखी बांधने के नियम

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पुरुषों और अविवाहित कन्याओं को दाएं हाथ में रक्षासूत्र बांधना चाहिए वहीं विवाहित स्त्रियों के लिए बाएं हाथ में राखी बांधने का विधान है। भाइयों को राखी बंधवाते समय उस हाथ की मुट्ठी को बंद रखकर दूसरा हाथ सिर पर रखना चाहिए। वास्तु शास्त्र में काले रंग को औपचारिकता, बुराई, नीरसता और नकारात्मक ऊर्जा से जोड़कर देखा जाता है, इसलिए इस दिन बहन और भाई दोनों को काले रंग के परिधान पहनने से परहेज करना चाहिए।

### ऐसे शुरू हुई राखी बांधने की परंपरा

पौराणिक कथाओं के अनुसार जब भगवान विष्णु ने वामन अवतार के रूप में राक्षस राज बलि से तीन पग में उनका सारा राज्य मांग लिया था और उन्हें पाताल लोक में निवास करने को कहा था, तब राजा बलि ने भगवान विष्णु को अपने मेहमान के रूप में पाताल लोक चलने को कहा। जिसे विष्णुजी मना नहीं कर सके। लेकिन जब लंबे समय तक श्री हरि अपने धाम नहीं लौटे तो लक्ष्मी जी को चिंता होने लगी। तब नारद मुनि ने उन्हें राजा बलि को अपना भाई बनाने की सलाह दी। अपने पति को वापस लाने के लिए माता लक्ष्मी गरीब स्त्री का रूप धारण कर राजा बलि के पास पहुंच गईं और उन्हें अपना भाई बनाकर राखी बांध दी। इसके बदले उन्होंने भगवान विष्णु को पाताल लोक से ले जाने का वचन मांग लिया। उस दिन श्रावण मास की पूर्णिमा थी और माना जाता है कि तभी से रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाने लगा है। a

## फेस्टिव लुक के लिए करें ग्लॉसी मेकअप

मेकअप
मानसी

रक्षाबंधन के खास मौके पर पहनने के लिए आपने अपनी ड्रेस फाइनल कर ली है लेकिन अगर अभी आप डिसाइड नहीं कर पा रही हैं कि किस तरह का मेकअप करें, तो आपको बता दें कि कोई भी लुक तभी परफेक्ट लगता है, जब ड्रेस के साथ मेकअप मैच करता है। इस खास फेस्टिव ऑकेजन पर आप ग्लॉसी मेकअप कर सकती हैं। इसके प्रॉपर स्टेप्स के बारे में यहां बता रहे हैं।

**एक्सफोलिएशन-मॉयश्चराइजेशन:** मेकअप शुरू करने से पहले जरूरी है कि आप अपने चेहरे को अच्छी तरह धो लें और फिर स्किन को एक्सफोलिएट करें। इससे चेहरे पर डेड स्किन निकल जाएगी। साथ ही चेहरे पर मौजूद धब्बे भी हल्के पड़ जाएंगे। इससे स्किन सॉफ्ट भी हो जाएगी। इसके बाद आप चेहरे को मॉयश्चराइज करें। इससे त्वचा पर नमी बनी रहेगी।

**प्राइमर और फाउंडेशन:** जब आप चेहरे को मॉइस्चराइज कर लें तो जरूरी है कि उसके बाद मेकअप को बेस देने के लिए प्राइमर का इस्तेमाल करे, जिससे आपका मेकअप ज्यादा लंबे समय तक टिका रहेगा। साथ ही चेहरे पर दाग धब्बे भी नजर नहीं आते हैं। जब आप चेहरे पर प्राइमर का इस्तेमाल कर लें तो उसके बाद फाउंडेशन अप्लाई करें। बिना फांउडेशन के मेकअप को सही लुक नहीं मिल पाता है। इसलिए फाउंडेशन का इस्तेमाल चेहरे पर जरूर करें। ऑयली स्किन वाली महिलाएं ऑयल फ्री फाउंडेशन का ही यूज अपने चेहरे पर करें।



**आई मेकअप:** आपका कंप्लीट मेकअप तभी सुंदर नजर आता है, जब आपने आंखों का मेकअप परफेक्ट तरीके से किया हो। इसके लिए आप आई मेकअप को सही तरह से करें। ध्यान रखें कि ग्लॉसी मेकअप के लिए आंखों को थोड़ा सॉफ्ट और नेचुरल लुक देना जरूरी है। इसके लिए अपनी आंखों पर रोज गोल्ड या सिल्वर आईशैडो लगाएं। फिर आईशैडो को चमकदार बनाने के लिए अपनी आंखों पर थोड़ी मात्रा में आई-सेफ क्लियर लिप ग्लॉस या पेट्रोलियम जैली लगाएं। इसके बाद आप पलकों को कर्ल करके मस्कारा के दो कोट लगाएं।

**चीकबोंस नजर आए ग्लॉसी:** जब आंखों का मेकअप हो जाए तो ग्लॉसी लुक के लिए चीकबोंस, नाक और चेहरे के कुछ हिस्सों को उभारने के लिए उन पर ब्रोंजर का इस्तेमाल करें। फिर गालों पर पीच शेड का क्रीमी ब्लश का इस्तेमाल करें। इसके बाद अपने चीकबोंस, नाक के ऊपरी हिस्से और माथे पर थोड़ा हाईलाइटर लगाएं। इसे ब्यूटी ब्लेंडर या फिर फ्लेयर ब्रश से स्मज करें।

**लिप ग्लॉस लगाएं:** चूंकि आप ग्लॉसी मेकअप कर रही हैं, इसलिए आपको होंठों पर लिप ग्लॉस का इस्तेमाल करना होगा। आप लिप ग्लॉस में कलर अपनी पसंद का चुन सकती हैं। a

**(ब्यूटीशियन साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

आप अपने भाई के लिए प्यारी सी राखी तो चुनेंगी ही। इसके साथ ही, जिस थाली में रोली, अक्षत के साथ राखी रखेंगी, वो भी बहुत आकर्षक दिखे, इसके लिए ये तरीके अपना सकती हैं।

## आकर्षक दिखेगी रक्षाबंधन वाली थाली

परंपरा
निधि गोयल

हर बहन को इंतजार होता है राखी आएगी तो भाई के लिए वह सुंदर सी राखी तो लाएगी ही, साथ ही राखी, रोली, अक्षत, चंदन, आरती का दीपक और मिठाई आदि रखने के लिए थाली भी सुंदर सी सजाएगी। वैसे तो अगर आप मार्केट में नजर डालें तो आपको बहुत सी सजी हुई थालियां मिल जाएंगी। लेकिन अगर आप रक्षाबंधन वाली थाली को अपने हाथ से सजाएंगी उसकी बात ही कुछ और होगी। हम यहां पर विस्तार से बता रहे हैं इसे सजाने का तरीका।



**चुनरी का फैब्रिक:** आप सबसे पहले थाली का बेस बनाने के लिए चुनरी का फैब्रिक लें और उसे पूरी थाली पर चिपका दें। इससे आपकी थाली काफी अट्रैक्टिव नजर आएगी। लाल रंग की चुनरी का फैब्रिक सबसे आकर्षक लगता है। आप यदि चुनरी का फैब्रिक इस्तेमाल नहीं करना चाह रही हैं तो उसकी जगह चुनरी प्रिंट में पेपर लेकर भी थाली को सजा सकती हैं। इसे आपको पूरी थाली के तल पर बहुत अच्छी तरह से चिपकाना है, जिससे पूरी थाली इस फैब्रिक से ढंक जाए।

**गोटा:** जब आप चुनरी का फैब्रिक या पेपर थाली पर लगा लें तो इसके बाद आपको उसे आकर्षक दिखाने के लिए गोटे का इस्तेमाल करें। लेकिन बहुत ज्यादा मोटा गोटा उस पर नहीं लगाएं, क्योंकि इससे थाली का लुक अच्छा नहीं लगेगा। मीडियम साइज के गोटे से थाली को सजाएं। आप इसे अपनी इच्छानुसार शेप में लगा सकती हैं। थाली गोल होती है तो गोल शेप में लगाते हुए गोटे चिपका दें। या फिर आप इसमे कुछ क्रिएटिविटी के साथ अलग डिजाइन में सजा सकती हैं।

**मिरर:** जब आप थाली को गोटे से सजा दें तो उसके बाद मिरर का इस्तेमाल करें। मिरर को आप थाली पर जगह-जगह चिपका सकती हैं। मिरर आपको राउंड और ट्राइएंगल शेप में मिल जाएंगे, जिन्हें आप थाली पर सजाएंगी तो वो बेहद सुंदर नजर आएगी। जब आप थाली पर मिरर लगाएंगी तो आपकी थाली जगमगा उठेगी और बेहद आकर्षक नजर आएगी।

**लेस और लटकन:** आजकल थाली को कुछ डिफरेंट लुक देने के लिए लेस और लटकन का इस्तेमाल भी किया जा रहा है। लेस को आप चुनरी के फैब्रिक को लगाने के बाद उसके चारों तरफ थाल के किनारे-किनारे चिपका सकती हैं, जिससे थाली का लुक चेंज हो जाएगा। अगर आपको लटकन लगानी है तो इस लेस से अटैच करते हुए चारों कोनों पर लटकन को लगा दें। लटकन नीचे लटकी हुई नजर आएगी, जिससे थाली का अट्रैक्शन और भी अधिक बढ़ जाएगा।

**उसमें सामान ऐसे रखें:** राखी की थाली में सबसे ज्यादा जरूरी राखी, रोली, चंदन, अक्षत और आरती का दीप होते हैं। उन्हें रखने के लिए आप छोटे-छोटे बाउल को थाली में रखें। इन बाउल को भी आप मोती या फिर स्टोन से सजा सकती हैं। एक साइड में राखी के साथ ही भाई को देने के लिए छोटा सा गिफ्ट भी रख सकती हैं। यह ध्यान रखें कि थाली न तो ज्यादा बड़ी हो और न ही ज्यादा छोटी हो। मीडियम साइज की थाली सबसे अच्छी होती है। इसे आपको हाथ में लेने में भी आसानी होगी। a



भारत ने इंग्लैंड को छह रन से हराकर श्रृंखला 2-2 से बराबर

# सिराज का करिश्माई प्रदर्शन, इंग्लैंड से छीनी जीत

## 23 विकेट लेकर सिराज बने सीरीज के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज



### यकीन था कि किसी भी स्थिति से मैच जिता सकता हूं

इंग्लैंड के खिलाफ निर्णायक पांचवें टेस्ट में भारत की जीत के शिल्पकार रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि उन्हें हमेशा से यकीन था कि वह किसी भी स्थिति से टीम को जीत दिला सकते हैं और उन्होंने यही किया। इंग्लैंड को आखिरी दिन मैच और श्रृंखला जीतने के लिये 35 रन और भारत को चार विकेट की जरूरत थी।

एजेंसी ▶▶ लंदन

भारत ने उतार-चढ़ाव से भरे बेहद रोमांचक पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के पांचवें दिन सोमवार को मोहम्मद सिराज के करिश्माई प्रदर्शन से इंग्लैंड को छह रन से हराकर श्रृंखला 2-2 से बराबर कर दी, जिसे क्रिकेट की दो दिग्गज टीमों के बीच बेहद कड़े मुकाबले के रूप में हमेशा याद किया जाएगा।

सिराज ने तूफानी गेंदबाजी का नजारा पेश करते हुए 104 रन देकर पांच विकेट चटकाए और टीम की जीत के नायक साबित हुए। उन्होंने श्रृंखला में कुल 23 विकेट चटकाए और दोनों टीमों में सबसे सफल गेंदबाज रहे। भारत के 374 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने चौथे दिन जब छह विकेट पर 339 रन बनाए थे जब खराब रोशनी और बारिश के कारण खेलना रोकना पड़ा था। इंग्लैंड को अंतिम दिन जीत के लिए 35 रन जबकि भारत को चार विकेट की दरकार थी।



### दर्ज की रोमांचक जीत

सिराज की अगुआई में भारत ने हालांकि इंग्लैंड को 85.1 ओवर में 367 रन पर समेट दिया और रोमांचक जीत दर्ज की। प्रसिद्ध कृष्णा ने भी 126 रन देकर चार विकेट चटकाए। कंधे में चोट बावजूद क्रिस वोक्स एक हाथ में बल्ले थामे अंतिम बल्लेबाज के रूप में क्रीज पर उतरे और काफी दर्द के बावजूद मैदान पर डटे रहे लेकिन अंततः सिराज ने गस एटकिंसन (17) को बोल्ड करके भारत को जीत दिला दी। इंग्लैंड ने लीड्स में पहला मैच पांच विकेट से जीत दर्ज की थी जबकि भारत ने बर्मिंघम में जोरदार वापसी करते हुए दूसरा टेस्ट 336 रन से जीता था। लाड्र्स में तीसरे टेस्ट में मेजबान टीम ने 22 रन की रोमांचक जीत दर्ज की जबकि मैनचेस्टर में चौथा टेस्ट ड्रॉ रहा। इसके बाद भारत ने जो रूट और हैरी ब्रूक की शतकीय पारियों के बावजूद चौथी शाम चार विकेट चटकाकर जोरदार वापसी की और फिर श्रृंखला के अंतिम दिन जीत दर्ज की।

### सिराज का शानदार प्रदर्शन

सिराज इस सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। उन्होंने 5 मैचों में 23 विकेट लिए। उन्होंने 2 पारियों में 5 विकेट हॉल हासिल किया। उनके बाद जोश टंग ने 3 टेस्ट में 29.05 की औसत के साथ 19 सफलताएं हासिल की। इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स ने 4 टेस्ट में 25.23 की औसत के साथ 17 सफलताएं हासिल की। दिलचस्प रूप से इस सीरीज में सिराज ने गेंदबाजी करते हुए 1,000 से अधिक गेंदें की।

## हर कप्तान का सपना है सिराज जैसा गेंदबाज : गिल

लंदन। भारतीय कप्तान शुभमन गिल का मानना है कि मोहम्मद सिराज जैसी क्षमता और कौशल वाला गेंदबाज हर कप्तान का सपना होता है। गिल ने साथ ही 2-2 की बराबरी को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में दिखाए गए क्रिकेट के स्तर का 'उचित प्रतिबिंब' करार दिया। श्रृंखला में 754 रन और चार शतक के साथ भारत के श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे गिल ने सिराज की जमकर तारीफ की जिनके द ओवल में मैच में नौ विकेट की बदौलत भारत ने जीत दर्ज की और श्रृंखला बराबर की। गिल ने कहा, 'सिराज किसी भी कप्तान का सपना है। उन्होंने हर गेंद और हर स्पैल में अपना सब कुछ झोंक दिया। 2-2 की बराबरी एक उचित प्रतिबिंब है। यह दर्शाता है कि दोनों टीम कितने जोश से भरी थीं और उन्होंने कितना अच्छा खेला।' कप्तान ने तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की भी तारीफ की, जिन्होंने मैच में आठ विकेट लिए। वह हालांकि थोड़े महंगे साबित हुए।



### यह जीत अतुलनीय

इंग्लैंड के खिलाफ रोमांच की पराकाष्ठा पर पहुंचे पांचवें टेस्ट मैच में भारत की यादगार जीत के बाद टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में शामिल लोकेश राहुल ने इसे अपने अब तक के करियर की सबसे यादगार श्रृंखला करार दिया। राहुल ने कहा, 'यह जीत मेरे लिए सब कुछ है। मैं पिछले कई साल से क्रिकेट खेल रहा हूं।

### टॉप स्कोरर

| खिलाड़ी | देश | रन |
|---|---|---|
| शुभमन गिल | भारत | 754 |
| जो रुट | इंग्लैंड | 537 |
| लोकेश राहुल | भारत | 532 |

### टॉप गेंदबाज

| खिलाड़ी | देश | विकेट |
|---|---|---|
| मो. सिराज | भारत | 23 |
| जोश टंग | इंग्लैंड | 19 |
| बेन स्टोक्स | इंग्लैंड | 17 |

## खबर संक्षेप




### डूरंड कप : रीयल कश्मीर ने टीआरएयू को हराया

**इम्फाल।** मिडफील्डर रोहन सिंह के लंबी दूरी से दागे गोल की मदद से रीयल कश्मीर एफसी ने डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप एफ मैच में टीआरएयू एफसी को 2-1 से हरा दिया। रीयल कश्मीर ने 24वें मिनट में मरात तारेक के गोल की बदौलत बढ़त बनाई लेकिन अफरीदी बुयामायुम ने 26वें मिनट में गोल दागकर टीआरएयू को बराबरी दिला दी। रोहन ने इसके बाद 64वें मिनट में बॉक्स के बाहर से गोल दागकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित करते हुए उसे तीन अंक दिला दिए। रीयल कश्मीर अगले मैच में 10 अगस्त को नेरोका एफसी से भिड़ेगा जबकि टीआरएयू एफसी की भिड़ंत 12 अगस्त को भारतीय नौसेना से होगी।

### दीक्षा संयुक्त 46वें स्थान पर, यामाशिता को खिताब

**पोर्थकॉल (वेल्स)।** भारत की दीक्षा डागर मौसम से प्रभावित अंतिम दौर में पांच ओवर 77 के खराब प्रदर्शन के साथ एआईजी महिला ओपन में संयुक्त 46वें स्थान पर रहीं। दीक्षा ने अंतिम दौर में तीन बर्डी की लेकिन वह आठ बोगी कर गईं, जिससे उनका कुल स्कोर छह ओवर रहा। जापान के मियु यामाशिता ने खिताब जीता, जिसके लिए उन्हें 14 लाख 62 हजार 500 डॉलर की राशि मिली।



### अक्टूबर में होगा तीरंदाजी लीग का पहला सत्र

**नई दिल्ली।** भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने पहली तीरंदाजी लीग की घोषणा की, जिसमें दुनिया भर के महिला और पुरुष रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाज फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट में भाग लेंगे। लीग का पहला सत्र दिल्ली के यमुना खेल परिसर में अक्टूबर में आयोजित हो सकता है, जो 11 दिन तक चलेगा। इसे विश्व तीरंदाजी, विश्व तीरंदाजी एशिया और खेल मंत्रालय से मंजूरी मिल चुकी है। भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कहा, 'हमें यकीन है कि तीरंदाजी लीग से हम युवा तीरंदाजों को और मौके देकर उनके सपने पूरे कर सकेंगे। हम सभी को मिलकर इस लीग के जरिए देश में खेल को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है।' विश्व तीरंदाजी के महासचिव टॉम डीलेन ने कहा, 'इस पहल से भारतीय और विदेशी तीरंदाजों में प्रतिस्पर्धी भावना विकसित होगी और उनके प्रदर्शन में और निखार आएगा।



## नेशनल बैंक ओपन : क्लारा ने विंबलडन चैंपियन इगा को हराया, क्वार्टर फाइनल में मारी एंट्री

### स्वियातेक के साथ हुआ उलटफेर, टॉसन से 7-6, 6-3 से हारी

एजेंसी ▶▶ मांट्रियल

कनाडा के टोरंटो में इन दिनों नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मुकाबले खेले जा रहे हैं। टूर्नामेंट के चौथे राउंड में डेनमार्क की क्लारा टॉसन ने दूसरी वरीयता प्राप्त विम्बलडन चैंपियन पोलैंड की इगा स्वियातेक को 7-6, 6-3 से हराकर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में एंट्री मारी। इसके साथ ही टॉसन ने स्वियातेक के हाथों विंबलडन में मिली हार का बदला भी ले लिया। अब उनका सामना अमेरिका की मेडिसन कीस से होगा। मेडिसन ने चेक रिपब्लिक की 11वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा को 4-6, 6-3, 7-5 से हराया था।



### रुबलेव विनर घोषित

इससे पहले छठी वरीयता प्राप्त रूस के आंद्रे रुबलेव अपने मुकाबले में स्पेन के अलेजांद्रो फोकिना से 6-7,7-6, 3-0 से आगे थे। थकान के कारण फोकिना ने बीच मुकाबले में कोर्ट छोड़ दिया और रुबलेव को इस मैच का विनर घोषित कर दिया गया। रुबलेव का सामना अब अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और चेक गणराज्य के जिरि लेहेका के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### शेल्टन ने दर्ज की 100वीं जीत

बेन शेल्टन ने राउंड ऑफ 16 में फ्लावियो कोबोली को 6-4, 4-6, 7-6(1) से हराकर अपने टूर-स्तरीय करियर की 100वीं जीत दर्ज की। इसी के साथ उन्होंने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब अगले दौर में शेल्टन का सामना ऑस्ट्रेलिया के नौवें वरीय एलेक्स डी. मिनौर से होगा, जिन्होंने अमेरिका के सातवें वरीय फ्रांसेस टियाफो को 6-2, 4-6, 6-4 से हराया। अपने टूर-स्तर के करियर में अब 100-69 का रिकॉर्ड रखते हुए, शेल्टन 21वीं सदी में जन्मे आठवें और 100 जीत का आंकड़ा छूने वाले नौवें सक्रिय अमेरिकी खिलाड़ी हैं। शेल्टन लगातार तीसरे टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले वह विंबलडन में क्वार्टर फाइनल और पिछले हफ्ते वॉशिंगटन डीसी में सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। एटीपी स्टैट्स के मुताबिक, इस साल हार्ड कोर्ट पर उनका रिकॉर्ड 16-7 का है, जिसमें 'ऑस्ट्रेलियन ओपन' के सेमीफाइनल तक का सफर भी है।

## मेस्सी को दाहिने पैर में चोट, इंटर मियामी ने पुष्टि की, वापसी को लेकर नही बताई समय-सीमा

एजेंसी ▶▶ फोर्ट लॉडरडेल

इंटर मियामी सीएफ ने क्लब के कप्तान लियोनेल मेस्सी को लेकर अपडेट जारी किया, जिसमें बताया गया कि उन्हें मांसपेशियों में मामूली चोट लगी है। हालांकि, मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) क्लब ने 38 वर्षीय मेस्सी की वापसी को लेकर कोई समयसीमा नहीं बताई है। 'लीग्स कप' के फेज वन में नेकाक्सा के खिलाफ चेज स्टेडियम में हुए मुकाबले के शुरुआती मिनटों में चोट लगने के कारण मेस्सी को मैच से बाहर होना पड़ा। इंटर मियामी यह मुकाबला पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से जीतने में सफल रहा।



### असंतुलित होकर गिर पड़े थे मैस्सी

इंटर मियामी की ओर से जारी बयान में कहा गया, मेस्सी ने नेकाक्सा के खिलाफ लीग्स कप मुकाबले के दौरान मांसपेशियों में हुई तकलीफ की गंभीरता का आकलन करने के लिए मेडिकल टेस्ट करवाया, जिसकी वजह से उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। उनके दाहिने पैर में मांसपेशी चोट की पुष्टि हुई है। मेस्सी की वापसी मेडिकल टीम की मंजूरी और इलाज के प्रति उनके रेस्पॉन्स और क्लीनिकल प्रोग्रेस पर निर्भर करेगी। अर्जेंटीना के दिग्गज लियोनेल मेस्सी गेंद को ड्रिबल करते हुए जब डिफेंस लाइन के बीच पहुंचे, तो कई डिफेंडर्स ने उन्हें घेर लिया, जिससे वह असंतुलित होकर जमीन पर गिर पड़े। गिरने के बाद उन्होंने हताशा में घास पर हाथ मारा। कुछ ही पलों बाद वह हेरॉन्स की बेंच के सामने बैठ गए, जहां इंटर मियामी की मेडिकल टीम ने उनका ट्रीटमेंट किया। इसके बाद मेस्सी खुद पैदल चलते हुए मैदान से बाहर गए और आगे की जांच के लिए टनल की ओर रवाना हो गए। कोच जेवियर माशेरानो ने 11वें मिनट में फेडेरिको रेडोंडो को मैदान पर उतारा।

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप

## भारत ने लगाई छलांग निकला इंग्लैंड से आगे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम ने शुभमन गिल की कप्तानी में इंग्लैंड को आखिरी टेस्ट में हराकर सीरीज को बराबरी पर छुड़ाने में कामयाबी हासिल कर ली है। आखिरी मैच में टीम इंडिया ने लाजवाब प्रदर्शन किया और आखिरकर मैच अपने नाम करने में सफलता हासिल की।

इस जीत के साथ ही वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वाइंट्स टेबल में भी टीम इंडिया ने लंबी छलांग मारी है, वहीं इंग्लैंड की टीम को जबरदस्त नुकसान उठाना पड़ा है। अंक तालिका में भारत तीसरे नंबर पहुंचा है।

### भारत का पीसीटी बढ़कर सीधा 46.67 पाइंट

अब इंग्लैंड को हराकर भारतीय टीम ने तीसरे नंबर की कुर्सी पर कब्जा जमा लिया है। भारतीय टीम ने अब तक 5 मैच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में खेले हैं, इसमें से दो मैच भारत ने जीते हैं और दो में उसे हार का सामना करना पड़ा है। एक मैच बराबरी पर समाप्त हुआ है। भारत का पीसीटी अब बढ़कर सीधा 46.67 का हो गया है। वहीं इंग्लैंड की टीम अब नंबर चार पर खिसक गई है। इंग्लैंड ने भी पांच मुकाबले खेले हैं। इसमें से दो में उसे जीत मिली है और दो में टीम हारी है। एक मैच ड्रॉ रहा है। टीम का पीसीटी इस वक्त 43.33 का है।

### अंक तालिका में पहले नंबर पर ऑस्ट्रेलिया


*भारत बनाम इंग्लैंड सीरीज के खत्म होने के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका की बात की जाए तो पहले नंबर पर ऑस्ट्रेलिया की टीम है। उसने अब तक तीन मैच खेलकर तीनों जीते हैं। उसका पीसीटी 100 का है। इसके बाद दूसरे नंबर पर श्रीलंका की टीम है। श्रीलंका ने अब तक दो मैच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेले हैं और एक में जीत मिली है, वहीं एक मैच ड्रॉ रहा है। कोई भी मैच टीम हारी नहीं है। इसलिए उसका पीसीटी 66.67 का है। बांग्लादेश की टीम इस वक्त अंक तालिका में नंबर 5 पर है। उसका उसने दो मैच खेले हैं। इसमें से एक मैच वे हारे हैं और एक मैच ड्रॉ रहा है। आखिरी यानी छठी पायदान पर वेस्टइंडीज की टीम है। टीम ने अब तक तीन मुकाबले खेले हैं, इसमें से उसे कोई भी जीत नहीं मिली है, टीम सारे के सारे मैच हारी है। इसलिए उसका पीसीटी शून्य का है।*

## कुश्ती विश्व चैंपियनशिप : अमन पदार्पण के लिए तैयार, सुजीत ने बनाई टीम में जगह

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत (57 किग्रा) को विश्व चैंपियनशिप के चयन ट्रायल में कोई खास चुनौती नहीं मिली तो वहीं सुजीत कलकल ने शानदार कौशल दिखाते हुए पुरुषों के 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह पक्की कर ली।

क्रोएशिया के जगरेब में अगले महीने होने वाली विश्व चैंपियनशिप 2024 में पेरिस ओलंपिक में कांस्य जीतने के बाद सहरावत का विश्व स्तर का दूसरा टूर्नामेंट होगा। इस 22 साल के पहलवान ने जून में प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी करते हुए मंगोलिया रैंकिंग सीरीज में कांस्य पदक जीता था। वह हालांकि यहां ट्रायल में मंगोलिया की तुलना में कहीं बेहतर नजर आए। उन्होंने अपने पहले मुकाबले में सुमित के खिलाफ मात्र एक अंक गंवाने के बाद शुरुआती पीरियड में ही तकनीकी श्रेष्ठता से जीत दर्ज की। उन्होंने फाइनल में राहुल को एकतरफा अंदाज में बिना कोई अंक गवायें तकनीकी श्रेष्ठता से मात दी। सुजीत ने अनुज (10-0) और विशाल कालीरमन (8-4) के खिलाफ अपने मजबूत रक्षात्मक खेल से प्रभावित किया। वह मुश्किल स्थिति से जवाबी हमला करके अंक बटोरने में सफल रहे। बजरंग पुनिया के हटने के बाद 65 किग्रा में भारतीय पहलवानों का प्रदर्शन लचर रहा है लेकिन सुजीत ने इस प्रदर्शन से उम्मीदें जगा दी है।



## वेस्टइंडीज को हराकर पाक ने 2-1 से जीती टी-20 सीरीज

एजेंसी ▶▶ लॉडरहिल (अमेरिका)

सईम अयूब के अर्धशतक और साहिबजादा फरहान के साथ 138 रन की पहले विकेट की साझेदारी की मदद से पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 मैच में 13 रन से हराकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। पाकिस्तान ने चार विकेट पर 189 रन बनाए और उसके बाद वेस्टइंडीज को छह विकेट पर 176 रन पर रोक दिया। पाकिस्तान का पहला विकेट 17वें ओवर में गिरा जब फरहान 53 गेंद में 74 रन बनाकर आउट हो गए।

शामार जोसेफ की फुलटॉस गेंद पर लांग आफ में उन्होंने शाइ होप को कैच थमा दिया। अयूब 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर डटे रहे और 49 गेंद में 66 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज ने पहले दो ओवर में बिना किसी नुकसान के 33 रन बना लिए थे। हसन अली ने पहले ओवर में 16 और मोहम्मद नवाज ने दूसरे ओवर में 17 रन दिए। इसके बाद हारिस रऊफ ने तीसरे ओवर में सिर्फ पांच रन दिए। उन्होंने पांचवें ओवर में ज्वेल एंड्रयू (24) को हसन अली के हाथों लपकवाया। एलिक अथानाजे ने 40 गेंद में 60 रन बनाए और होप (सात) के साथ 30 रन की साझेदारी की।



भारतीय टीम 15 से 21 अगस्त तक पर्थ में भिड़ेगी आस्ट्रेलिया के खिलाफ

## आस्ट्रेलिया से 4 मैच खेलेगा भारत, हॉकी टीम का ऐलान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस महीने के आखिर में होने वाले एशिया कप की तैयारी के मद्देनजर 15 अगस्त से शुरू हो रहे आस्ट्रेलिया दौरे के लिए हॉकी इंडिया ने हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम का ऐलान किया है, जिसमें कर्नाटक के पूवन्ना सीबी नया चेहरा होंगे। अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप के लिए एशिया कप क्वालीफायर टूर्नामेंट है, जो 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में खेला जाएगा। इसकी तैयारी के लिए भारतीय टीम 15 से 21 अगस्त तक पर्थ में आस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैच खेलेगी।



### टीम की कमान हरमनप्रीत के पास

टीम की कमान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत के ही पास है जबकि गोलकीपिंग का जिम्मा कृशन पाठक और सूरज करकेरा संभालेंगे। डिफेंस में सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप सेस, जुगराज सिंह और नए खिलाड़ी कर्नाटक के पूवन्ना होंगे। मिडफील्डर में युवा राजिंदर सिंह को शामिल किया गया है, जिनकी अक्सर तुलना पूर्व कप्तान सरदार सिंह से होती है। उनके अलावा राजकुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम, विष्णु कांत सिंह भी मिडफील्ड में होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, सेल्वम कार्ति और आदित्य लालागे रहेंगे।

### तकनीकी पहलुओं पर फोकस

एशिया कप से पहले इस दौरे की अहमियत के बारे में मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा ,'हमारा फोकस शारीरिक अनुकूलन बेहतर करने और तकनीकी पहलुओं पर रहेगा।' टीम में युवा खिलाड़ियों को चुने जाने के बारे में उन्होंने कहा,' हमने कुछ युवाओं को दबाव में खेलने की उनकी क्षमता परखने और जरूरी एक्सपोजर देने के लिए चुना है।' भारतीय टीम 8 अगस्त को बेंगलुरु से आस्ट्रेलिया रवाना होगी, जहां भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर शिविर चल रहा है।

**टीम- गोलकीपर** : कृशन पाठक और सूरज करकेरा **डिफेंडर** : हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), सुमित , जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप सेस, जुगराज सिंह , पूवन्ना सीबी **मिडफील्डर** : राजिंदर सिंह, राजकुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम, विष्णु कांत सिंह




राज्य सरकार को हाईकोर्ट का निर्देश

तालाब का अस्तित्व खतरें में होने का दावा करते हुए दायर की गई है याचिका, याचिकाकर्ता की ओर से पेश किए गए अतिक्रमण के फोटोग्राफ्स

# बुढ़ागर तालाब में अतिक्रमण पर दो सप्ताह में पेश करो स्टेट्स रिपोर्ट



हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर जिले के गांधीग्राम बुढ़ागर में स्थित सबसे बड़े तालाब का अस्तित्व खतरें में होने का दावा करते हुए हाईकोर्ट में दायर याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। आरोप है कि माइनिंग और और अतिक्रमण के कारण तालाब अपना अस्तित्व खो चुका है। एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ के समक्ष सोमवार को याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने तालाब की जमीन पर अतिक्रमण को दर्शाने वाले फोटोग्राफ्स पेश किए। इन्हें रिकॉर्ड पर लेकर कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को दो सप्ताह में स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। अगली सुनवाई 20 अगस्त को होगी।

यह जनहित याचिका गांधीग्राम बुढ़ागर निवासी रज्जन बर्मन की ओर से दायर की गई है। उनकी ओर से अधिवक्ता राजमणि मिश्रा ने कोर्ट को बताया कि गांधीग्राम बुढ़ागर में जिले का सबसे बड़ा तालाब है, जिसका क्षेत्रफल करीब पांच सौ एकड़ का है। उक्त तालाब के चारों ओर अतिक्रमणकारियों ने मलबा डालकर उस पर ठेले-टपरे जमा लिये है, इतना ही नहीं तालाब को भरने वाले कैचमेंट एरिया पर लगातार हो रहीं माइनिंग से तालाब पूरी तरह से अपना अस्तित्व खोता जा रहा है। तालाब में पानी न आने से उस पर अतिक्रमणकारी कब्जा करते जा रहे है। मामले में राहत चाही गई कि माइनिंग पर रोक लगाते हुए अतिक्रमणकारियों को तत्काल हटाने के निर्देश दिये जाये। याचिका में प्रमुख सचिव राजस्व विभाग, जबलपुर कलेक्टर, एसडीओं व तहसीलदार सिहोरा को पक्षकार बनाया गया है।

हाईकोर्ट का अहम फैसला

## कर्तव्य निर्वहन कर रहे अधिकारी के खिलाफ मुकदमा चलाने के पहले अभियोजन स्वीकृति आवश्यक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एकअहम फैसले में कहा कि यदि कोई शासकीय अधिकारी डिस्चार्ज ऑफ ड्यूटी पर कार्य कर रहा है, तो उसके खिलाफ ट्रायल चलाने के पहले अभियोजन स्वीकृति आवश्यक है। इस मत के साथ जस्टिस देवनारायण मिश्रा की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता के खिलाफ लंबित अभियोजन और मामला निरस्त कर दिया। रायपुर निवासी राजकिशोर झा की ओर से अधिवक्ता देवेन्द्र कुमार शर्मा, अभिषेक तिवारी, कु. सरिता कोष्टी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में संयुक्त आयुक्त के पद पर पदस्थ थे। उन पर आरोप था कि उन्होंने वर्ष 1998 में जनपद पचांयत बहोरीबंद में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति की थी। कई साल बाद 2011 में जनसुनवाई में शिकायत की मामला जांच में लिया गया। कोई भी मूल दस्तावेज पेश नही किए गए और फोटो कॉपी के आधार पर पुलिस थाना बहोरीबंद में एफआईआर दर्ज की गई। मजिस्ट्रेट द्वारा शासन की अभियोजन अनुमति लिए बिना संज्ञान लिया गया।

अब कॉलेज सीएलसी राउंड में लगा रहे जोर

# 124 इंजीनियरिंग कॉलेज में खाली रह गईं 40 हजार सीटें

हरिभूमि जबलपुर।

तकनीकी शिक्षा विभाग (डीटीई) द्वारा प्रदेश के 124 इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश देने के लिए कराई गई



काउंसलिंग खत्म हो चुकी है। दूसरे राउंड तक की काउंसलिंग में 33,046 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। इंजीनियरिंग कॉलेजों की 40 हजार 516 सीटें खाली रह गई हैं। अब कॉलेजों को सीएलसी राउंड में एडमिशन बढने की उम्मीद है। कॉलेजों में शनिवार से सीएलसी राउंड की शुरुआत की गई है। अब खाली सीटों को भरने के लिए कॉलेज पूरी ताकत लगा रहे हैं।

कॉलेज लेक्ल काउंसलिंग (सीएलसी) शनिवार से शुरू हो गई। नो जो छात्र पहले दो राउंड में एडमिशन से वंचित रह गए हैं, उनके लिए अब मौका है। सीएलसी के तहत रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 5 अगस्त तक चलेगी। छात्र सीधे अपने पसंदीदा कॉलेज पहुंचकर सीट कंफर्म कर सकते हैं। यदि इसके बाद भी सीटें खाली रहती हैं तो 7 अगस्त से अगला रजिस्ट्रेशन चरण शुरू होगा। पूरी प्रक्रिया 14 अगस्त तक चलेगी।

### पहले और दूसरे राउंड की स्थिति

विभाग ने पहले राउंड में 23,765 विद्यार्थियों का अलॉटमेंट जारी किए थे। इसमें से करीब 15 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया था। दूसरे राउंड की काउंसलिंग में 22,431 विद्यार्थियों को कॉलेज आवंटित किए गए हैं। इसमें 13,076 विद्यार्थी 12वीं के आधार पर शेष 9355 विद्यार्थियों को जेईई मेंस के आधार पर कॉलेज दिए गए हैं। इसमें से 17,800 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिए हैं। दूसरे राउंड में प्रवेश लेने करीब 24,400 विद्यार्थियों ने चॉइस फिलिंग की थी। इसमें 10,931 विद्यार्थी जेईई मेंस और 12वीं के आधार पर चॉइस देने वाले 13,464 विद्यार्थी शामिल थे। अभी प्रदेश में 40 हजार से ज्यादा सीटें खाली बनी हुई हैं। यह सीटें अब कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) से भरने की उम्मीद है।

# सुप्रीम कोर्ट में ओबीसी आरक्षण से जुड़े लंबित मामलों में सुनवाई टली

अब 12 अगस्त को होगी

हरिभूमि जबलपुर।

सुप्रीम कोर्ट में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण से जुड़े लंबित मामलों में सुनवाई टल गई। मप्र सरकार की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह व केएम



नटराजन ने कोर्ट से निवेदन किया कि इस मामले में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता जिरह करेंगे, इसलिए मोहलत दे दी जाए। इसके लिए सरकार ने एक आवेदन पेश किया था। शीर्ष अदालत ने अगली सुनवाई 12 अगस्त को निर्धारित की। सोमवार को मप्र हाईकोर्ट से स्थानांतरित हुए मामलों के साथ सरकार के 87:13 प्रतिशत के फॉर्मूले को चुनौती देने याचिकाओं पर सुनवाई होनी थी। होल्ड अभ्यर्थियों की ओर से दायर हस्तक्षेप याचिका और स्टे वेकेटिंग आवेदन पर याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, विनायक प्रसाद शाह व वरुण ठाकुर ने पक्ष रखा।

# अमरकंटक की यूनिट नंबर 5 ने बनाया विद्युत उत्पादन का रिकार्ड

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धी दर्ज हुई जब मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी (एपीपीजीसीएल) के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई (एटीपीएस) की 210 मेगावाट क्षमता की



यूनिट नंबर 5 ने 1 अक्टूबर 2024 से लगातार संचालन करते हुए 305 दिनों के पिछले रिकार्ड को ध्वस्त कर दिया। यह रिकार्ड इससे पूर्व सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी (एसटीपीएस) की 250 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 10 के नाम पर दर्ज था। इस रिकार्ड के पूर्व अमरकंटक ताप विद्युत गृह की यूनिट नंबर 5 ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी 300 दिनों तक लगातार संचालन का कीर्तिमान स्थापित किया था, जो कि इसकी विश्वसनीयता और दक्षता को दर्शाता है। अमरकंटक ताप विद्युत गृह की यूनिट नंबर 5 वर्तमान में भी लगातार विद्युत उत्पादन करने में जुटी हुई है।

## बदमाशों ने चौकीदार से मारपीट कर डंडे से किया हमला

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत गोकलपुर दुर्गा मंदिर के पास शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर तीन बदमाशों ने एक चौकीदार के साथ गालीगलौज व मारपीट कर डंडे से हमला कर जान से मारने की धमकी दी। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोकलपुर रांझी निवासी 40 वर्षीय राकेश यादव गत रात लगभग 10 बजे सर्वे विभाग दीनदयाल में गार्ड की नौकरी करने के बाद घर वापस आ रहा था, रात लगभग 10.45 बजे गोकलपुर दुर्गा मंदिर के पास मोहल्लें के शंटू उर्फ सौरभ यादव, अजय उर्फ अज्जू यादव, आशु यादव उससे शराब पीने के लिए एक हजार रुपए की मांग करने लगे, रुपए देने से मना करने पर तीनों गालीगलौज करने लगे, संटू यादव ने डंडे से और अजय व आशू ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(1), 351(2), 3(5) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# गरीबरथ, शक्तिपुंज सहित कई ट्रेनों के समय सारिणी में आंशिक संशोधन




हरिभूमि जबलपुर।

पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ होने वाली एवं गुजरने वाली कुछ रेलगाड़ियों के संचालन में आंशिक संशोधन किया गया है। गाड़ी संख्या 51707 जबलपुर.गोंदिया पैसेंजर ट्रेन दिनाँक 5 अगस्त से अपने प्रारम्भिक स्टेशन जबलपुर से प्रस्थान समय 6 बजे की बजाय अब 5.45 बजे रवाना एवं मदनमहल 5.55 बजे, गाढ़ा गुड्स शेड 06.21 बजे पहुँचकर अन्य मार्ग से होते हुए गंतब्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 12188 सीएसएमटी-जबलपुर गरीबरथ एक्सप्रेस ट्रेन 5 अगस्त से अपने प्रारम्भिक स्टेशन सीएसएमटी से निर्धारित समय पर प्रस्थान कर अन्य मार्ग से होते हुए टर्मिनेटिंग स्टेशन जबलपुर में समय 05.15 बजे के बजाय अब 05.05 बजे पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 11447 जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन दिनाँक 4 अगस्त से अपने प्रारम्भिक स्टेशन जबलपुर से प्रस्थान समय रात 22.20 बजे की बजाय अब रात 22.25 बजे रवाना होकर अन्य मार्ग से अपने निर्धारित समयानुसार होते हुए गंतब्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 11274 प्रयागराज छिवकी.इटारसी एक्सप्रेस ट्रेन दिनाँक 4 अगस्त से अपने प्रारम्भिक स्टेशन प्रयागराज छिवकी से निर्धारित समय पर प्रस्थान कर अपने मार्ग से होते हुए जबलपुर स्टेशन पर समय प्रातः 05.25 बजे की बजाय अब प्रातः 05.20 बजे पहुँचकर आगे अपने मार्ग से अपने निर्धारित समयानुसार होते हुए गंतब्य को जाएगी।

मदनमहल, नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया डोंगरगढ़, राजनांदगाव एवं दुर्ग स्टेशनों पर ठहराव

# रायपुर, जबलपुर ट्रेन की नियमित सेवा आज से

**जबलपुर।** हाल ही में रेल मंत्रालय द्वारा शुरु गई नई ट्रेन गाड़ी संख्या 11702/11701 जबलपुर, रायपुर, जबलपुर एक्सप्रेस के मध्य प्रतिदिन एक नई ट्रेन सेवा की शुरुआत की गई है। इस नई ट्रेन का नियमित संचालन आज 05 अगस्त से जबलपुर स्टेशन से प्रारम्भ होगी। यह नई ट्रेन मार्ग के मदनमहल, नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया डोंगरगढ़, राजनांदगाव एवं दुर्ग स्टेशनों से होकर गंतब्य को जाएगी, है। गाड़ी संख्या 111701 रायपुर जबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन दिनांक 04 अगस्त से प्रतिदिन प्रारम्भिक स्टेशन रायपुर से दोपहर 14.45 बजे रवाना



होकर, दुर्ग 15.22 बजे, राजनांदगाव 15.48 बजे, डोंगरगढ़ 16.13 बजे, गोंदिया सायं 17.50 बजे, बालाघाट 18.50 बजे, नैनपुर रात 20.15 बजे, मदनमहल रात्रि 22.30 बजे पहुँचकर उसी दिन रात्रि 22.45 बजे जबलपुर पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 11702 जबलपुर.रायपुर एक्सप्रेस ट्रेन दिनांक 05 अगस्त से प्रतिदिन प्रारम्भिक स्टेशन जबलपुर से सुबह 6.00 बजे रवाना होकर, मदनमहल 06.10 बजे, नैनपुर 07.55 बजे, बालाघाट 09.22 बजे, गोंदिया 10.10 बजे, डोंगरगढ़ 11.33 बजे, राजनांदगाव 11.58 बजे, दुर्ग दोपहर 13.00 बजे पहुँचकर उसी दोपहर 13.50 बजे रायपुर पहुंचेगी।

### कोच संरचना

इस ट्रेन में 01 वातानुकूलित चेयरकार श्रेणी, 04 चेयरकार द्वितीय श्रेणी, 08 सामान्य श्रेणी एवं 1 एसएलआरडीए 1 जनरेटरकार के कोच सहित कुल 15 कोच होंगे।

मदनमहल और अधारताल थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातें

## व्यापारी के घर से 90 हजार और मजदूर के घर से 20 हजार रुपए चोरी

हरिभूमि जबलपुर।

मदनमहल और अधारताल थाना क्षेत्र में चोरी की दो वारदातें प्रकाश में आई। स्नेह नगर निवासी एक व्यापारी के घर पोर्च का दरवाजा खोलकर घुसे चोर 90 हजार रुपए नगदी चोरी कर ले गए वहीं अधारताल में एक मजदूर महिला के घर से सोने चांदी के जेवर



सहित नगदी 20 हजार रुपए अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।

मदनमहल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्नेहनगर मदनमहल निवासी 32 वर्षीय शक्कर तेल व्यापारी अंकुर कुकरेजा गत रात 2 से 2.30 बजे रात में खाना खाकर सो गया था, सुबह उठकर देखा तो पोर्च का दरवाजा खुला था शंका होने पर कमरे में जाकर देखा तो कमरे में रखे दो कपड़े के बैग नहीं थे जिसमे वसूली के नगदी 90 हजार रुपए एंव शक्कर तेल के बिल नहीं थे। सीसीटीव्ही फुटेज देखने पर एक अज्ञात व्यक्ति रात्रि में उसके घर में घुस कर दो बैग जिसमें नगदी एवं बिल रखे थे चोरी कर ले गये है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इसी तरह अधारताल में पुराना कंचनपुर निवासी 40 वर्षीय मजदूर श्रीमति राजकुमारी कुशवाहा गत 26 जुलाई की सुबह लगभग 10.30 बजे डलियानुमा पुराने थैले में रखे जेवर व पैसे देखकर अपने काम पर पीसीआई पोल कंपनी गई थी। गत शाम लगभग 5.30 बजे घर वापस आई और घर के बाहर टंगी चाबी से दरवाजा खोलकर अंदर गई और मजदूरी के मिले पैसे डलियानुमा थैले मे रखने गयी तो देखा कि थैले से जेवर सोने की अंगूठी, पेंडल, झुमकी, पंचाली, चांदी का कड्डोरा, पायल, बिछिया, चैन तथा 20 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240